RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530
Black Bichhoo
दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
समूह सम्पादक रविन्द सिंह पवैया
खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास
9644811407, 81020205990
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN
ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित
वर्ष 4 अंक : 183 | ग्वालियर शुक्रवार 14 फरवरी 2025 | पृष्ठ 8+4 मूल्य 2 रुपए

# व्यापारी कल्याण बोर्ड की बैठक चेयरमैन सुनील सिंघी की अध्यक्षता में दिल्ली में संपन्न

## कर्नाटक से व्यापारी बोर्ड के सदस्य प्रकाश पिरगल भी हुए शामिल, 2 मार्च को बेंगलूरू में होगा व्यापारी सम्मेलन

डॉ संजय जोशी, केसरिया हिंदुस्तान







**नई दिल्ली।** राजधानी के वाणिज्य भवन में व्यापारी कल्याण बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता बोर्ड के चेयरमैन सुनील सिंघी ने की। इस बैठक में 9 विभिन्न मंत्रालयों के जॉइंट सेक्रेटरी भी मौजूद थे। बैठक में बजट 2025 के तहत व्यापारियों को मिलने वाले लाभों पर विस्तृत चर्चा हुई। सुनील सिंघी ने बताया कि जल्द ही हर राज्य में व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन किया जाएगा, जिससे भारत के प्रत्येक जिले तक व्यापारियों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। इससे देश की आर्थिक प्रगति को और गति मिलेगी। बैठक में करीब 20 राज्यों के बोर्ड सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव रखे। प्रकाश पिरगल ने कर्नाटक के व्यापारियों के लिए अहम मांग उठाई। कर्नाटक से व्यापारी बोर्ड के सदस्य प्रकाश पिरगल ने कहा कि इस बजट के बाद कई वर्षों में पहली बार व्यापारियों के चेहरे पर रौनक आई है। उन्होंने बताया कि टैक्स से बचा हुआ पैसा व्यापारियों के परिवारों के खर्च में आएगा, जिससे व्यापार और अर्थव्यवस्था में सुधार होगा। जिससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी का सपना सब का साथ, सब का विकास सार्थक होगा। प्रकाश पिरगल ने कर्नाटक में व्यापारियों को राहत देने के लिए अनेक मांगें भी रखी, जिनमें ट्रेड लाइसेंस, लेबर लॉ और वेट एंड मेज़रमेंट कानूनों में सुधार, जीएसटी रिफंड की प्रक्रिया को तेज़ी से पूरा करने की व्यवस्था, व्यापारियों के लिए सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का शीघ्र क्रियान्वयनआदि शामिल रहा।

**2 मार्च को बेंगलूरु में होगा व्यापारी सम्मेलन.. :-**

इस बैठक में यह भी घोषणा की गई कि 2 मार्च को बेंगलूरु में व्यापारी सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुनील सिंघी मुख्य अतिथि होंगे। इस सम्मेलन में व्यापारियों की समस्याओं और उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा होगी। पिरगल ने बताया कि दिल्ली में हुई यह बैठक व्यापारियों के लिए कई मायनों में महत्वपूर्ण रही, क्योंकि इसमें सरकार और व्यापारी समुदाय के बीच समन्वय बढ़ाने के लिए ठोस निर्णय लिए गए।

# नगर पालिका निगम छिंदवाड़ा में माननीय महापौर विक्रम अहाके जी की अध्यक्षता में स्वच्छता को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

मारूति लाल विश्वकर्मा



**छिंदवाड़ा।** स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों को सुदृढ़ करने हेतु आज नगर पालिका निगम छिंदवाड़ा में स्कूलों के प्रबंधकों और स्वच्छता दूतों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता माननीय महापौर विक्रम अहाके जी ने की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य स्कूल परिसरों में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाना था।

**बैठक में निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष रूप से चर्चा की गई :-**

- स्कूलों के शौचालयों की नियमित सफाई और रखरखाव सुनिश्चित करना।
- स्कूल परिसरों में गीले एवं सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन की अनिवार्य व्यवस्था।
- शौचालयों में जल आपूर्ति एवं साबुन की उपलब्धता सुनिश्चित करना।
- स्कूलों के स्वच्छता दूतों की भूमिका को प्रभावी बनाना और जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित करना।
- स्कूल परिसरों की नियमित सफाई और कचरा निस्तारण की उचित व्यवस्था करना।
- सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध और छात्रों को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना।

इस अवसर पर माननीय महापौर विक्रम अहके जी ने कहा कि स्वच्छता सिर्फ एक आदत नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी भी है। यदि हम बच्चों को स्वच्छता का महत्व समझाएंगे, तो वे इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लेंगे और स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने में योगदान देंगे। नगर निगम हर स्कूल को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में पूरा सहयोग करेगा। बैठक में नगर निगम के अधिकारीगण, स्कूल प्रबंधक, शिक्षक और स्वच्छता दूत उपस्थित रहे। सभी ने संकल्प लिया कि वे अपने-अपने विद्यालयों में स्वच्छता के उच्च मानकों को बनाए रखने और सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

# मध्य प्रदेश भारत का पहला ऐसा राज्य जहां बच्चों के अपहरण के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं कहा गांधीवादी संगम के विष्णु कांत शर्मा ने




ग्वालियर मध्य प्रदेश बच्चों के अपहरण के मामले में बिहार को भी पीछे छोड़ रहा है आज मध्य प्रदेश से बच्चों के अपहरण महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ रही है यदि पिछले 5 साल का रिकार्ड देखा जाए तो मध्य प्रदेश से अब तक 71448 बच्चे या तो चोरी हुए हैं यह उनका अपहरण किया गया है उक्त जानकारी बच्चे बचाओ आंदोलन के गांधीवादी संगम के विष्णु कांत शर्मा ने आज पत्रकार वार्ता में उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 5 वर्षों में मध्य प्रदेश में बच्चों के अपहरण की घटनाएं मैं लगातार वृद्धि हो रही है जिस प्रकार आज ग्वालियर में एक 7 साल के मासूम को मुरार के सीपी कॉलोनी से अपहरण किया गया उससे ऐसा महसूस होता है की ग्वालियर में बदमाशों के हौसले बुलंद है पुलिस को खुलेआम चुनौती दे रहे हैं और पुलिस प्रशासन हाथ पैर हाथ रखे बैठा हुआ है यह जो आंकड़े जारी किए गए हैं वह रिकॉर्ड में दर्ज हैं इस प्रकार के अनेक मामले ऐसे भी हैं जिनमें कई बच्चों के रिकॉर्ड नहीं बनाए गए हैं उन्होंने कहा कि आज मध्य प्रदेश में ग्वालियर सहित बच्चों बेटियों और महिलाओं पर अन्याय चरम सीमा पर पहुंच चुका है इसी प्रकार पिछले 5 वर्षों में ग्वालियर के 1707 बच्चे चोरी हुए और 3560 महिलाएं गायब हुई हैं इसी प्रकार शहर में बच्चे जगह-जगह चौराहे पर भीख मांग रहे हैं ग्वालियर प्रशासन उन्होंने बोर्डिंग स्कूलों में भर्ती कराकर समुचित शिक्षा की व्यवस्था करें तभी तो शिक्षा के अधिकार का कानून का पालन होगा

## अधिवक्ता सुरेंद्र कौशिक को नोटेरी के लिए किया नियुक्त

केसरिया हिंदुस्तान

**बैतूल।** विधि एवं न्याय मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अधिवक्ता सुरेंद्र कौशिक निवासी खंजनपुर को नोटेरी अधिनियम के अधीन नोटेरी के रूप में नियुक्त किया गया है। जारी प्रमाण पत्र के अनुसार अधिवक्ता श्री कौशिक को नोटेरी के रूप में बैतूल में व्यवसाय करने के लिए पांच वर्ष की अवधि के लिए प्राधिकृत किया है। इस नियुक्ति के तहत अधिवक्ता श्री कौशिक बैतूल क्षेत्र में नोटेरी कार्यों की जिम्मेदारी निभाएंगे। इसमें दस्तावेजों का सत्यापन सहित कई सेवाएं शामिल हैं। अधिवक्ता श्री कौशिक बैतूल को अब विधिक दस्तावेजों का प्रमाणीकरण और सत्यापन करने की आधिकारिक मान्यता मिल गई है, जो क्षेत्र के निवासियों के लिए उनकी पहचान, संपत्ति संबंधी दस्तावेजों एवं अन्य कानूनी आवश्यकताओं के लिए उपयोगी होगी।

# गुप्ता परिवार में लोटी खुशियां मुरार से अपरहण किया गया बालक मुरैना में सकुशल मिला

## दिनदहाड़े बच्चे का अपहरण मां की आंखों में मिर्ची झोंक बच्चे को ले भागे थे बदमाश

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान, 9009601101



**ग्वालियर।** गुप्ता परिवार में लौटी खुशियां बदमाशों के द्वारा किया गए बालक के अपहरण के बाद मुरैना में सकुशल मिला यह है मामला मुरार स्थित सीपी कॉलोनी निवासी राहुल गुप्ता जोकि शक्कर व्यापारी है ?? सुबह उनकी पत्नी अपने 7 वर्षीय बेटा शिवाय गुप्ता को स्कूल छोड़ने के लिए जा रही थी तभी दो बाइक सवार बदमाशों के द्वारा मां की आंखों में मिर्ची झोंक कर बच्चे शिवाय को मोटरसाइकिल पर बैठाकर अपहरण कर कर ले गए थे यह घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई बच्चा लिटिल एंजेल्स स्कूल का छात्र है यह खबर जैसे ही शहर में सनसनी की तरह फैली पुलिस प्रशासन मुस्तादी के साथ बच्चे को ढूंढने का प्रयास कर रहा था राहुल गुप्ता के निवास पर पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने पहुंचकर कहा शिवाय गुप्ता को खोजने की पुरजोर कोशिश की जा रही है इसी बीच पुलिस प्रशासन के लिए अच्छी खबर आई की अपरहण किया हुआ बालक शिवाय गुप्ता मुरैना में इट भट्टों मिलना पाया गया है

**प्रभारी मंत्री ने जताया आभार :-**

वही इस मामले में ग्वालियर के प्रभारी मंत्री तुलसी सजावट के द्वारा भी बच्चे को सकुशल मिलने पर प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने पुलिस, प्रशासन, मीडिया एवं ग्वालियर के सेवाभावी नागरिकों के प्रति आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है पुलिस एवं सभी के साझा प्रयासों से यह सफलता मिली है।

# नगर निगम ने अतिक्रमणकारियों को जारी किया अंतिम नोटिस,, अतिक्रमणकारियों में मचा हड़कम

विकास ठाकुर




**बुरहानपुर।** समाजसेवी तोताराम खंडेराव की शिकायत पर जागा नगर निगम प्रशासन अतिक्रमणकारीयो को अंतिम नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने का दिया आश्वासन अतिक्रमणकारीयोमें मचा हड़कम ! आपको बता दे की समाजसेवी तोताराम खंडेराव ने शिकायत की थी लालबाग माल शासकीय पाण्डारोल नाला खसरा नम्बर 364/1 4.38 हेक्टेयर पर बड़ी संख्या में लोगो ने अतिक्रमण कर रखा है जिसे लेकर जिला प्रशासन को लगातार शिकायते की जा रही थी ऐसा की 6 माह पूर्व शहर के एक समाजसेवीओ द्वारा माननीय उच्च न्यायलय में पाण्डारोल नाले पर किये गए अवैध रूप से अतिक्रमण को लेकर एक याचिका लगाई गई थी जिसपर माननीय उच्च न्यायालय ने 24 अगस्त 2024 को पाण्डारोल नाले से अवैध अतिक्रमण हटाने के आदेश पारित किए थे जिसके बाद तत्कालीन कलेक्टर के निर्देश पर नगर निगम एंव तहसील कार्यालय से एक टीम गठित कर उक्त पाण्डारोल नाले पर किये गए अतिक्रमण का सीमांकन कर 41 लोगो को चिन्हित कर 3 दिवस में अवैध अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी किया गया था लेकिन नोटिस दिए जाने के दो माह बीत जाने के बाद भी पाण्डारोल नाले से अवैध अतिक्रमण हटाने की कोई प्रभावी कार्यवाही नगर निगम द्वारा नही की। तत्पश्चात समाजसेवी तोताराम खंडेराव द्वारा जनसुनवाई में कलेक्टर महोदय को शिकायत की गई इस पर नगर निगम प्रशासन द्वारा अतिक्रमण कारीयो को फिर सोमवार को एक अंतिम नोटिस जारी किया एवं नगर निगम कमिश्नर संदीप श्रीवास्तव द्वारा एक सप्ताह में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। नगर निगम की सख्त कार्रवाई को देखकर अतिक्रमण कार्यों में हड़कंप अतिक्रमण हटाने की सतत कार्रवाई शहर चल रही है।

# राजधानी भोपाल के कलारा गांव में संजीत पाल बंगाली नामक व्यक्ति बीस साल से नकली डॉक्टर बनकर स्वास्थ्य के नाम कर रहा मौत के खेल का गोरखधंधा

## ग्रामीण क्षेत्र के भोले भाले गरीबो के साथ कर रहा है जान जोखिम वाला इलाज कभी भी घट सकती है बड़ी दुर्घटना

केसरिया हिंदुस्तान राजू मेहरा.9425727854



**राजधानी।** भोपाल बैरसिया कलारा गांव में संजीत पाल बंगाली नामक व्यक्ति डॉक्टर एमबीबीएस की तरह बड़ा क्लीनिक खोलकर घातक बीमारियों का इलाज कर रहे हैं जैसे बवासीर टाइडफाइड पीलिया शुगर बिना जांच किए कई प्रकार की बड़ी बीमारियों का इलाज चल रहा है इजेक्शन से लेकर बोटल लगकर बीमारियों का कर रहा हैं इलाज बताया जा रहा है कि यह डॉक्टर बंगाली कोलकाता से हैं अगर कोई अप्रिय घटना घटती है तो इनको ढूंढना होगा मुश्किल बिना नेम बोड के पर्दे के पीछे चल रहा है मौत का खेल अपनी दुकानदारी का गोरखधंधा फल फूल रहा है भोपाल जिले के कलारा गांव में चल रहा है राशन की दुकान की तरह दुकान में कई प्रकार की दवाईयां इंजेक्शन रखें हुए हैं चंद रुपए के लालच में मरीजों के साथ चल रहा है जान जोखिम वाला इलाज कभी भी घट सकती है बड़ी दुर्घटना जब हमने क्लीनिक संचालक से बात की गई यहां पर क्या-क्या इलाज करते हैं उन्होंने कहा यहां पर सभी प्रकार का इलाज़ किया जाता है यह क्लीनिक संचालक एमबीबीएस की तरह कर रहे हैं मरीजों का इलाज आपको बता दे की यह झोलाछा डॉक्टर मरीज के साथ जान से खिलवाड़ कर रहाहैं ऐसे में कभी भी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं ग्रामीण क्षेत्रों में बैठे हैं ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की घोर लापरवाही देखने को मिल रही है इस नकली डॉक्टर का कहना है कि यहां पर मेरे बहुत सारे दलाल है मैं इनका पूरा ख्याल रखता हूं ओर स्वस्थ्य विभाग के कुछ कर्मचारियों को मेरा चंदा पहुंचता इसलिए तो मैं बीस वर्षों से जमा हुआ हूं

# समाज सेवा में मिसाल बने दीपक दुबे, परोपकार और निस्वार्थ सेवा से रोशन किया नाम

केसरिया हिंदुस्तान भोपाल राजू मेहरा.9425727854

**बैरसिया।** नगर बैरसिया और उसके आसपास के क्षेत्र में समाजसेवा की मिसाल पेश करने वाले दीपक दुबे न केवल एक वरिष्ठ समाजसेवी हैं, बल्कि सर्व ब्राह्मण परिषद के संरक्षक के रूप में भी अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। अपने कार्यों और सेवा भाव से उन्होंने समाज में एक अलग पहचान बनाई है।

**कोरोना काल में बनी समाज की ढाल :-**

जब महामारी के दौरान पूरा देश भयभीत था और लोग अपने घरों में बंद रहने को मजबूर थे, उस कठिन समय में दीपक दुबे ने अपनी जान की परवाह किए बिना गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे बढ़कर कार्य किया। उन्होंने भोजन, राशन और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई, जिससे सैकड़ों परिवारों को राहत मिली। उनकी इस निस्वार्थ सेवा को मध्य प्रदेश शासन द्वारा भी सम्मानित किया गया।

**अनाथ आश्रम और जरूरतमंदों के लिए निरंतर सेवा :-**

दीपक दुबे समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्यरत रहते हैं। अनाथालयों में सहयोग, जरूरतमंदों को कपड़े, भोजन और अन्य आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराना उनके नियमित कार्यों में शामिल है। ठंड के दिनों में वे फुटपाथ पर रहने वाले गरीबों को गर्म कपड़े और कंबल वितरित करने का कार्य भी करते हैं। इसके अलावा, वे कई एनजीओ के माध्यम से भी सामाजिक कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं।

**सामाजिक और धार्मिक संगठनों से गहरा जुड़ाव :-**



दीपक दुबे कई सामाजिक और धार्मिक संगठनों से जुड़े हुए हैं और हर आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। चाहे कोई धार्मिक उत्सव हो या सामाजिक पहल, वे हमेशा अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हैं और हर जरूरतमंद के साथ खड़े रहते हैं।

**व्यवसाय और समाज सेवा का अदभुत संतुलन :-**

अपने समाज सेवा कार्यों के साथ-साथ दीपक दुबे एक सफल व्यवसायी भी हैं। श्रद्धा इंडियन गैस एजेंसी के माध्यम से वे बैरसिया ग्रामीण और नगर क्षेत्र के लोगों को सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। अपने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद वे समाज सेवा के लिए समय निकालते हैं और समाज के हित में कार्य करने में कभी पीछे नहीं हटते।

**सम्मान और प्रेरणा :-**

दीपक दुबे को उनकी समाजसेवा और उत्कृष्ट कार्यों के लिए कई पुरस्कारों से नवाजा गया है। उनके सरल, सहज और परोपकारी स्वभाव से हर कोई प्रभावित होता है। उनकी कार्यशैली हर व्यक्ति को कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भाव की प्रेरणा देती है।

**समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत :-**

दीपक दुबे की निस्वार्थ सेवा और समाज उत्थान के प्रति उनका समर्पण हर व्यक्ति के लिए एक प्रेरणा है। उनका जीवन दर्शाता है कि अगर इच्छाशक्ति और सेवा का जज़्बा हो तो कोई भी व्यक्ति समाज में बदलाव ला सकता है। उनके प्रयासों से न केवल बैरसिया नगर, बल्कि पूरे समाज को एक नई दिशा और ऊर्जा मिली है उनका यह परोपकारी कार्य समाज के हर व्यक्ति को प्रेरित करता है कि वे भी समाज सेवा और जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आएं और मानवता के इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दें।

# न्यायाधीश राहुल सोलंकी ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता, समानता और न्याय जैसे अधिकारों परिचित कराया

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन

**अम्बाह ।** विधिक जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्रथम श्रेणी व्यवहार न्यायाधीश राहुल सोलंकी ब्राइट कैरियर स्कूल में विद्यार्थियों के बीच पहुंचे और उनके साथ निशुल्क विधिक सहायता एवं मानवीय संवैधानिक अधिकारों के विषय में चर्चा की। न्यायाधीश राहुल सोलंकी ने विद्यार्थियों से सोशल स्टडी समाज विज्ञान के अंतर्गत नागरिक शास्त्र का उल्लेख करते हुए कहा के भारतीय संविधान में प्रत्येक व्यक्ति को स्वतंत्रता समानता और न्याय जैसे मूलभूत अधिकारों के साथ शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने का अधिकार संस्कृति एवं शिक्षा




की स्वतंत्रता का अधिकार संपत्ति का अधिकार मूल रूप से प्राप्त हैं। यह संवैधानिक अधिकार हमें जाति पाति,लिंग आदि के भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता को पुष्ट करते हुए स्वतंत्रता पूर्वक जीने का हक प्रदान करते हैं। संवैधानिक अधिकारों के तहत ही आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को निशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाती है। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए अनेक प्रश्नों का उत्तर देते हुए न्यायाधीश राहुल सोलंकी ने कहा कि विद्यार्थियों को व्यवहारिक जीवन में जरूरत पड़ने वाले विधान कानून की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से ही विधिक साक्षरता और विधिक जागरूकता अभियान जैसे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने सामाजिक जागरूकता के कार्यों में सहयोग हेतु समाज से भी सुधीर आचार्य के प्रयासों की सराहना की और कहा कि ऐसे जागरूक समाजसेवी लोगों के माध्यम से भी न्याय व्यवस्था को मजबूती मिलती है। संचालन भूपेन्द्र सिंह तोमर ने किया और आभार राहुल गुप्ता ने किया।

## विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने अपहृत बच्चे की सकुशल वापसी के लिए दिए निर्देश

**ग्वालियर।** विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने गुरुवार की सुबह मुरार की सीपी कॉलोनी में बच्चे के अपहरण की सूचना मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को शीघ्र से शीघ्र बच्चे की सकुशल वापसी कराने के निर्देश दिए हैं। श्री तोमर ने बच्चे के परिजनों को भी भरोसा दिलाया है कि प्रदेश सरकार आपके साथ है। बच्चे की जल्द ही सकुशल वापसी कराने में हम सब सफल होंगे। ज्ञात हो गुरुवार को सुबह लगभग 8 बजे सीपी कॉलोनी मुरार में मोटरसाइकिल से आए दो बदमाशों द्वारा बच्चे की माँ की आख में मिर्ची झोंककर बच्चे का अपहरण कर लिया। बच्चे का नाम शिवाय गुप्ता व उसके पिता का नाम श्री राहुल गुप्ता है। अपहरण करने के बाद दोनों बदमाश पल्सर मोटरसाइकिल पर बच्चे को बिठाकर भागे हैं।

# अम्बाह सिविल हॉस्पीटल में रोटरी मेडिकल मिशन राहत-2 मेडिकल कैंप का शुभारंभ मुरैना श्योपुर सांसद माननीय शिवमंगल सिंह तोमर ने फीता काटकर किया गया

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन

**अम्बाह।** अम्बाह सिविल अस्पताल में रोटरी मेडिकल मिशन राहत 2 मेडिकल कैंप का शुभारंभ मुरैना श्योपुर सांसद माननीय शिवमंगल सिंह तोमर ने फीता काटकर किया गया। यह कैंप 14.2.2025 को भी सिविल अस्पताल में लगाया जाएगा जिसमें उपस्थित सभी डॉक्टर एवं नगर पालिका अध्यक्ष जिनेश जैन जी व भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अखलेश उर्फ कल्ला शर्मा व वरिष्ठ नेता बच्चू लाल गुप्ता जी व पूर्व मंडल अध्यक्ष कवीन्द सिंह तोमर जी व ग्रामीण मंडलअध्यक्ष सुरेंद्र तोमर व जिला उपाध्यक्ष खुशीलालश्रीवास जी व पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष साधु राठौर जी व विजय गुप्ता जी व



योगेंद्र सिंहचौहान व गिर्राज तिवारी व राजेश कपासिया व रघुराज गुर्जर व बाबू लाल कुशवाह व बन्टू तोमर जी व छोटी अग्रवाल व टिल्लू तोमर व भीम तोमर व सचिव गुप्ता व गोलू भदौरिया व रवि कुशवाह व प्रदीप शर्मा व प्रधुमन गुर्जर एवम बड़ी संख्या में मरीजों का चेकअप हुआ।

# ग्वालियर चम्बल संभाग अपराधों का गढ़ बनता जा रहा है

## स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो आन्दोलन करेंगे

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान

पूर्व नेता प्रतिपक्ष डा. गोविन्द सिंह ने कहा है कि ग्वालियर चम्बल सम्भाग लगातार अपराधों का गढ़ बनता जा रहा है भाजपा सरकार में पुलिस लगभग निष्क्रिय है और क़ानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ती जा रही है। उन्होंने आज सुबह ग्वालियर में अपराधियों द्वारा सरे आम एक छह साल के बच्चे का बदमाशों द्वारा अपहरण किये जाने की घटना पर अपना रोष व्यक्त किया है उन्होंने कहा कि इससे पहले मुरैना में भी एक ऐसी ही घटना हो चुकी है जब एक कारोबारी के बेटे को तीन बाईक सवार बदमाशों ने ठीक इसी तरह



अपहरण करने का प्रयास किया था7 अपहरण का प्रयास तो असफल हो गया था लेकिन बदमाश अभी तक पुलिस की निष्क्रियता के चलते पकड़े नहीं गये हैं। आज की घटना मौके पर लगे सीसी कैमरे में कैद हो गई है7 पुलिस को तत्काल हरकत में आकर बदमाशों को गिरफ्तार करना चाहिए7 चूँकि बच्चे के पिता राहुल गुप्ता शक्कर कारोबारी हैं इसलिए प्रथम दृष्ट्या यह मामला फिरौती का हो सकता है7 पुलिस यदि तत्काल कार्यवाही नहीं करेगी तो इस अबोध बालक की जान को खतरा भी हो सकता है। डा. सिंह ने कहा है इस घटना से पूरे ग्वालियर चम्बल संभाग में भारी भय का वातावरण बन गया है7 कानून व्यवस्था बिगड़ चुकी है7 आम आदमी सुरक्षित नहीं है7 यह चिंता का विषय है दिन दहाड़े ऐसी वारदात घटित हुई है यदि क़ानून और व्यवस्था की स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो हमें आन्दोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

# अध्यात्म शक्ति की मदद, व जीवन में सत्संग से नशा छोड़ना सहज हो जाता है

## नशामुक्त भारत अभियान यात्रा जारी

**श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में सामाजिक न्याय विभाग के तत्वाधान में ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सहयोग से विजयपुर क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से नशा मुक्त भारत अभियान जारी है तथा प्रत्येक दिन विजयपुर क्षेत्र के अलग-अलग सार्वजनिक स्थलों से नशा मुक्त भारत अभियान की शुरूआत करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में नशा मुक्ति यात्रा प्रस्थान करती है।

इसी क्रम में आज गुरुवार को पुलिस थाना परिसर विजयपुर से अभियान की शुरुआत की गई। अभियान




प्रभारी बीके शशि बहन द्वारा सभी को संगठन योग कराया गया। ब्रह्माकुमारी दीदी ने कहा की आध्यात्मिक ज्ञान की शक्ति से तथा जीवन में सत्संग के होने से व्यक्ति किसी भी प्रकार का नशा छोड़ सकता है, तथा कहा कि किसी भी प्रकार का स्थुल नशा या सूक्ष्म नशा हम, हमारी कर्म इंद्रियों के माध्यम से करते हैं तथा धीरे-धीरे हमारी कर्म इंद्रियों को नशे की आदत या लत लग जाती है तथा नशा नहीं मिलने पर व्यक्ति बेचैन हो जाता है, तथा कष्ट भोगता है, वह नशे को प्राप्त करने के लिए कुछ भी करने को तैयार हो जाता है, जो उसके परिवार और उसके स्वास्थ्य के लिए तो खतरनाक होता ही है साथ ही समाज और देश के लिए भी बहुत नुकसान कारक बन जाता है

इसलिए ज्ञान और योग के माध्यम से हम हमारी कर्म इन्द्रियों को अपने नियंत्रण में कर सकते है। परमात्मा की याद की शक्ति, विल पावर बढ़ा कर आत्मा को शक्तिशाली बना सकते हैं,ज्ञान योग से,सत्संग से हमारा मन भी मजबूत होता है जिससे हम किसी भी प्रकार के नशे को ना कहने का साहस आ जाता है, और धीरे-धीरे हम किसी भी प्रकार के नशे को हमेशा के लिए छोड़ सकते हैं।

नशा मुक्त भारत अभियान यात्रा आज सिमरई, सारंगपुर, डोगरपुर, चिलवानी, ऐता में आयोजित की गई, जहां पर भारी संख्या में ग्रामीणों ने भागीदारी निभाई तथा नशा मुक्त जीवन को लेकर जागरूकता के आध्यात्मिक प्रवचन से प्रेरित होकर कई व्यक्तियों ने नशा दान पेटी में बीड़ी सिगरेट, पुड़िया, गुटखा दान कर हमेशा के लिए उसे नशे का त्याग करने का संकल्प लिया।

## अचानक विद्यालय पहुंचे कलेक्टर, परीक्षा का जायजा लिया

**श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा आज अचानक शासकीय श्री हजारेश्वर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचे तथा विद्यालय में संचालित कक्षा 9वी की वार्षिक परीक्षा का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा कक्षों का अवलोकन भी किया।कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा सुबह 10.30 बजे के लगभग आकस्मिक रूप से परीक्षा व्यवस्था के अवलोकन के लिए श्री हजारेश्वर विद्यालय पहुंचे तथा 9वी एवं 11वी परीक्षा के संबंध में प्राचार्य से चर्चा की। प्राचार्य श्री मनोज कुमार पाराशर ने बताया कि 9वी क्लास की परीक्षाएं सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा 11वी क्लास की परीक्षाएं दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक निर्धारित कार्यक्रम अनुसार संचालित है। उन्होने बताया कि 9वी क्लास के 230 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल है। विद्यालय में इस दौरान 9वी क्लास की सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा संचालित पाई गई।

# संत रविदास समरसता और समानता के प्रेरणा स्त्रोत

**मुरैना ।** संत रविदास भारत के उन चुनिंदा महापुरुषों में से एक हैं, जिन्होंने अपने आध्यात्मिक वचनों से दुनिया को समानता व समरसता का संदेश दिया। उनका जीवन हर भारतीय के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। यह बात मप्र शिक्षक संघ के संभागीय डॉ. नरेश सिंह ने संत रविदास जयंती के मौके पर कहीं। वे समरसता सप्ताह के तहत बिस्मिल जनकल्याण सेवा संस्थान द्वारा आयोजित



कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मौजूद छात्र व शिक्षकों ने सामाजिक कुरीतियों को त्यागने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के आरंभ में संत रविदास के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विनोद सिकरवार, रामबरन शर्मा, जितेंद्र सिकरवार, मनमोहन सिंह, गिरीश शर्मा, ज्योति, रश्मि अग्निहोत्री, राजेन्द्र शर्मा, अजय राजपूत रामलखन सहित गणमान्य नागरिक व छात्र मौजूद रहे।

# बडौदा, पहेला, सहसराम में लगे स्वास्थ्य शिविर

**श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार मुरैना में 26 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित होने वाले विशाल स्वास्थ्य शिविर में गंभीर बीमारी से पीडित रोगियों के रोगियों के चिन्हांकन के लिए शिविर लगाये जा रहे है। इसी क्रम में आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बडौदा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहेला एवं सहसराम में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किये गये। उक्त शिविरो के माध्यम से 283 रोगियों की स्क्रीनिंग कर उनका उपचार किया गया तथा



गंभीर बीमारियों से पीडित 58 रोगी मुरैना कैम्प के लिए चिन्हित किये गये।

सीएमएचओ डॉ डीएस सिकरवार ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बडौदा में आयोजित स्क्रीनिंग कैंप में 165 मरीजों ने पंजीयन कराकर जांच कराई, जिसमें से 25 मरीज रेफरल हेतु चिन्हित किए गए है। इसी प्रकार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहेला में 47 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर 18 मरीज चिन्हित किये गये। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सहसराम में 71 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर 15 मरीजो का चिन्हांकन कियागया। परीक्षण के दौरान कुल रोगियों में से मेडीसिन के 116, दृष्टिरोग के 13, टीबी के 2 ,हृद्धय रोग के 11 ,मानसिक रोग के 02 ,नाक कान गला के 04 , सर्जरी के 04 ,शिशु रोग का 01, एनसीडी 03 एवं अन्य के 127 मरीज पाये गये।

# मुरैना में देर रात चार बदमाशों ने की फायरिंग सीसीटीवी में कैद हुई वारदात; तलाश में जुटी पुलिस

**मुरैना।** मुरैना के गणेशपुर में बुधवार रात फायरिंग की एक घटना हुई। मुंह पर कपड़ा बांधकर चार बदमाश एक व्यक्ति के घर के सामने आए और ताबड़तोड़ फायरिंग करके फरार हो गए। इस घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसके आधार पर पुलिस ने चारों बदमाशों की पहचान कर ली है और उनकी तलाश जारी है।

जानकारी के अनुसार, गणेशपुरा में रहने वाले अरविंद सिंह उर्फ छोटे चौधरी के घर के बाहर दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर चार नकाबपोश बदमाश आए। गाड़ियों से उतरते ही उन्होंने अवैध हथियारों से फायरिंग शुरू कर दी, जिससे पूरे मोहल्ले में दहशत फैल गई। फायरिंग करने के बाद बदमाश गालियां देते हुए वापस चले गए।

इस घटना के संबंध में अरविंद ने कोतवाली थाने में चार नकाबपोश बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कराया



है। आरोपितों के नाम आशू बनिया, आदित्य तिवारी, अभिषेक और श्याम सुंदर शर्मा बताए गए हैं।

पुलिस का कहना है कि अरविंद सिंह आरोपियों को अच्छी तरीके से जानता है। इनका रुपयों का लेनदेन का या फिर मारपीट का कोई पुराना मामला नहीं है। यह केवल इगो हर्ट का मामला है, जिसको लेकर फायरिंग की गई है। हालांकि, अभी पूरी जानकारी जुटाई जा रही है। कोतवाली थाना प्रभारी दीपेंद्र यादव ने बताया कि बदमाशों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है और उन्हें जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उनकी पहचान कर ली गई है और पुलिस की टीमें उनकी धरपकड़ के लिए रवाना हो गई हैं।

# केन्द्रीय विद्यालय पहुंचे कलेक्टर, कलर पार्टी से आगवानी

## विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में संविदा शिक्षको की भर्ती का निर्णय

**श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा का केन्द्रीय विद्यालय पहुंचने पर स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं की कलर पार्टी द्वारा आगवानी की गई तथा प्राचार्य श्री पवन सिंह मीणा ने बुके प्रदान कर स्वागत करते हुए अंगवस्त्र भेंट किया। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा आज पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय की प्रबंधन समिति की बैठक में भाग लेने के लिए पहुंचे थे। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित केन्द्रीय विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए बाल वाटिका, पीजीटी, टीजीटी, प्राथमिक शिक्षक सहित अन्य पद संविदा के रूप में, वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से भरने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने विद्यालय परिसर में चिल्ड्रन पार्क बनाने के प्रस्ताव पर निर्देश दिये कि बच्चों की अभिरूचि अनुसार आकर्षक थीम पर बाल उद्यान विकसित किया जायें। इसके साथ ही खेल मैदान एवं लॉन का निर्माण प्रस्ताव अनुसार कराया जा सकता है। इस अवसर पर समिति के द्वारा कम्प्युटर,




फर्नीचर, वाटरकूलर की खरीद आदि पर सार्थक चर्चा करते हुए सभी प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा बैठक के दौरान कहा कि जिले के अन्य हाईस्कूल एवं हायर सैकेण्डरी स्कूलो में बेहतर अकादमिक वातावरण निर्मित करने के उद्देश्य से उन विद्यालयो के शिक्षको को चरणबद्ध रूप से क्षमतावर्धन के लिए केवीके में प्रशिक्षण प्रदान किया जा सकता है, जिससे वह अध्यापन की सहायक गतिविधियों, नवीन तकनीकियों में पारंगत होकर ओर अधिक बेहतर तरीके से विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान कर सकें।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा कम्प्युटर लैब का अवलोकन किया गया तथा विद्यालय संचालन एवं केन्द्रीय बोर्ड की 15 मार्च से शुरू हो रही परीक्षाओं की व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।

बैठक में प्राचार्य श्री पवन मीणा, सदस्यगण श्री कैलाश पाराशर, जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य श्री केके कटियार, उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ सुभाषबाबू दौहरे सहित अभिभावक सदस्य उपस्थित थे।

# ओबीसी महासभा के जिला अध्यक्ष ने अपनी मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान

ओबीसी महासभा के भिंड जिला अध्यक्ष विपिन यादव के नेतृत्व में ओबीसी महासभा के अनेकों सदस्यों ने एकजुट होकर लहार एसडीएम को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन के माध्यम से ओबीसी महासभा ने 13 प्रतिशत हाल्ट हटाने 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने और जातिगत जनगणना जैसे मुद्दों आदि की कुछ प्रमुख मांगों को पुरा करने की मांग शाशन प्रशासन से की है।

# चुरहट पुलिस ने अवैध गांजा के साथ 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार , 1.37 लाख की बनाई जप्ती



**सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा भापुसे के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चुरहट अतर सिंह के नेतृत्व में चुरहट पुलिस ने कार्यवाही करते हुये 1×.690 किलोग्राम गांजा जप्त कर प्रकरण पंजीबद्ध करते हुये दो आरोपियों को किया गिरफ्तार।बताया गया कि पुलिस अधीक्षक डॉ रविन्द्र वर्मा द्वारा अवैध मादक पदार्थ के विक्रय परिवहन एवं भण्डारण के ऊपर कार्यवाही करने हेतु सभी थाना चौकी प्रभारियों को निर्देश दिये गये है। इसी तारतम्य में दिनांक 12 फरवरी 2025 को थाना प्रभारी चुरहट को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम भमरहा का रमेश प्रसाद तिवारी अपने घर में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखे हुए बिक्री करने हेतु ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। थाना प्रभारी चुरहट द्वारा उक्त सूचना से वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया जाकर सूचना की तस्दीक एवं रेड कार्यवाही हेतु एक टीम गठित कर रवाना किये जो मुखविर के बताये अनुसार संदेही के घर के पास पहुंचकर रेड कार्यवाही की तो एक व्यक्ति अपने घर के सामने मिला जिससे उसका नाम पता पूछा गया जो अपना नाम रमेश प्रसाद तिवारी पिता राम बकश तिवारी उम्र 45 साल निवासी ग्राम भमरहा चौकी सेमरिया थाना चुरहट जिला सीधी का होना बताया। तत्पश्चात संदेही के घर की तलाशी की गई जो संदेही के पक्के घर के लास्ट कमरे में रखे तखत के ऊपर व नीचे 11 पैकेट टेप लगे हुए बंद एवं तीन नग नीली प्लास्टिक की पन्नी में खुले हुये मिले जिन्हें समक्ष गवाहों के खोलकर रगड़ कर सुघकर चेक किया गया जो अवैध मादक पदार्थ गांजा था। उक्त बरामद मादक पदार्थ गांजा की तौल की गई तो 1×.690 किलो ग्राम कीमती 1 लाख ×7 हजार रूपये होना पाया गया। आरोपी से 1×.690 किलोग्राम गांजा कीमती लगभग 1 लाख ×7 हजार समक्ष गवाहों के जप्त किया किया जाकर मादक पदार्थ के संबंध में पूछताछ की गई जो बताया कि मेरा छोटा भाई रंजीत तिवारी पिता राम वकश तिवारी निवासी भमरहा गांजा लाता था और मुझे बिक्री करने के लिये देता था। आरोपियों का उक्त कृत्य धारा 8/20 ख, 29 एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने पर आरोपियों के विरूद्ध अपराध कायम कर आरोपी रमेश प्रसाद तिवारी पिता रामवकश तिवारी एवं रंजीत तिवारी पिता रामवकश तिवारी दोनों निवासी ग्राम भमरहा चौकी सेमरिया थाना चुरहट जिला सीधी को गिरफ्तार कर मामले को विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी चुरहट अतर सिंह, चौकी प्रभारी सेमरिया उनि बृजेन्द्र सिंह, भूपेंद्र बागरी, नितेश प्रजापति, भीमसेन त्रिपाठी, आरक्षक आनंद सिंह, अमित तिवारी, विनीत सिंह, भूपेंद्र बागरी की अहम भूमिका रही।

# सुप्रीम कोर्ट ने अजय सिंह के खिलाफ चुनाव याचिका की खारिज



**सीधी।** सर्वों च न्यायालय ने चुरहट विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित कांग्रेस विधायक अजय सिंह के पक्ष में फैसला देते हुए उनके खिलाफ दायर चुनाव याचिकायें खारिज कर दी हैं। जस्टिस सूर्यकांत तथा जस्टिस एन. कोटेश्वर सिंह की खंडपीठ ने प्रकरण का गहन परीक्षण करने बाद मध्यप्रदेश उ च न्यायालय के निर्णय को यथावत रखते हुए लिखा है कि हाईकोर्ट द्वारा पारित आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई मामला नहीं बनता है। इसलिए चुनाव याचिकायें खारिज की जाती है। इसके साथ ही इस संबंध में यदि अन्य कोई आवेदन लम्बित हैं तो वे भी इस निर्णय के अनुरूप खारिज माने जायेंगे। उक्त जानकारी जिला कॉग्रेस पार्टी के प्रवक्ता पंकज सिंह के द्वारा दी गयी। कॉग्रेस प्रवक्ता ने आगे बताया कि उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने पूर्व में अजय सिंह के खिलाफ दायर चुनाव याचिकायें खारिज कर दी थीं। इसके बाद हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ रामगरीब तथा अन्य ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की थी। विगत विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा उम्मीदवार शरदेन्दु तिवारी ने कांग्रेस उम्मीदवार अजय सिंह द्वारा दिए गये शपथ पत्र में आपत्ति दर्ज की थी। जिसे जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरस्त कर दिया था। उन्होंने अजय सिंह के शपथ पत्र को वैध करार दिया था, बाद में कांग्रेस प्रत्याशी अजय सिंह ने भारी बहुमत से जीत हासिल की थी। इसके बाद शपथ पत्र संबंधी आपत्तियों तथा अन्य बिन्दुओं को लेकर रामगरीब और राकेश कुमार पांडे द्वारा मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में याचिकायें दायर की गई थीं, हाईकोर्ट ने दोनों याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा था कि याचिका में उठाए गए आधार, कानून के तय प्रावधानों के अनुरूप नहीं है।

# बैगा जनजाति बैगा विकास प्राधिकरण में होगी शामिल : सांसद डॉ राजेश मिश्रा



**सीधी।** लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने नई दिल्ली में जनजातीय विकास मंत्री जुआ ओरा से भेंट कर लोकसभा संसदीय क्षेत्र के जनजातीय जनों के उत्थान हेतु तथा सीधी व सिंगरौली जिले के बैगा जनजाति को बैगा विकास प्राधिकरण में सम्मिलित करने के संबंध में विस्तृत चर्चा कर पत्र सोपा। भारत सरकार के केंद्रीय जनजातीय विकास मंत्री श्री ओरा ने लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा को आश्वासन देते हुए कहा कि आपकी मांग लोगों के हित में है। इसके संदर्भ में जल्द ही आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए जाएंगे। इस दौरान सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा एवं केंद्रीय मंत्री श्री ओरा के बीच और कई समसामयिक मुद्दो पर भी शानदार चर्चा हुई। अंचल के बैगा समुदाय ने संसद श्री मिश्र की पहल का स्वागत किया है।

### केंद्रीय कोयला मंत्री से हुई सांसद की गुफ्तगू :-

लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा क्षेत्र के सर्वांगीण एवं बहुमुखी विकास के लिए क्षेत्र से जुड़े हुए केंद्रीय मंत्रियों से मिलकर क्षेत्र के विकास के लिए सतत सक्रिय और क्रियाशील हैं। इसी तारतम में सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने नई दिल्ली में केंद्रीय कोयला रा 'यमंत्री व आकांक्षी जिले सिंगरौली के केंद्र की ओर से पालक मंत्री सतीश चन्द्र दुबे से सौजन्य भेंट कर संसदीय क्षेत्र के विकास से संबंधित चर्चा की। इस दौरान सांसद डॉ मिश्रा और केंद्रीय मंत्री श्री दुबे के बीच अत्यधिक आत्मीयता और गर्मजोशी देखी गई।

# मॉ अष्टभुजी को साक्षी मानकर 130 जोडो का समपन्न होगा विवाह, सीईओ ने किया स्थल निरीक्षण



**सीधी।** जिले के कुसमी में शासन की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत कुसमी जनपद पंचायत मे 1×0 जोड़ों का विवाह होने का रजिस्ट्रेशन किया गया है। जनपद कुसमी से मिली जानकारी अनुसार पात्र लोगो का चयन किया जा चुका है, अब विवाह समपन्न कराने के लिये कुसमी में गोतरा देवी मंदिर परिसर को चुना गया है। जहां 14 फरवरी को गोतरा मंदिर से 1×0जोडो का विवाह संपन्न होने जा रहा है। जिसकी पूरी तैयारी के लिए कलेक्टर सीधी एवं एसडीएम कुसमी प्रिया पाठक के निर्देश पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज्ञानेंद्र मिश्रा ने 1× फरवरी को गोतरा मंदिर पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया है, वही विवाह संपन्न कराने के लिए जनपद टीम को दिशा निर्देश दिये है। विवाह के लिये सारी व्यवस्थाएं करने के लिये सीईओ ने की डियूटी लगा दी गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुसमी ने क्षेत्रीय नेताओ एवं गणमान्य नागरिको को विवाह मे सम्लित होने एवं नव वर बधू को आशिर्वाद प्रदान करने,विवाह के साक्षी बनने एवं कार्यक्रम मे शामिल होने के लिये अपील की है।

### जलवायु अनुकूल पंचायतों की क्षमता वृद्धि के लिए कार्यशाला आयोजित

**सीधी ।** जिला पंचायत के सहयोग से मझौली के जनपद प्रज्ञा सभागृह में जनपद पंचायत मझौली और रामपुर नैकिन की 20 ग्राम पंचायतों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सरपंच, सचिव और सहायक इंजीनियरों को डब्लूआरआई इंडिया और टीआरआई के सहयोग से महात्मा गांधी नरेगा के तहत किए जा सकने वाले कार्यों पर चर्चा की गई। इसके बाद डब्लूआरआई इंडिया की सहयोगी संस्था आईएलआरटी ने जलवायु अनुकूल पंचायतों की क्षमता वृद्धि पर प्रकाश डाला। साथ ही महुआ, कटहल और बांस जैसी वन उपजों को वैल्यू चेन मार्केट लिंकेज से जोड़कर ग्रामीणों की आजीविका कैसे बढ़ाई जा सकती है और भूदृश्य बहाली में योगदान कर सके और पंचायतों को जलवायु अनुकूल बनाया जा सके इस पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

# शासकीय महाविद्यालय मड़वास में बाल विवाह प्रतिषेध पर कार्यक्रम आयोजित

**सीधी।** म.प्र.शासन उ च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं सर्वों च न्यायालय के निर्णय के अनुपालन में शासकीय महाविद्यालय मड़वास में बाल विवाह प्रतिषेध से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा कुमारी अंजली पांडेय एवं बी.एस. सी.द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रिया द्विवेदी को महाविद्यालय का ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया। इसी तारतम्य में दिनांक 10-02-2025 को महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. 'योति रजक के संयोजकत्व में किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में पाँच छात्राओं ने भाग लिया जिसमे प्रथम स्थान पर कुमारी अश्विनी साकेत रही, द्वितीय स्थान पर कुमारी रूबी साहू एवं तृतीय स्थान पर कुमारी चंचल सेन रही। दिनांक 11-02-2025 को डॉ. निशा सिंह के संयोजकत्व में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में छः छात्र/छात्राओं ने भाग लिया जिसमे प्रथम स्थान पर कुमारी रूबी साहू रही, द्वितीय स्थान पर चंचल सेन एवं तृतीय स्थान पर कुमारी शीलू शुक्ला रही। कार्यक्रम की अगली कड़ी में महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम डॉ. सौरभी गुप्ता के नेतृत्व में चलाया गया। बालविवाह प्रतिषेध एवं बाल अधिकार विषय पर दिनांक 1×-02-2025 को महाविद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आई प्रजापति ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक कलंक है और इस कलंक को हम सामूहिक प्रयास से ही खत्म कर सकते है। सह वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. लक्ष्मीकांत कुशवाहा ने कुप्रथा के दोषों के बारे में बताया, डॉ. पूजा गर्ग ने क'ची मिट्टी का उदाहरण दे कर अपनी बात रखी। डॉ अमिता खरे ने बालविवाह प्रतिषेध एवं उसके दुष्परिणाम पर बात कही। कार्यक्रम का संचालन संगोष्ठी की संयोजिका डॉ. आकांक्षा मिश्रा ने किया। आभार प्रदर्शन डॉ. दीपक अग्निहोत्री ने किया।

# निक्षय मित्र बनकर 200 टी बी मरीजों को गोद लिया

**सीधी।** सीधी जिले में 100 दिवसीय निक्षय शिविर के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड की इकाई सीधी सीमेंट वर्क्स के सीएसआर विभाग यूनिट हेड बीपी सग्गू तथा एफएचएचआर डॉ योगेश द्विवेदी के सहयोग द्वारा निक्षय मित्र बनकर 200 टीबी मरीजों को गोद लिया गया। इस कार्यक्रम में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, जिला पंचायत सीईओ अंशुमन राज के नेतृत्व में मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बबिता खरे एवं जिला क्षय अधिकारी डॉ हिमेश पाठक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। निक्षय मित्र द्वारा फूड बास्केट वितरण किया गया और टीबी मरीजों को पोषण आहार वितरित किया गया। डॉ हिमेश पाठक ने टीबी के बारे में जागरूक किया और बताया कि टीबी से कैसे बचा जाए एवं टीबी के क्या लक्षण हैं। उन्होंने बताया कि टीबी के लक्षणों में चलने में सांस भर आना, काफी दिनों से खांसी, लगातार खांसी, भूख नहीं लगना, वजन कम होना, रात को पसीना आना और रात्रि में बुखार आना शामिल है। उन्होंने बताया कि अगर खंखार में पॉजिटिव आते हैं तो 6 माह तक दवाई लेना अनिवार्य है और दवाई में कोई गैप नहीं करना चाहिए।

# कराटे बेल्ट परीक्षा संपन्न, प्रमाण पत्र कियें वितरित



**सीधी।** शी.गो.शो. एवम काई कराते, यूनाइटेड सोतोकॉन कराते एसोसिएशन के नेतृत्व में कराते बेल्ट परीक्षा का आयोजन श्री गणेश सीनियर सेकेंडरी स्कूल पडरा सीधी में किया गया। जिसमें विद्यालय के 40 छात्रों ने भाग लिया एवं सफलता पूर्वक कराते बेल्ट परीक्षा संपन्न हुई। बेल्ट परीक्षा के उद्घाटन समारोह में मुख्य सचिव जमोड़ी थाना प्रभारी दिव्य प्रकाश त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि संजीव मिश्रा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की एच एम माइमा सिमन्स मैम उपस्थित रहीं। बेल्ट परीक्षा में रीवा से आए हुए सेंसई दीपक पटेल कराते अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी आफरीन अंसारी एवं सीधी से पीटीआई तरुण नाथ मिश्रा, सूरज शुक्ला पीटीआई, शी गो शो वा काई कराते सीधी की सचिव संध्या मिश्रा, कराते कोच ब्लैक बेल्ट × तक डन बॉक्सिंग सचिव कोच माखन लाल मिश्र, सूरज जायसवाल, शुभांगना द्विवेदी ने मंच संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इन सभी के सहयोग से कराते येलो बेल्ट और ऑरेंज बेल्ट परीक्षा संपन्न हुई। सीनियर खिलाड़ी रवि मिश्रा को ब्लैक बेल्ट प्रथम देकर सम्मानित किया गया।

# ओबीसी महासभा ने सौंपा ज्ञापन, त्वरित कार्रवाई की रखी मांग



**सीधी।** ओबीसी महासभा जिला इकाई द्वारा गुरूवार को सीएम के नाम का ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा गया है। जिसके माध्यम से मांग की गयी है कि जातिगत जनगणना, ओबीसी के 1× प्रतिशत होल्ड आरक्षण, न्यायपालिका, कार्यपालिका, विधायिका, निजी क्षेत्र, वित्तीय बजट एवं सभी क्षेत्रों में आबादी का अनुपात में प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए, पिछड़ा वर्ग के संवैधानिक अधिकारों को नवमी सूची में शामिल किया जाए, पुरानी पेंशन बहाल हो, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की मांग पूरी हो, आउट सोर्सिंग कर्मचारियों की मांगे पूरी हो। रेलवे से प्रभावित भू स्वामियों को उचित मुआवजा एवं नियमानुसार नौकरी देने को लेकर किसानों के लिए खाद्य बीज और किसानों द्वारा उपयोग करने वाले सभी उपकरणों का दाम कम हो। इसके साथ ही अन्य प्रमुख मांगे मांग पत्र में शामिल हैं। ज्ञापन सौंपाने के दौरान एड. राजेन्द्र जायसवाल जिलाध्यक्ष ओबीसी महासभा, डॉ. अशोक कोरी, एड. रणविजय सिंह वर्मा, एड. रोहणी जायसवाल, एड सौरभ सिंह सहित अन्यजन मौजूद रहें।


NATIONAL HOSPITAL
नेशनल हॉस्पिटल, रीवा
3 वर्षो से लगातार
आयुष्मान में
निःशुल्क
• कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी
• पथरी का दूरबीन के द्वारा ऑपरेशन
• प्रोस्टेट, हार्निया, हाइड्रोसील
+91 7566831551, 18008890620, 8608600604
पताः नेशनल हॉस्पिटल, समान तिराहा, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.)

# उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग सदस्य ने सर्किट हाउस सभागार में महिला जनसुनवाई की

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता**

**बांदा।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती अनुपमा सिंह लोधी ने सर्किट हाउस सभागार में महिला जनसुनवाई करते हुए घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीडन, बालश्रम, बाल विवाह आदि से सम्बन्धित महिलाओं की समस्याओं को गहनता से सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को दिये। इससे पूर्व उन्होंने आंगनबाडी केन्द्र गुरेह एवं कस्तूरबागांधी बालिका विद्यालय महोखर का निरीक्षण किया। आंगनबाडी केन्द्र के निरीक्षण के दौरान उन्होंने गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को पोषाहार वितरण तथा आंगनबाडी केन्द्र में बच्चों के सम्बन्ध में आंगनबाडी कार्यकत्री से पोषण टैकर एप के सम्बन्ध में जानकारी ली। उन्होंने तीन गर्भवती महिलाओं को फल पौष्टिक आहार किट का वितरण किया तथा दो बच्चों का अन्नप्राशन कराते हुए फलों का वितरण किया। उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय महोखर में कम्प्यूटर कक्ष, स्मार्ट क्लास, मेस तथा हास्टल आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने बालिकाओं से वार्ता करते हुए विद्यालय में दी जा रही शिक्षा, भोजन एवं अन्य सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए बालिकाओं को बेहतर शिक्षा एवं सुविधा उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। सर्किट हाउस में आयोजित महिला जनसुनवाई में उन्होंने महिलाओं के घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीडन एवं अन्य समस्याओं से सम्बन्धित महिलाओं की समस्याओं को सुनते हुए निराकरण किये जाने के निर्देश पुलिस एवं सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में महिलाओं के हितों का ध्यान रखते हुए प्राथमिकता पर उन्हें योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने महिला जनसुनवाई में दो पीडित महिलाओं को आर्थिक सहायता एवं रोजगार उपलब्ध कराये जाने के लिए बेसिक शिक्षाधिकारी को निर्देश दिये। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि दहेज एवं घरेलू हिंसा व अन्य प्रकरणों से सम्बन्धित उत्पीडित महिलाओं की गम्भीरता पूर्वक पूरी समस्या को सुनते हुए उनकी समस्याओं का निराकरण शीघ्र



करायें। उन्होंने महिला जनसुनवाई में महोखर निवासी एक महिला द्वारा ससुराल पक्ष में मारपीट एवं परेशान किये जाने की शिकायत पर क्षेत्राधिकारी पुलिस को दर्ज मुकदमें में शीघ्र कार्यवाही किये जाने तथा उसकी दो बालिकाओं को कन्या सुमंगला योजना से लाभान्वित कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने एक महिला द्वारा दहेज की मांग करने व पति द्वारा मारपीट किये जाने की शिकायत पर दोनो पक्षों को समझाकर परिवार परामर्श केन्द्र के द्वारा मध्यस्ता कराये जाने के निर्देश दिये। अतर्रा की एक महिला द्वारा छेडछाड की घटना के सम्बन्ध में विपक्षियों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने का अनुरोध करने पर उन्होंने प्रकरण की जांच कर शीघ्र कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। महिला जनसुनवाई में महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न घरेलू हिंसा एवं दहेज तथा पति एवं ससुराल पक्ष के द्वारा परेशान किये जाने से सम्बन्धित प्रकरण प्राप्त हुए, जिनके निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित पुलिस अधिकारियों को दिये। उन्होंने महिला थानाध्यक्ष को निर्देशित किया कि महिलाओं से सम्बन्धित समस्या मिलने पर उनकी समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुनते हुए उनका निस्तारण शीघ्र कराने एवं हरसम्भव सहायता करते हुए प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिला अस्पतालों एवं बच्चों की सुरक्षा हेतु समुचित व्यवस्था रखे जाने तथा जननी सरुक्षा के लाभार्थियों को समय से लाभ दिलाये जाने तथा समस्त बच्चों का टीकाकरण कराये जाने एवं गर्भवती महिलाओं की समस्त स्वास्थ्य सम्बन्धी आवश्यक जांचे समय से कराये जाने के निर्देश अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिये। उन्होंने सभी बालिकाओं के विद्यालयों में सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेते हुए महिला आयोग के टोलफ्री नम्बर का प्रचार-प्रसार कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने महिलाओं एवं बच्चों से सम्बन्धित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सम्बन्धित अधिकारियों से प्राप्त करते हुए सभी पात्र महिला लाभार्थियों को सुरक्षा के साथ योजनाओं का लाभ दिलाये जाने के निर्देश दिये। महिला जनसुनवाई में मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, क्षेत्राधिकारी पुलिस अम्बुजा त्रिवेदी, महिला थानाध्यक्ष, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी अव्यक्त राम तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कुमार पाण्डेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीनू सिंह एवं समाज कल्याण एवं दिव्यांग कल्याण अधिकारी एवं सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत प्रत्याशी नवीन मिश्रा का धुआंधार जनसंपर्क जारी

## ग्रामीणों को दी केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी

**कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

**बलौदाबाजार।** नगरीय निकाय चुनाव संपन्न होने के बाद अब बलौदाबाजार जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की सरगर्मी पूरे शबाब पर हैं। जैसे-जैसे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तारीख नजदीक आ रही हैं वैसे-वैसे प्रत्याशियों की प्रचार प्रसार भी जोर पकड़ रही है। सुबह से लेकर देर रात तक प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ डोर टू डोर घर घर जाकर अपने पक्ष में मतदान की अपील करते हुए मतदाताओं से आशीर्वाद मांग रहे हैं। इसी कड़ी में जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 में



भाजपा से अधिकृत प्रत्याशी नवीन मिश्रा ने अपने समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं के साथ धुआंधार जनसंपर्क जारी रखे हुए हैं। जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी नवीन मिश्रा को भारी जन समर्थन मिलता दिख रहा है। 12 फरवरी को अपने जिला पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोहरौद जामडीह कारी खम्हारडीह सहित आसपास के गांवो में उन्होंने सघन जनसंपर्क किया जहां ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। भाजपा से अधिकृत प्रत्याशी नवीन मिश्रा ने हमारे इस जिला प्रतिनिधि से चर्चा करने के दौरान बताया कि जनसंपर्क के दौरान उन्हें जनता का काफी आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। गांव-गांव में इन दिनों मोदी लहर चल रहा है और देश में भाजपा और प्रदेश में भाजपा के साथ-साथ त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भी भाजपा की सरकार बनने जा रहे हैं कुल मिलाकर ट्रिपल इंजन की सरकार का कार्य हमारे जिला में होने वाला है। नवीन मिश्रा ने ग्रामीणों को केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। श्री मिश्रा ने कहा कि भाजपा सरकार गांव गरीब और किसानों के विकास के लिए संकल्पित है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उनकी जीत से क्षेत्र में विकास की गति और तेज होगी और हर वर्ग को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का कार्य किया जाएगा। नवीन मिश्रा के जनसंपर्क अभियान में भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉक्टर अजय राव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ-साथ समर्थक भी उपस्थित थे।

# ग्राम पटना में धूमधाम के साथ मनायी गई रविदास जयंती

## समाज की एकता से ही समाज का सुधार हो सकता है : 9 आयुष जी महाराज

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान सहारनपुर ब्यूरो जाती राम**

**चिलकाना।** क्षेत्र के ग्राम पटना में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रविदास जयंती धूमधाम के साथ मनाई गयी जिसमें बी एस एम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य व वरिष्ठ पत्रकार श्याम सिंह सैनी ने मंदिर कमेटी के सभी अतिथियों का पटका पहनाकर उनका स्वागत किया कस्बा चिलकाना के समीप ग्राम पटना में रविदास जयंती का आयोजन धूमधाम के साथ मनाया गया । वही कार्यक्रम में पहुंचे हरीश चेयरमैन व वरिष्ठ पत्रकार



श्याम सिंह सैनी ने सभी मंदिर कमेटी के लोगों का पटका पहनाकर स्वागत किया और कहा कि संत शिरोमणी रविदास जी महाराज किसी एक समाज के संत नहीं थे उन्होंने सर्व समाज को शिक्षा देने का कार्य किया है। रविदास जी महाराज ने कहा था कि मन चंगा तो कटौती में गंगा की हमें अपना मन साफ सुथरा रखना चाहिए और गलत मार्ग पर न चलकर अच्छे मार्ग पर चलना चाहिए। इस दौरान रविदास जयंती पर्व शोभायात्रा में हरीश पंवार, आयुष जी महाराज, अमरजीत सिंह , अमन कुमार, गौरव , सौरभ राजपाल , मुकेश कुमार, प्रमोद कुमार, अंकुश कुमार, सोनू कुमार, अमित कुमार, आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# दहेज में नगदी और बाइक न मिलने पर शादी से किया इन्कार



**केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो पीलीभीत**

**पीलीभीत- बीसलपुर।** दहेज की मांग पूरी ना होने पर शादी करने से किया इंकार दहेज में दो लाख रुपए और बुलट बाइक ना मिलने पर दहेज लोभियों ने शादी करने से इन्कार कर दिया है। वही पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है । दियोरिया थाना क्षेत्र के गांव सुजनी निवासी इरशाद अहमद ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है। कि उसने अपनी पुत्री की शादी जनपद बरेली के थाना क्योलड़िया के एक गांव निवासी युवक से तय की थी। जिसमें उसने डेढ़ लाख रुपए की नकदी और एक लाख रुपए का सामान देकर 19 अप्रैल को निकाह की तारीख तय की थी। इसी बीच लड़के के पिता दहेज में दो लाख रुपए और बुलट बाइक की मांग करने लगे। इंकार करने पर रिश्ता तोड दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। थानाध्यक्ष दिगंबर सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## खेल खेलने से हर व्यक्ति स्वस्थ्य रहता है : डीएम

**दैनिक हिन्दुस्तान केसरिया/नीरज चतुर्वेदी**

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर बीएसए पीजी कॉलेज मथुरा में वार्षिक खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों से ही युवाओं की प्रतिभा निखरती है। इससे न केवल मनुष्य स्वस्थ रहता है, बल्कि अपनी खेल भावना और एकता का परिचय देते हुए अपनी प्रतिभा से अपने शहर, प्रदेश और देश का नाम दुनियाभर में रोशन करता है। बीएसए पीजी कॉलेज मथुरा में वार्षिक खेल प्रतियोगिता दौड़ कार्यक्रम में जनपद के होनहार युवाओं ने भाग लिया। इसलिए युवा शक्ति को चाहिए कि वे बढ़-चढ़कर अपने पसंदीदा खेलों में हिस्सा लें और जनपद, प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करे।

# रविदास जयंती एवं कैडर कैंप का आयोजन अमृतपुर खेरवा व मवई बुजुर्ग गांव में धूमधाम से संपन्न हुई

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता**

**बांदा।** 12 फरवरी 2025 को रोहिया सेक्टर के मजरा अमृतपुर खेरवा में बहुजन समाज पार्टी (क्स्क) के कार्यकर्ताओं द्वारा रविदास जयंती और कैडर कैंप का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बलदेव प्रसाद वर्मा, मंडल प्रभारी कपिल देव, गुलाब सिंह वर्मा, जिला अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी जनपद बांदा, शिव प्रकाश कुशवाहा , राकेश राजपूत ,सदस्य जिला पंचायत संजीव राजपूत और विधानसभा अध्यक्ष नरैनी सहित कई सम्मानित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर बीएसपी





कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने संत रविदास जी के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान रविदास जयंती की भव्यता को लेकर समाज के हर वर्ग ने उत्साह के साथ भाग लिया। इसके साथ ही, कैडर कैंप में पार्टी के कार्यकर्ताओं को आगामी चुनावों के लिए रणनीतियाँ, संगठनात्मक दिशा-निर्देश और पार्टी की नीतियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। संत रविदास की जयंती को विशेष रूप से मनाने के साथ-साथ इस आयोजन ने बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं को एकजुट करने और आगामी चुनावी तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। वहीं बांदा के ग्राम पंचायत मवई बुजुर्ग गांव में भी संत शिरोमणि रविदास महाराज की जयंती बड़े धूमधाम के साथ मनाई गई,पूर्व विधानसभा प्रभारी 235 बसपा व वरिष्ठ पूर्व ग्राम पंचायत सदस्य सुखलाल बौद्ध जी ने संत शिरोमणि रविदास महाराज जी के जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें कोटि-कोटि नमन बंदन किया और रविदास जी के जीवन के योगदान के बारे जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक किया है।

## नूह तावडू नगर पालिका चेयरमैन पद के लिए चुनावी मैदान में उतरी संजू सोनी

**नीरज सोनी तावडू दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

तावडू नगर पालिका में दो बार पार्षद रह चुके मनीष सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती संजू सोनी पुत्र वधू श्री दया किशन सोनी ने ठोकी अपनी दावेदारी संजू सोनी ने कहा काम किया है काम करगे जन जन का सम्मान करेंगे अगर जनता जनार्दन ने हमें ये मौक़ा दिया तो अपने शहर की तस्वीर बदलने में हम जी जान लगा देंगे शहर में बिजली पानी गलियों की समस्या ज़्यादा तर देखी



गयी है मैं इस इन सभी से आम जनता को निजात दिलाऊंगी आपका एक वोट शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाएगा इसलिए मेरा निवेदन है 2 मार्च को वोट अवश्य डालें और अपने शहर को ऐसा चेयरमैन दें जो आपके सुख दुःख में आपके साथ खड़ा हो

# चितरंगी में अखिल भारतीय किसान संगठन द्वारा किया गया अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन

**संवाददाता, लाल बहादुर सिंह।**

खबर सिंगरौली जिले के चितरंगी ब्लॉक से जहां जहां आखिल भारतीय किसान संगठन द्वारा अपनी विभिन्न मांग को लेकर किया गया है अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किसानों की पहली मांग यह है की सरकार द्वारा बगदरा अभ्यारण क्षेत्र में हमारी पट्टे की भूमि वन विभाग में चली गई है जिस वजह से हम किसान




अपनी उस भूमि का क्रय विक्रय नहीं कर पा रहे हैं इसलिए हमारी पट्टे की भूमि को वापस राजस्व में कर दिया जाए या वन भूमि में पट्टा दिया जाए दूसरी मांग यह कि ऐसे किसान हैं जिनकी रजिस्ट्री तो हो गई है लेकिन नामांतरण पर रोक लगा दिया गया है उसे तत्काल नामांतरण का आदेश दिया जाए, बंटन व्यवस्थापन में जो किसानों को जो पट्टा दिया गया था जो कि आज तक कंप्यूटर में दर्ज नहीं है उसे तत्काल दर्ज कराया जाए , कुछ किसानों का पुराने पट्टा में खसरा नंबर दर्ज है परन्तु कंप्यूटर में खसरा दर्ज नहीं है उसे दर्ज कराया जाए , इस तरह की कई विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया है किसानों का कहना यह है की जब तक हमारी मांग को सरकार नहीं मान लेती है तब तक हम धरने पर शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांग को लेकर बैठे रहेंगे।

# गांव फिरोजाबाद मे बड़े हर्षोल्लास के साथ मनायी संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती



**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान सहारनपुर ब्यूरो चीफ जाती राम**

थाना चिलकाना क्षेत्र के गाँव फिरोजाबाद मे संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई है! जिसका शुभारम्भ पूर्व ग्राम प्रधान हरिचंद कर्णवीर विकास पेगवाल जाती राम पत्रकार के द्वारा संयुक्त रूप से केक काटकर एंव संत शिरोमणि गुरु रविदास के चरणों मे पुष्प अर्पित कर किया गया! इस अवसर पर संत शिरोमणि गुरु रविदास की जीवन शैली पर प्रकाश डालते हुए उनके बताएं रास्तों पर चलने के लिए प्रेरित किया गया है! इसके साथ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉक्टर अनुज डॉक्टर मोनू पेगवाल ने कह कि समाज की एकता से ही समाज का सुधार हो सकता है ओर अच्छी शिक्षा से समाज का विकास हो सकता है! इस अवसर पर ग्राम वासियों को भंडारा का प्रसाद ग्रहण कर मे संत शिरोमणि गुरु रविदास बाबा साहेब डा भीम राव अम्बेडकर जी के जय करे लगाए संत शिरोमणि गुरु रविदास कमेटी के लोगो ने सेवा की विकास बिट्टू राजन गोविंद डा सोनू आकाश मनोज रिक्की डा सोनी सोनित मोंटी रणजीत विशाल सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल रहे!

# खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने किया होटल/रेस्टोरेंट, मिठाई दुकानों का निरीक्षण

**दैनिक हिन्दुस्तान केसरिया/नीरज चतुर्वेदी**

**मथुरा।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार आगामी त्योहारों (महाशिवरात्रि एवं होली) के दृष्टिगत जनपद में आम जनमानस एवं श्रद्धालुओं को स्वच्छ व गुणवत्तायुक्त खाद्य/पेय पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु फरवरी माह में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा श्रीकृष्ण जन्मस्थान, वृन्दावन, बरसाना, गोवर्धन, बल्देव, छाता, मांट में संचालित होटल/रेस्टोरेण्ट, मिठाई की दुकानों, डेयरी एवं किराना स्टोर पर विशेष सतर्कता अभियान के अन्तर्गत सघन निरीक्षण किया गया। अभियान के दौरान मिलावट में संदेह के आधार पर नमूनों का संग्रहण, कालातीत तिथि (एक्सपायरी) एवं सड़े-गले खाद्य/पेय पदार्थों का विनष्टीकरण कराया गया। इस अभियान में अब तक खाद्य/पेय पदार्थों जैसे-मिठाई, पेड़ा, मिल्ककेक, बूंदी लड्डू, रिफायण्ड सोयाबीन तेल, सरसों का तेल,



पनीर, दूध, सोयाबीन दाल एवं बेसन आदि के नमूने संग्रहित किये गये। साथ ही खाद्य कारोबारकर्ताओं को अपने प्रतिष्ठानों में खाद्य पदार्थ की रेट लिस्ट लगाने, खाद्य पदार्थों को ढककर रखने व आस-पास स्वच्छता बनाये रखने हेतु प्रतिष्ठानों पर ढक्क्नयुक्त डस्टबिन करने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद मथुरा कुट्टू प्रोन क्षेत्र है यहां पर पूर्व में खुले कुट्टू के आटे के सेवन से फूड प्वाइजनिंग की कई घटनायें हो चुकी हैं। जिसके कारण खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा पूर्व में ही खुले कुट्टू के आटे के विक्रय/भंडारण पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है। खाद्य कारोबारकर्ताओं को निर्देशित किया जाता है कि पैक्ड कुट्टू का आटा व अन्य व्रत के खाद्य पदार्थों जिन पर निर्माण तिथि एवं उपयोग तिथि अंकित हो, का ही विक्रय करें। यदि जनपद में मिलावटी/दूषित खाद्य पदार्थ के सेवन से फूड प्वाइजनिंग की कोई घटना घटित होती है तो सम्बन्धित निर्माता/खाद्य कारोबारकर्ता का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए उसके विरूद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ ही आमजनमानस से अपील की जाती है कि महाशिवरात्रि पर्व पर खुले कुट्टू के आटे का प्रयोग न करें, इसके सेवन से फूड प्वाइजनिंग हो सकती है।

# कमिश्नरेट पुलिस अमृतसर ने फ्रांस और पाकिस्तान स्थित ड्रग कार्टेल का भंडाफोड़ किया

## 2.251 किलोग्राम हेरोइन, 1.05 लाख ड्रग मनी और ग्लॉक पिस्तौल जब्त की - 05 गिरफ्तार

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान कुलदीप कुमार अमृतसर पंजाब

**अमृतसर।** ड्रग तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई में, कमिश्नरेट पुलिस अमृतसर ने एक बड़े ड्रग कार्टेल का भंडाफोड़ करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 2.251 किलोग्राम हेरोइन, 1.05 लाख ड्रग मनी और एक आधुनिक ग्लॉक पिस्तौल जब्त की है। इसके अलावा, एक क्रूज कार भी जब्त की गई है। पुलिस आयुक्त (सीपी) अमृतसर, श्री गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इस प्रकार की- 1. किरतपाल सिंह उर्फ किरत (18 वर्ष) पुत्र जसपाल सिंह निवासी विला तेजा, गुरदासपुर। 2. करणबीर सिंह उर्फ करण (21 वर्ष) पुत्र कृपाल सिंह निवासी बाऊपुर अफगाना, दोरांगला, गुरदासपुर। 3. सुखदीप सिंह उर्फ सुख (18 वर्ष) पुत्र हरदीप सिंह निवासी छप्पर वाली गली, तेजा खुर्द, फतेहगढ़ चूड़ियां, गुरदासपुर। 4. प्यारा सिंह (40 वर्ष) पुत्र शिंदा सिंह निवासी बल्लारवाल, अजनाला, अमृतसर। 5. पंकज वर्मा उर्फ बबलू (43 वर्ष) निवासी गुलशन राय निवासी वार्ड नंबर 10, घुमरिया मोहल्ला, फतेहगढ़ चूड़ियां, गुरदासपुर। सीपी भुल्लर ने बताया कि विश्वसनीय खुफिया सूचना के आधार पर डीसीपी हरप्रीत मंदर, एडीसीपी सिटी-1 विशालजीत सिंह और एसीपी सेंट्रल जसपाल सिंह के नेतृत्व में सब-इंस्पेक्टर जसबीर सिंह (एसएचओ, पीएस



इस्लामाबाद) की निगरानी में एक टीम ने एक विशेष अभियान चलाया। एसआई सुशील कुमार और अन्य कर्मियों सहित पुलिस दल ने कबीर पार्क क्षेत्र में एक नाका (चेकपॉइंट) ऑपरेशन के दौरान आरोपियों को गिरफ्तार किया, जहां उनके पास हेरोइन, नकदी और एक बन्दूक बरामद हुई।

**अंतरराष्ट्रीय ड्रग लिंक का खुलासा :-**

प्रारंभिक जांच में पता चला है कि फ्रांस स्थित एक व्यक्ति का पाकिस्तान स्थित ड्रग तस्करों के साथ संबंध है। गुरदासपुर का एक अन्य व्यक्ति सिकंदर सिंह, जो फ्रांस में रहता है, सोशल मीडिया के माध्यम से आरोपी करणबीर सिंह के संपर्क में था। हेरोइन की खेप कथित तौर पर पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए गुरदासपुर के सीमावर्ती इलाकों में भेजी जाती थी, जहां गिरफ्तार आरोपी उन्हें प्राप्त करते और वितरित करते थे।

**आगे की जांच जारी है :-**

सीपी भुल्लर ने जोर देकर कहा कि आपूर्तिकर्ताओं, डीलरों और खरीदारों सहित पूरे ड्रग सप्लाई नेटवर्क को उजागर करने के लिए एक विस्तृत बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंक जांच की जा रही है। गिरफ्तार व्यक्तियों द्वारा खरीदी और वितरित की गई दवाओं की कुल मात्रा निर्धारित करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। एफआईआर संख्या 38 दिनांक 09-02-2025 यू/एस 21 (सी), 29 ऑफ एनडीपीएस एक्ट, 1985 के तहत पीएस इस्लामाबाद, अमृतसर में मामला दर्ज किया गया है।

# आमजन बिना संकोच व झिझक के जिला प्रशासन के समक्ष रखें अपनी समस्याएं, किया जाएगा उचित समाधान : उपायुक्त

## - उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने समाधान शिविर में आमजन की शिकायतें सुनकर किया समाधान

**नूंह।** नीरज सोनी तावडू दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि समाधान शिविर जन सुनवाई का सशक्त प्लेटफार्म है। जहां जिला प्रशासन की ओर से कार्य दिवस पर प्रतिदिन प्रातः 10 से 12 बजे तक सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार समाधान शिविर का आयोजन कर जनसुनवाई की जा रही है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि यदि उनकी किसी प्रकार की कोई समस्या है तो वे बिना संकोच व झिझक के जिला प्रशासन के समक्ष अपनी समस्याएं रखें, जिला प्रशासन की ओर से समस्या का उचित समाधान किया



जाएगा। उन्होंने कहा कि वीरवार को जिला सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं को सुनते हुए मौके पर ही समाधान करवाया गया।

उपायुक्त ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं के निपटारे के लिए आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर काफी कारगर सिद्ध हो रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए समाधान शिविर से शिकायतकर्ताओं का विश्वास शासन-प्रशासन के प्रति बढ़ रहा है। समाधान शिविर में विभिन्न विभागीय सेवाओं से जुड़ी शिकायतों का प्राथमिकता से मौके पर ही निवारण किया जा रहा है। समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 08 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 02 का मौके पर ही समाधान करवा दिया गया तथा जो शिकायतें लंबित रही, उनका भी जल्द से जल्द समाधान करवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। उन्होंने आह्वान किया कि यदि उनकी कोई समस्या है तो उसे समाधान शिविर में जिला प्रशासन के समक्ष रखते हुए उनका समाधान करवाएं।

**शिकायत कर्ता लक्ष्मी देवी पत्नी ओमप्रकाश :** गावं - मैलावास की शिकायत बुढ़ापा पेंशन योजना की शिकायत थी जिसका तुरंत समाधान किया। शिकायतकर्ता जिला प्रशासन व हरियाणा सरकार का धन्यवाद किया।

# गलत इंजेक्शन लगाने से गर्भवती की मौत

## क्लीनिक को किया सिल 3 दिन में मांगे दस्तावेज

केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता वीरू गौतम

**पीलीभीत।** बिलसंडा में एक झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से गर्भवती महिला की मौत हो गई घनश्याम निवासी मजदूर गजेंद्र पाल आपनी पत्नी विमला देवी को प्रसव पीड़ा होने पर बुधवार को स्थानीय क्लिनिक ले गए क्लीनिक के संचालक श्रीपाल ने बिना किसी मेडिकल योग्यता के महिला को इंजेक्शन दे दिया,इसके कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई घटना की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया गुरुवार को एमओआईसी आलमगीर के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर अवैध क्लिनिक को सील कर दिया विभाग में क्लीनिक संचालक को तीन दिन के भीतर



सभी मेडिकल दस्तावेज प्रस्तुत करने का नोटिस जारी किया घटना के बाद से आरोपी श्रीपाल फरार है स्थानीय पुलिस ने मृतक का शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है एमओआईसी आलमगीर ने बताया कि सीएमओ के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है और मामले की गंभीरता को देखते हुए आगे की जांच जारी है

## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में डेढ़ घंटे रहेंगे पीएम मोदी

# अदाणी-बिड़ला और अंबानी भी आएंगे; अब तक 20 हजार से ज्यादा रजिस्ट्रेशन

**भोपाल।** भोपाल में 24-25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। पीएम समिट स्थल मानव संग्रहालय में सुबह 10 से 11.30 बजे तक रहेंगे। शेड्यूल के मुताबिक, पीएम 23 फरवरी की रात में भोपाल आ सकते हैं। वे राजभवन में रुकेंगे। प्रधानमंत्री मोदी और सीएम डॉ. मोहन यादव देश-विदेश के शीर्ष उद्योगपतियों के साथ राजभवन में डिनर भी करेंगे। समापन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आएंगे। समिट के लिए देश के दो बड़े उद्योगपति गौतम अदाणी और कुमार मंगलम बिड़ला की सहमति मिल गई है जबकि मुकेश अंबानी भी आएंगे। उनकी मौखिक सहमति मिली है। समिट के लिए अब तक 20 हजार



से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। अब तक के प्लान के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी मुख्य डोम में रहेंगे। डोम की कैपेसिटी 3000 लोगों की है। मंच पर सिर्फ पोडियम रहेगा, जहां अतिथि स्पीच देकर लौट जाएंगे। ठीक सामने 60 कुर्सियां लगाई जाएंगी। यहां प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल, अदाणी, अंबानी, बिड़ला समेत देश के शीर्ष बड़े उद्योगपति, केंद्रीय मंत्री, डिप्टी सीएम, संबंधित विभागों के मंत्री, सांसद, विधायक आदि रहेंगे। डोम में 40 से ज्यादा बड़ी स्क्रीन लगेंगी ताकि पीएम और अन्य अतिथियों को आखिरी छोर तक बैठे उद्योगपति सुन सकें।

देश के शीर्ष उद्योगपति गौतम अदाणी और कुमार मंगलम बिड़ला के आने की सहमति एमपी स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन को मिल गई है। कंपनी के अधिकारियों ने भी समिट को लेकर रजिस्ट्रेशन कराया है। अफसरों की मानें तो बिड़ला ग्रुप की सारी कंपनियों के एमडी के रजिस्ट्रेशन भी हुए हैं। शीर्ष उद्योगपतियों के लिए 5 स्टार दो प्रमुख होटल्स में बुकिंग की गई है। एमपी टूरिज्म ने इन कमरों को ब्लॉक किया था, जबकि बुकिंग उद्योगपति ही कर रहे हैं।

## आधा किलोमीटर तक पीछा कर युवक को गोली मारी

**भोपाल।** भोपाल में बाइक की टक्कर के बाद हुए विवाद में एक शख्स ने दूसरे पर गोली चला दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर, पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है। मामला निशातपुरा इलाके में बुधवार का है। जांच अधिकारी प्रेमनारायण ने बताया कि करोंद निवासी मोहम्मद जाहिद उर्फ कल्लू (33) टेलरिंग का काम करता है। बुधवार रात 7.45 बजे में वह घर से सब्जी मंडी के लिए निकला था। रास्ते में एक स्टोर के पास सामने से आया एक्टिवा सवार उसकी बाइक से टकरा गया। इसको लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। नौबत हाथापाई तक आ पहुंची। इस बीच एक्टिवा सवार ने डिक्की खोली। इसमें हथियार रखा देख जाहिद ने बाइक दौड़ा दी। बदमाश ने आधा किमी पीछा कर फायर किया।

# बरखेड़ा नगर पंचायत मे भ्रष्टाचारी चरम सीमा पर अबैध रूप से धन बसूली का लगा आरोप

केसरिया हिन्दुस्तान इसरार ब्यूरो पीलीभीत

**पीलीभीत-बरखेड़ा।** कस्बे के वार्ड नंबर 7 निवासी भीमसेन पुत्र भोला नाथ ने बीसलपुर एसडीएम नागेन्द्र पाण्डेय को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है। की पीड़ित अपने पैतृक मकान की हाउस टैक्स पंजीकृत कराने दिनांक 15 जनकारी 2025 को नगर पंचायत गया था। तभी वहा पर तैनात महेश पुत्र दीपचंद ने पीडित को हाउस टैक्स व वाटर टैक्स पंजीकृत के नाम पर दो हज़ार रूपए बसूल लिए और रसीद केवल पन्द्रह सौ रूपए की दे दी जब पीड़ित ने दो हज़ार रूपए लेकर पन्द्रह सौ की रसीद क्यो दी इसी बात को लेकर भ्रष्ट महेश पीड़ित से झगड़े फसाद पर आमादा हो गया। और पीडित को गन्दी गन्दी गालिया देते हुए कहा की




रसीद15 सौ रूपए की ही दूंगा और 20 हज़ार रूपए लूगा तुम्हे जो करना हो कर लो अगर ज्यादा कुछ कहा तो जान से मार देंगे उक्त घटना नरेश के सामने हुई है। मेरे साथ साथ और भी कई लोगो के साथ महेश अभ्रद व्यवहार करता रहता है। और अबैध रूप से धन बसूलता है। महेश का मूल पद सफाई कर्मी का है। वह अपने मूल पद पर कार्य ना करके वह नगर पंचायत मे बाबू की हैसियत से कार्य कर रहा है। और जमकर भ्रष्टाचार कर रहा है। और लोगो का आर्थिक शोषण कर रहा है।जबकि नगर पंचायत के ईओ का चार्ज बीसलपुर एसडीएम सभाल रहे है। उसके बावजूद भी नगर पंचायत मे हाउस टैक्स वाटर टैक्स के नाम से धन उगाही चल रही है। जिसके चलते सफाई कर्मी बाबू बनकर कस्बे की जनता के ऊपर रौब झाडता है। और गरीबो का जमकर शोषण कर रहा है। बीसलपुर एसडीएम की लापरवाही के चलते सफाई कर्मी कस्बे मे सफाई करने नही जाता है। और नगर पंचायत मे बाबू का चार्ज संभालकर सरकारी कागजो मे लीपापोती करके कस्बे की जनता से अबैध धन उगाही कर रहा है।

## मध्यप्रदेश में 3.7 डिग्री तक लुढ़का दिन का तापमान

# भोपाल, इंदौर-ग्वालियर समेत 11 शहरों में 30डिग्री से नीचे आया पारा; 2 दिन ऐसा ही रहेगा मौसम

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में दिन के तापमान में फिर से गिरावट आई है। बुधवार को भोपाल, इंदौर, ग्वालियर समेत 11 शहरों में पारा 30 डिग्री से नीचे आ गया। ग्वालियर में 3.7 डिग्री की गिरावट के साथ पारा 27.8 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिक प्रमेंद्र कुमार रैकवार के अनुसार अगले 2 दिन ऐसा ही मौसम रहेगा। फरवरी महीने में पारे में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी। मौसम वैज्ञानिक रैकवार ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के ऊपर एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हुआ है। इस वजह से बुधवार को दिन के तापमान में गिरावट देखने को मिली है। रात में भी पारा लुढ़क सकता है। 14 और 15 फरवरी को भी मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहेगा। इसके बाद तापमान में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने बताया, फरवरी में कई वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होंगे। इस वजह से पारे में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी। फिलहाल बारिश के आसार नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार को भोपाल-इंदौर में 28.8 डिग्री, धार में 28.9 डिग्री, ग्वालियर में 27.8 डिग्री, नर्मदापुरम में 29 डिग्री, पचमढ़ी में 26.1 डिग्री, रायसेन में 28 डिग्री, नरसिंहपुर में 28 डिग्री, नौगांव में 28.1 डिग्री, सीधी में 29.8 डिग्री, मलाजखंड में 29.2 डिग्री सेल्सियस



रहा। दूसरी ओर, दमोह, जबलपुर, खजुराहो, मंडला, रीवा, सागर, सतना, सिवनी, टीकमगढ़, उमरिया, बैतूल, गुना, खंडवा, खरगोन, रतलाम, शिवपुरी और उज्जैन में पारा 30 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया। खंडवा में सबसे ज्यादा 33.1 डिग्री और खरगोन में पारा 33 डिग्री दर्ज किया गया। इससे पहले मंगलवार-बुधवार की रात में भी तापमान में उतार-चढ़ाव की स्थिति देखने को मिली। शहडोल के कल्याणपुर में 9.3 डिग्री और पचमढ़ी में 9.7 डिग्री रहा। बाकी शहरों में पारा इससे अधिक दर्ज किया गया। प्रदेश में पिछले 10 साल के आंकड़ों पर नजर डालें, तो फरवरी महीने में रातें ठंडी और दिन गर्म रहते हैं। बारिश का ट्रेंड भी है। इस बार भी ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान है। भोपाल, इंदौर और उज्जैन में दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री के पार रहेगा, जबकि रात में 10 से 14 डिग्री के बीच रह सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, फरवरी में सबसे ज्यादा ग्वालियर ठिठुरता है। पिछले साल यहां न्यूनतम तापमान 6.1 डिग्री तक पहुंचा था, लेकिन इससे पहले 5 डिग्री के नीचे ही रहा है। जबलपुर में दिन में गर्मी और रात में ठंड रहती है। प्रदेश के 5 बड़े शहर- भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन में फरवरी के मौसम के मिजाज के बारे में समझा। जानते हैं, ठंड के लिहाज से कैसा रहता है फरवरी...। इस बार शुरुआती दो महीने यानी, नवंबर और दिसंबर में कड़ाके की ठंड पड़ी।

## अशोका गार्डन, ऐशबाग-करोंद में आज बिजली कटौती

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के करीब 55 इलाकों में कल यानी, गुरुवार को 4 से 7 घंटे तक बिजली कटौती होगी। यहां बिजली कंपनी मेंटेनेंस करेगी। जिन इलाकों में बिजली गुल रहेगी, उनमें अशोका गार्डन, ऐशबाग, करोंद, श्यामला हिल्स, बैरसिया रोड, पंजाबी बाग, जनता क्वार्टर जैसे कई बड़े रहवासी इलाके भी शामिल है। ऐसे में लोग अपने जरूरी काम पहले से निपटा लें। ताकि, परेशानी का सामना न करना पड़े। सुबह 9 से शाम 4 बजे तक शक्तिनगर, ए,बी-सी सेक्टर, पंचवटी एवं आसपास के इलाके। सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक गोविंदनारायण कैम्पस, ईको ग्रीन पार्क, एमएल हाइराईज एवं आसपास। सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक देवकी नगर, पन्ना नगर, करोंद, पंचवटी फेस-1 और 2, बैरसिया रोड, कृषि अनुसंधान कॉलोनी एवं आसपास। सुबह 10 से शाम 4 बजे तक प्रगति नगर, अशोका गार्डन, अमृत कॉम्पलेक्स, पंजाबी बाग, गुरुनानक पुरा, बाग फरहत अफ्जा, ऐशबाग, जनता क्वार्टर, कमला पार्क रोड, गिन्नौरी, चौबदार वाड़ी, हाथीखाना, इस्लामपुरा, भोईपुरा, तलैया, बैंड मास्टर चौराहा, पुल पातरा एवं आसपास।

## भोपाल में भीख लेने-देने पर पहली एफआईआर

# प्रशासन की टीम को गैंग ने घेरा, देख पुलिस ने भिखारी और ट्रक चालक पर किया केस

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में इंदौर के बाद राजधानी भोपाल में भी भिक्षावृत्ति पर सख्ती देखने को मिली है। 25 जनवरी को एक भिखारी द्वारा नागरिक के साथ अभद्रता किए जाने पर शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसके आधार पर एफआईआर हुई थी। अब बुधवार को एमपी नगर पुलिस ने पहली बार न केवल भीख मांगने वाले बल्कि देने वाले पर भी मुकदमा दर्ज किया है। प्रशासन द्वारा भिक्षावृत्ति रोकने के लिए यह एक कड़ा कदम माना जा रहा है। बुधवार को एमपी नगर थाने में भीख लेने और देने को लेकर पहली एफआईआर दर्ज की गई। प्रशासन की टीम ने बोर्ड ऑफिस चौराहे पर ट्रैफिक सिग्नल पर वाहन चालकों को सामान बेचने वाले भिखारियों को पकड़ा। टीम के वीडियो में एक युवक गाड़ियों के कांच साफ करने वाला पोंछा ट्रक चालक को बेचते हुए दिखाई दिया। जब टीम ने उसे पकड़ने का प्रयास किया, तो भिखारियों की गैंग ने टीम को घेर लिया, जिससे कुछ देर के लिए



अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस दौरान आरोपी युवक मौके से फरार हो गया। बाद में प्रशासन की टीम ने पुलिस से संपर्क किया और एमपी नगर थाने पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई। एफआईआर वीडियो के आधार पर दर्ज की गई, जिसमें ट्रक चालक को पोंछा बेचते भिखारी को देखा जा सकता है। इसके बाद टीम ने और भी फुटेज खंगालने का प्रयास किया और चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों से और फुटेज निकालने का निर्णय लिया है।

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने 4 फरवरी को भीख मांगने और देने पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए थे, जिसके बाद प्रशासन ने इस पर सख्ती शुरू की। पहले भी एक भिखारी को पकड़ा गया था, लेकिन वीडियो के अभाव में एफआईआर नहीं हो सकी थी। बोर्ड ऑफिस स्थित सिग्नल पर 25 जनवरी को एक युवक ने नागरिक योगेंद्र भलावी से भीख मांगी। जब योगेंद्र ने युवक से कहा, इतने हट्टे-कट्टे होने पर भीख मांगते हो, तो भिखारी ने उनसे अभद्रता करना शुरू कर दिया। इसके बाद योगेंद्र थाने पहुंचे और घटना की पूरी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने भिक्षावृत्ति निषेध अधिनियम के तहत आरोपी भिखारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पूछताछ में भिखारी ने पुलिस को बताया कि वह कई सालों से भोपाल में भीख मांग रहा है और समय-समय पर इलाका बदलता रहता है। पुलिस अब उसका रिकॉर्ड खंगालने में लगी है।

योगेंद्र की शिकायत पर पुलिस ने भिखारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की और बाद में जमानती धारा के तहत उसे नोटिस देकर छोड़ दिया।

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर शुक्रवार 14 फरवरी 2025
खबरें बेबाक, बेखौफ, बेझिझक



# मीडिया कर्मियों और कलेक्टर की प्रेसवार्ता कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित

दैनिक केसरिया श्रीराम सेन

**रायसेन।** रायसेन जिले के गांव-गांव में ग्राम चौपाल आयोजित करके इसे और भी अधिक प्रभावी बनाया जाएगा ।ताकि गांव में लोगों की समस्याएं मौके पर ही निराकरण हो सके। साथ ही प्रति मंगलवार कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम को भी प्रभावी और प्रभावशील बनाया जाएगा। पत्रकारों व मीडिया कर्मियों से अपेक्षा है कि जिला प्रशासन का मिलजुलकर सहयोग करें तो और भी काम बेहतर हो सकेंगे। यह बात जिले के नवागत कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने मीडिया कर्मियों से चर्चा करते हुए कही। इस मौके पर जिला जनसंपर्क अधिकारी अनुभा सिंह भी विशेष रूप से मौजूद रहीं।

**कलेक्टर बोले.... जिम्मेदार विभाग के अधिकारी जल जीवन मिशन योजनाएं दुरुस्त कर लें :-**

गांव में और तहसील का गांव में जल जीवन मिशन योजना को दुरुस्त करने पीएससी विभाग के अधिकारी और मैदानी अमला आगामी गर्मियों के मौसम में जल संगठित की स्थिति ना बने इसीलिए हैंडपंप जल जीवन मिशन योजना और अन्य जलस्त्रोतों को ठीक करवा ले। ताकि लोगों को जलसंकट से निजात मिल सके।



**शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में कराए जाएंगे कार्य..... :-**

जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने की दिशा में अब बेहतर काम किए जाएंगे इसमें बच्चों के अभिभावकों की का भी सहयोग जरूरी है बच्चों का अच्छा करियर बने तकनीकी शिक्षा मिले कंप्यूटर शिक्षा मिले ताकि वह अपना बेहतर कैरियर बना सके स्कूलों में पढ़ाई के लिए शिक्षक शिक्षकाओं का भी यह मुख्य दायित्व है कि अपना काम पूरी ईमानदारी से करें। ताकि बच्चों का भविष्य बन सके। हमारा मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी के भविष्य को बेहतर बनाना होगा ।ताकि वह रोजगार की दिशा में बच्चों को नियमित रूप से मोटिवेट करना चाहिए। दलित आदिवासियों और पिछड़े वर्ग के कन्या छात्रावासों आदिवासी छात्रों छात्रावास में शिक्षा सहित तमाम व्यवस्थाओं में सुधारने में मीडिया का अहम योगदान होना चाहिए इसके अलावा स्वास्थ्य चिकित्सा सुविधा में भी सहयोग करते रहना चाहिए सत्ता में एक रोज कलेक्टर ने मीडिया कर्मियों को जनसुनवाई के बाद समय तय किया है ताकि कुछ विभिन्न मुद्दों और समस्याओं पर चर्चा हो सके। कलेक्टर ने 18 फरवरी को शहर के दशहरा मैदान में प्रस्तावित मुख्यमंत्री की जनसभा में कवियों को दूर करने के लिए भी मीडिया कर्मियों से चर्चा की सिस्टम और व्यवस्थाओं में मीडिया कर्मियों के सकारात्मक सुधार से ही बेहतर काम हो सकते हैं ।क्योंकि कलाम की तलवार काफी पावरफुल होती है। कलम की तलवार की धार से ही स्थिति मजबूत बन सकती है ।ताकि हमको भी इसमें सुधार करने की गुंजाइश रह सके

# भाजपा के शासनकाल में अधिकारी एवं कर्मचारियों की बल्ले बल्ले

भिंड जिले की गोहद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत एंडोरी में लगभग 1 करोड़ से भी ज्यादा भ्रष्टाचार कर शासन की योजनाओं एवं कार्य को पलीता लगाने का काम ग्राम पंचायत पूर्व सरपंच राम कल्याण सिंह कुशवाहा सचिव साहिब सिंह एवं हरेंद्र सिंह तोमर रोजगार सहायक गिर्राज शर्मा एवं हीरेश मौर्य द्वारा लगभग करोड़ों का घोटाला। जिला पंचायत सीईओ सुनील दुबे द्वारा भी इन जीआरएस कर्मचारियों पर कोई कार्रवाई करने में असमर्थ रहे जबकि शासन के



निर्देशानुसार इन दोनों रोजगार सहायक को बर्खास्त किया जाना चाहिए लेकिन उन्हें निलंबित किया गया कहीं ना कहीं भ्रष्टाचार की बदबू आ रही है और देखा गया कि मामले को दबाया जा रहा हैड्ड एंडोरी पंचायत महा घोटाला पंचायत के नाम से।

# निराश्रित मवेशियों की समस्यायों से निजात दिलाने के लिए गौ अभ्यारण्य एक मात्र विकल्प

संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा

तेंदूखेड़ा इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में आवारा मवेशियों की समस्याएं फिर सामने आने लगी है ।वर्ष भर इन मवेशियों को गुपचुप तरीके से कत्ल खाने चले जाने के साथ सैकड़ों मवेशी बाहन दुर्घटना में असमय काल के गाल में समा जाने के उपरांत वरसात के दिनों में पशुपालकों द्वारा बांधने छोड़ने और चारे भूसा की समस्या के चलते तेंदूखेड़ा तरफ छोड़कर चले जाते हैं। बहुत मवेशियों की सेहत अच्छी देख कुछ मौकापरस्त लोग जो ऐसे आवारा मवेशियों को देख आस पास के मवेशी बाजार में जाकर बेंच देते हैं ।या कुछ मवेशी जंगली क्षेत्रों में भाग जाते हैं ।तो कुछ मवेशी बड़े समूह झुंडों को देख स्वयं शामिल



हो जाते हैं। तेंदूखेड़ा क्षेत्र में आज यही स्थिति बनीं हुई है ।आये दिन बड़ी संख्या में मवेशी सड़क दुर्घटनाओं में काल के गाल में समाते चले जा रहे हैं। यही मवेशी खेतों में खड़ी फसलों को अपना निवाला बनायेंगे ।कृषक भी परेशान होंगे ।इन सभी समस्याओं से निजात दिलाने की दिशा में तेंदूखेड़ा के समीप ऊमरपानी ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाली दाने बाबा की पहाड़ी या मर्रावन ग्राम पंचायत के अंतर्गत उपयुक्त स्थान साबित हो सकता है। जहां चारे पानी की व्यवस्था के साथ हजारों मवेशियों को सुविधाओं के साथ पनाह स्थली बनाई जा सकती है ।पूर्व में भी इस तरह की जानकारी ज्ञापनों के माध्यम से जवाबदार पक्षों को भी दी गई थी। लेकिन यह विषय नक्कारखाने में तूती की आवाज बनकर रह गई।

**शोपीस बनकर रह गई गौ शालायें :-**

शासन के द्वारा जिस उद्देश्य को लेकर उक्त गौ शालाओं का गांव गांव निर्माण कराया गया था वह अपने उद्देश्य से भटककर केवल शोपीस बनकर रह गई है। इन गौ शालाओं की आड़ में कुछ पंचायतें केवल अपनी उदर पूर्ति का जरिया मान बैठी है तो कुछ संचालन करने वाले समूह अपनी बपौती समझ बैठे है ।जिस क्षमता से इन गौ शालाओं को बनाया गया है उनमें चारे भूसा पानी का बहाना बनाकर केवल स्वयं के मवेशी बांधे छोड़े जा रहे हैं वाकी सब सड़कों पर आवारा मवेशी के रूप में दिखाई दे रहे हैं ।केवल गौ माता का दिखावा करने वालों की ही इच्छा शक्ति की बजह से ही आज गौ माता यहां वहां भटक रही है ।केवल एक गौ शाला निर्माण की राशि मात्र ही यदि यहां खर्च हो जाती तो एक अभ्यारण्य शुरू हो सकता है। छाया के लिए चार पांच बड़े शेड पानी को अलग-अलग टांक और तार बाड़ी से ही बहुत कुछ काम बन जाएगा। तेंदूखेड़ा और आस पास के जितने भी आवारा मवेशी यहां वहां विचरण किया करते हैं ।वे सभी यहां पर छोड़े जा सकतें हैं ।केवल कसाईयों और उनको संरक्षण देने वाले दानवों से बचाव करने भर निगरानी की जरूरत होगी। इस व्यवस्था में गौ सेवको को भी जवाबदारी मील का पत्थर साबित हो सकती है।

# संस्कृति ज्ञान परीक्षा के छात्रों को किया गया पुरुस्कृत

## शील्ड प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि दी गई

संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा

तेंदूखेड़ा विद्यार्थियों को भारतीय सनातनी संस्कृति आध्यात्मिक पर्यावरण सुरक्षा संरक्षण जीवन उपयोगी सामान्य ज्ञान का बोध कराने अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में संपूर्ण भारत वर्ष में एक साथ एक ही दिवस भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हाईस्कूल माध्यमिक और उच्च स्तर के छात्रों को समावेशित किया जाता है ।साथ ही जिला और तहसील स्तर पर सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले छात्रों को भी पुरस्कृत किया जाता है ।इसी श्रंखला के चलते तेंदूखेड़ा तहसील के अंतर्गत लगभग 27 स्कूलों के 1900 छात्रों ने इस परीक्षा में भाग लिया था। जिनके परीक्षा परिणाम घोषित किये गये। तहसील स्तर पर प्रथम स्थान कु



चांदनी पिता राजूलाल विश्वकर्मा ने द्वितीय स्थान कु विशाखा दिनेश लोधी तृतीय स्थान कु मानसी पिता घनश्याम पटेल ने अर्जित किया है। वहीं विद्यालय स्तर पर भी प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को भी पुरस्कृत किया जा रहा है ।इन सभी छात्रों को विद्यालयों में पहुंचकर शांतिकुंज हरिद्वार से जारी प्रशस्ति पत्र उपजोन समीति सदस्य वृन्दावन पटेल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के तहसील प्रमुख रामकुमार ठाकुर तहसील संयोजक श्रीकांत गुप्ता संतोष पटेल वरिष्ठ परिजन वीरेंद पटैल भैंरों प्रसाद पटैल तेजराम पटैल यशवंत पटेल भूपेन्द्र पटेल द्वारका प्रसाद सोनी हरिओम वर्मा नारायण सिंह पटेल शंकरलाल पटेल सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिजन उपस्थित रहे तथा परीक्षा संपन्न कराने में महती भूमिका निभाई ।साथ ही जिन विद्यालयों के विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में सर्वाधिक भाग लिया उन स्कूलों एवं शिक्षकों को भी सम्मानित किया जा रहा है।

# भगवान बाहुबली का 22 वा प्रतिष्ठापना महोत्सव व निर्माण लाडू 15फ़रवरी को चढ़ाया जायेगा

आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**सनावद।** सनावद से 3 किलोमीटर दूर स्तिथ परम पूज्य वात्सल्य वारिधी पंचम पट्टाधीश सनावद नगर गौरव आचार्य श्री 108 वर्धमान सागर जी महाराज के आशीर्वाद से निर्मित हुवे दि.जैन श्री क्षेत्र सिद्धाचल पोदनपुरम में भगवान बाहुबली का 22 वा प्रतिष्ठापना महोत्सव एवम भगवान बाहुबली को निर्वाण लाडू 15 फरवरी शनिवार को चढ़ाया जायेगा। सन्मति जैन काका ने बताया की जिसके अंतर्गत सुबह 9.15 बजे भगवान बाहुबली का चरणाअभिषेक महाशांति धारा एवं 9.30 बजे भगवान बाहुबली का महापूजन पश्चात 9.45 बजे निर्वाण लाडू चढ़ाया जायेगा।

# बाल सुरक्षा अभियान के तहत जिले में 1 लाख 92 हजार बच्चों को पिलाई जायेगी विटामिन "ए" की खुराक

दीपक सिंह तोमर दैनिक केसरिया हिंदुस्तान खरगोन जिला ब्योरो चीफ

**खरगोन।** जिले में दस्तक अभियान का द्वितीय चरण का आयोजन 18 फरवरी 2025 से 18 मार्च 2025 के मध्य किया जाएगा। टीकाकरण अधिकारी डॉ. संजय भट्ट जिला द्वारा बताया गया कि जिले में 9 माह से 5 वर्ष तक के सभी 01 लाख 92 हजार 783 बच्चों को विटामिन ''ए'', की दवा पिलाई जायेगी। इस दौरान 6 माह से 5 वर्ष के चिन्हांकित एनीमिक बच्चों की डिजिटल हीमोग्लोबिनो मीटर से खुन की जॉच, उपचार, एवं प्रबधंन



किया जाएगा ।विटामिन ए अनुपुरण अभियान एक महत्वपूर्ण अभियान हैं। जिसके माध्यम से हम न सिर्फ बच्चों में होने वाली बीमारियों को समय पर पहचान कर बच्चों में होने वाली मृत्यु दर में कमी ला सकते हैं, बल्कि विटामिन के माध्यम से उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढाकर बच्चों में होने वाली बीमारियों के सम्भावित खतरों से उनको सुरक्षित रख सकते है। विटामिन ''ए'' की खुराक बच्चों में होने वाले रतोंधी, खसरे एवं त्वचा से संबंधी रोगों की रोकथाम में सहायता करती है। इस अभियान के सफल संचालन के लिए स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास की संयुक्त टीम द्वारा घर-घर दस्तक देकर समस्त 09 माह से 05 वर्ष के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई जायेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मोहनसिंह सिसोदिया द्वारा यह अपील की गई कि अभियान के दौरान समस्त पालक अपने बच्चों को विटामिन ए की दवा अवश्य पिलाएं।

# स्वर्गीय सेठ मदनलाल चौपड़ा की स्मृति में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

केसरी हिंदुस्तान दिनेश वर्मा

**महिदपुर।** स्वर्गीय सेठ मदनलाल चौपड़ा की स्मृति में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ घोसला स्थित क्रिकेट मैदान पर हुआ। कार्यक्रम तराना विधायक महेश परमार के मुख्य आतिथ्य एवं महिदपुर विधायक दिनेश जैन बोस की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। विशेष अतिथि के रुप में जिला पंचायत सदस्य जितेन्द्र मंडोरा, कांग्रेस नेता रणछोड़ त्रिवेदी, पूर्व सरपंच अब्दुल मजीद मंसूरी, कांग्रेस नेता संजय रावल रूपखेड़ी, मनोज शर्मा पिपलियाहरजी, गौरी परुलेकर, अशोक सिंहजी देवड़ा



ढाबला हरदू , शुभम सिंह चौहान पलवा उपस्थित थे। इस अवसर पर टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजक हर्ष चौपड़ा द्वारा सभी अतिथियों का महाकाल का दुपट्टा पहन कर साफा बांधकर सम्मान किया। टूर्नामेंट के शुभारंभ पर विधायक महेश परमार ने कई चौके उद्घाटन में लगाए। क्षेत्रीय विधायक दिनेश जैन बोस ने भी बल्ले पर अपने हाथ आजमाएं। टूर्नामेंट आयोजक हर्ष चौपड़ा ने सभी अतिथियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि क्रिकेट के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को एक अच्छा खेल का प्लेटफार्म देना मेरी इच्छा थी। इसी के लिए मैंने मेरे पूज्य दादाजी की स्मृति में यह कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जनपद सदस्य कांग्रेस नेता प्रतीक बडेरा ने किया।

# संत शिरोमणि रविदास की जयंती आयोजन में शामिल हुए गुर



केसरी हिंदुस्तान दिनेश वर्मा

**महिदपुर।** बुधवार को संत शिरोमणि रविदास जयंती पर ग्राम झुटावद में आयोजित चल समारोह में पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रताप सिंह गुर ने शामिल होकर संत शिरो मणि का सम्मान करते हुए समाज जनों को बधाई दी इस अवसर पर गुर ने कहा रविदास जी ने समाज में व्याप्त कुरुतियों, अंधविश्वासों समाज में व्याप्त शिक्षा को लेकर समाज को जागृत करने का जीवन पर्यंत कार्य किया पूरे हिंदू समाज को उन पर गर्व है दिन में गांव में निकले चल समा रोह का विभिन्न समाज जनों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया समारोह मे ब ड़ी संख्या में आसपास के गांवों के रविदास समाज के महिला पुरुषों ने भाग लिया समारोह के समापन पर समाज के मंदिर में महा आरती के पश्चात समा ज जनों का सहभोज सं पन्न हुआ

# भाजपा के राज्य में कहीं बहनों का चीर हरण तो कहीं बहनों की इज्जत पर दाग क्या यही है रामराज

व्योमेश शर्मा

भिंड जिले की गोहद विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एंडोरी कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में ष्ठ क्ष्ट शर्मा द्वारा कलेक्टर को गुमराह कर तत्कालीन छात्रावास वार्डन का ट्रांसफर कर कर दूसरी वार्डन को नियुक्त किया गया उसके बाद सहायक वार्डन को निलंबित किया




गया निलंबित करने के बाद भी सहायक वार्डन अभी भी छात्रावास में निवास कर रही है और कहा गया की आप हमारे सपोर्ट में बयान दो तो हम आपको जांच में निकाल कर कर बहाल कर देंगे लेकिन उनसे छात्रावास खाली नहीं कराया गया कलेक्टर साहब को गुमराह कर कोई न कोई झूठी कहानी गडकर आदेश निकलवाते रहते हैं कलेक्टर साहब की छवि को धूमिल किया जा रहा है शर्मा जैसे अधिकारी ही साफ स्वच्छ छवि वाले अधिकारी की छवि में दाग लगवा रहे हैं ऐसे अधिकारियों को तो जिले से बाहर भेज देना चाहिए जिससे चंबल के पानी की शान बनी रहे। अबला अपनी इज्जत के खातिर लग रही है विभागों के चक्कर लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही इसी मौके पर घटना के समय सीमा माहौर द्वारा अपना कथन पेश किया गया और जिससे अर्चना जाटव को न्याय मिल सके।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

## जिले के दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट काम करने पर हुआ मंथन

दीपक सिंह तोमर केसरिया हिंदुस्तान खरगोन जिला ब्योरो चीफ

**खरगोन।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल की अध्यक्षता में जिला कलेक्टर कार्यालय में 13 फरवरी को संपन्न हुई। उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री धर्मराज मीणा, डीएफओ श्री रमेश राठौर, पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन यंत्री श्री विजय सिंह पंवार, जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती रितु अग्रवाल, ट्राफिक टीआई, एनएचआई एवं प ी ए म ज ी ए स ० ह ा य, एमपीआरडीसी के अधिकारी एवं प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी श्री अश्विन गुप्ता उपस्थित रहे। उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री मीणा ने प्रेजेंटेशन देते हुए बताया कि इस वर्ष जिले में 405 व्यक्तियों की दुर्घटना में मृत्यु हुई है। जिसे कम किया जाना है। पुलिस अधीक्षक श्री



मीणा ने थानावार एवं प्रत्येक ब्लैक स्पॉटवार आंकडे देते हुए बताया कि यदि इन स्थानों पर संबंधित सड़क प्राधिकरण द्वारा रम्बल स्ट्रीप निर्माण, अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही संकेतक लगाने की कार्यवाही यदि हो जाती है तो दुर्घटनाओं में कमी आ सकती है। उक्त दुर्घटना में से 265 लोगों यानी लगभग 70 प्रतिशत लोगों की मृत्यु मोटर साइकिल पर हेलमेट नहीं लगाने के कारण हुई है। जिस हेतु जन जागृति की आवश्यकता है। सुखपूरी से डालकी नदी तक डिवाइडर बनाया जाए जिससे दुर्घटनाएं रोकी जाए। जिस पर उपस्थित पीओ डूडा श्री कुशल सिंह डुडवे ने बताया कि उक्त मार्ग पर डिवाइडर का शीघ्र निर्माण किया जाएगा ।कलेक्टर सुश्री मित्तल ने एमपी आरडीसी एवं अन्य सड़क परिवहन एजेंसी को तत्काल सुधार कर कार्य करने के निर्देश दिए जिससे दुर्घटनाएं कम हो सकें।

# नौजवानों! किसी भी कीमत पर चरित्र को गिरने मत देना : परम सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज

## चरित्र सही रहेगा तो विचार-भावनाएं अच्छी आएंगी

उज्जैन परम सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज ने अपने सतसंग में बताया कि भारत देश के बच्चे और बच्चियों के चरित्र का गिरना बहुत बड़ा अभिशाप बन जाएगा। इसलिए आप लोग अपने-अपने बच्चे और बच्चियों का ध्यान रखो। कहां जा रहे हैं, क्या कर रहे हैं, किसके साथ जा रहे हैं, गलत आदतो में तो नहीं पड़ जा रहे हैं? इस पर आप लोग अगर ध्यान नहीं दोगे तो कुछ दिन के बाद आधा देश पागल हो जाएगा। पागल किसको कहते हैं? एक तो पागलपन होता है कि जब आकाश तत्व की कमी हो जाती है तब बुद्धि उसकी नहीं रहती है तो वह पागल हो जाता है और एक पागल ऐसा होता है कि जो नशे में पागल हो जाता है, तब



बुद्धि उसकी काम की नहीं रहती।

चरित्र गिरा तो समझो नरक का टिकिट कट गया व्यभिचार करने वाला व्यक्ति भजन कर ही नहीं सकता है; चाहे औरत हो, चाहे आदमी हो। सेवक सुख चह मान भिखारी। व्यसनी धन सुभ गति विभिचारी॥ जो व्यभिचारी होते हैं उनको शुभ गति मिलती नहीं है, उनके लिए तो नर्क का टिकिट हो गया है, नरक में तो यातना भोगनी ही पड़ेगी। इसलिए नौजवानों किसी भी कीमत पर चरित्र को मत गिरने देना।

**चरित्र अगर सही रहेगा तो विचार अच्छे आएंगे :-**

जरूरी चीजों को याद रखना चाहिए और जो लोग आप इन चीजों को गुरु के वचनों को छोड़ दे रहे हो उसको आप पकड़ो और खानपान सही रखो । खानपान सही रखने से चरित्र खराब नहीं होता है और चरित्र अगर सही रहेगा तो विचार अच्छे आएंगे भावनाएं अच्छी आएंगी, और काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार पर रोक लगेगी। शील, क्षमा, संतोष, विरह, विवेक आएगा। इससे भजन करने का प्लेटफार्म बनेगा।

# डेहरी चौकी प्रभारी पर हमला सिर में चोंट

## पुलिस पर हमला करने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार

केसरिया हिन्दुस्तान से रघुनाथ सेन






**बाग।** बाग थाना क्षेत्र में पुलिस दल पर हमले का मामला सामने आया है। बाग पुलिस थाना अंतर्गत डेहरी चौकी प्रभारी जगदीश चौहान के साथ मारपीट की घटना हुई है। बुधवार शाम 7 बजे करीब लोंगसरी के शिव मंदिर के पास कुछ लोग आपस में लड़ाई कर रहे थे। जिसे लेकर चौकी प्रभारी उन्हें समझाइश देने गए थे। इस दौरान यह घटना हुई। पुलिस थाने के मुताबिक कुछ लोग आपस में लड़ाई कर रहे थे।

**भागने के दौरान पकड़ाया एक आरोपी:-**

घटना में विष्णु परिहार नामक आरोपी ने डेहरी चौकी प्रभारी जगदीश चौहान पर पत्थर फेंका, जिससे उनके सिर में चोट आई है। अन्य आरोपियों ने भी पुलिस जवानों के साथ हाथापाई की। हमले के बाद आरोपी भागने लगे, लेकिन एक बाइक गिरने से विष्णु को मौके पर ही पकड़ लिया गया।

**इनको किया गिरफ्तार :-**

बाग थाना प्रभारी कैलाश चौहान ने गुरुवार को बताया कि पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में विष्णु परिहार, राहुल बघेल, जितेंद्र जर्मन, मुकेश और कान्हा शामिल हैं। ये सभी मनावर थाने के ग्राम बनेड़िया के रहने वाले हैं। एक आरोपी राहुल अभी भी फरार है। सभी आरोपियों के खिलाफ बलवा की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसडीओपी कुक्षी सुनील गुप्ता और थाना प्रभारी कैलाश चौहान भी मौके पर पहुंचे। पकड़े गए आरोपियों को कुक्षी न्यायालय में पेश किया।

### इंदौर में 17 फरवरी को मध्यप्रदेश महापौर परिषद की बैठक

**इंदौर।** इंदौर में 17 फरवरी को मध्यप्रदेश महापौर परिषद की बैठक आयोजित की है। ये बैठक ब्रिलियंट कन्वेशन सेंटर में होगी। बैठक में विभिन्न विषयों पर बातचीत करने के साथ ही प्रदेशभर से आने वाले मेयरों को शहर में कई जगह घुमाया भी जाएगा। महापौर पुष्यमित्र भार्गव इस बैठक की मेजबानी करेंगे। पुष्यमित्र भार्गव ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर्स मध्यप्रदेश इकाई के प्रदेश अध्यक्ष है। महापौर भार्ग?व ने बताया कि 17 फरवरी को मध्यप्रदेश महापौर परिषद की बैठक इंदौर में आयोजित की जा रही है। इसमें मध्यप्रदेश के लगभग सभी महापौर शामिल होने वाले है, जो मध्यप्रदेश के नगरीय निकायों में विकास और महापौर परिषद की शक्तियों उनके उपयोग पर चर्चा करेंगे।

# गायत्री महामंत्र जप से मन एकाग्र होता है : मधुबाला शर्मा

## कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में गायत्री परिजनों ने किया यज्ञ का आयोजन

हरीश सोनी केसरिया हिंदुस्तान



**जोबट।** गायत्री महामंत्र का जाप करने से चित एकाग्र होता है, पढ़ाई में मन अच्छा लगता है, अच्छे नंबरों से पास होते हैं एवं भविष्य में अच्छे पदों पर सेवारत होकर घर, परिवार एवं समाज की सेवा करते हैं, यह बात आचार्य मधुबाला शर्मा ने पंच कुंडी शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ ग्राम बड़ागुड़ा कस्तूरबा गांधी कन्या आश्रम में आयोजित गायत्री महायज्ञ के दौरान उपस्थित छात्राओं को बतौर समझाइस कही, गायत्री महायज्ञ तीन पारियों में संपन्न हुआ, 200 से अधिक छात्राओं ने यज्ञ में भागीदारी की, आचार्य सरोज राठौड़, उषा उपाध्याय, प्रेमलता चौहान, सुकमा बघेल ने यज्ञ संचालन के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं से कहा कि विश्व में जितने भी मंत्र है उन सब मत्रों में गायत्री महामंत्र सबसे बड़ा मंत्र है, इसके जपने से बुद्धि प्रखर होती है, चित् एकाग्र होता है, सद्बुद्धि आती है, सारी समस्याओं का समाधान होता है, संपन्नता आती है, घरों में अन्न, जल, धन का भंडार भरा रहता है, नगर के वान प्रशित राजेंद्र सोनी एवं पदमा सोनी ने अपने आशीर्वचन में उपस्थित छात्र-छात्राओं से कहा कि आप दुर्वेसन एवं फैशन से सदैव बचे रहे,आपका जीवन सदैव स्वस्थ,सुखी ,सुंदर एवं मंगलमय बना रहेगा एवं आप सदैव उन्नति करते रहेंगे, शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी एवं अखंड दीप की जन्म शताब्दी 2026 के उपलक्ष में गायत्री परिवार द्वारा गांव-गांव में आयोजित किये जा रहे हैं, संस्था की अधीक्षक वंदना सोलंकी एवं सुशीला सोलंकी का पंच कुंडी गायत्री महायज्ञ में विशेष एवं प्रशंसनीय सहयोग रहा है, समाचार शिवराम वर्मा मीडिया प्रभारी ने दिए।

# बड़ावदा में मनाई रविदास जयंती

केसरिया हिंदुस्तान दिनेश पौराणिक



**बड़ावदा।** बड़ावदा शहर में बड़ी धूमधाम से संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती का आयोजन रखा गया जिसमें नगर के प्रमुख मार्गो से चल समारोह चलकर वार्ड क्रमांक 6 रविदास समाज परिसर में महाआरती का आयोजन रखा गया तथा वहां से चलकर समाज के समस्त बंधुओं सहित चल समारोह श्री संत शिरोमणि रविदास मंदिर वार्ड क्रमांक 4 मगरा क्षेत्र पर समापन किया गया साथ ही भोजन प्रसादी का आयोजन भी रखा गया भोजन प्रसादी पश्चात भजन संध्या का आयोजन रविदास समाज के समस्त बंधुओं एवं डॉ भीमराव अंबेडकर विचार मंच द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें समाज के समस्त नागरिक माताएं बहने एवं बच्चे सम्मिलित रहे जिनकी लगभग 1000 से 1200 की संख्या चल समारोह में देखी गई वही पुलिस प्रशासन का विशेष सहयोग रहा परंतु प्रति वर्षानुसार थाने से चल समारोह के आगे थाने की गाड़ी नही लगाई गई जिसको लेकर समाजजनों ने चिंता व्यक्त की कार्यक्रम का आभार डॉ भीमराव अंबेडकर विचार मंच के सदस्यों द्वारा किया प्रकट किया गया

# बनेगा सप्त ऋषि भवन : क्षेत्रीय विधायक राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने विधायक निधि से दिए 10 लाख

हरिओम चौहान बकतरा



उदयपुरू बरेली विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेंद्र शिवाजी पटेल ने भवन के लिए विधायक निधि से 10 लाख रुपए प्रदान किये। प्रतिनिधि मंडल में समाज के वरिष्ठ श्री चंद्रकांत जी शास्त्री सामाजिक संगठन के अध्यक्ष ओमप्रकाश चतुर्वेदी भरत शर्मा राजकुमार भार्गव अनिल भार्गव रजनीश द्विवेदी उपस्थित रहे । संगठन के अध्यक्ष ओमप्रकाश चतुर्वेदी ने पूरी समाज की ओर से राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल का आभार व्यक्त किया । और उन्होंने बताया कि शीघ्र ही शुभ मुहूर्त देखकर एवं संतों का आशीर्वाद लेकर भूमि पूजन किया जाएगा

**बधाई ओर साधुवाद :-**

उदयपुरा विधानसभा के सातों मंडलों पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आजीवन सहयोग निधि (समर्पण निधि ) सभी मंडलों के लक्ष्य से लगभग दुगनी राशी, एक ही दिन मे रिकॉर्ड के साथ प्राप्त हुई।

**विवरण :-**

(1)..( देवरी मंडल) 3 लाख10हजार

(2)..(उदयपुरा मंडल) 3 लाख..50 हजार

(3)..( नूरनगर मंडल )...3 लाख 2 हजार

(4)..(खरगोन मंडल) ...3 लाख 51 हजार

(5)..(बरेली मंडल)..3 लाख 5 हजार

(6)..(बरेली मंडल ग्रामीण )..3 लाख 500

(7)..(भारकच्छ मंडल )...3 लाख 1 हजार

उदयपुरा विधानसभा के सातों मंडलों पर 22 लाख 19 हजार 500 आजीवन सहयोग निधि एकत्रित की गई.. मा. मंत्री श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल जी के कुशल नेतृत्व में पहली बार उदयपुरा विधानसभा में समर्पण निधि सभी कार्यकर्ताओं द्वारा एक ही दिन मे एकत्रित की गई। इस अदभुत कार्य के लिये मा. मंत्री श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल जी के कुशल नेतृव ओर सभी मंडल अध्यक्ष, सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का कोटी कोटी धन्यवाद आभार।

### जबलपुर रेलवे स्टेशन पर युवक का हंगामा

**जबलपुर।** जबलपुर रेलवे स्टेशन में गुरुवार तड़के युवक ने तोड़फोड़ कर दी। घटना स्टेशन के प्लेटफॉर्म-1 पर बने टिकट काउंटर की है। यहां रेलवे कर्मचारी काउंटर से यात्रियों के टिकट दे रहे थे। इस दौरान युवक काउंटर के भीतर घुसा और तोड़फोड़ शुरू कर दी। घटना की जानकारी लगते ही आरपीएफ पुलिस मौके पर पहुंची और तोड़फोड़ करने वाले युवक को हिरासत में लिया। तोड़फोड़ के दौरान उसके के सिर, हाथ और सीने में चोट आई है। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया है। घटना सुबह करीब ढ़ाई बजे की है। पुलिस के मुताबिक, प्लेटफार्म नंबर एक के टिकट काउंटर पर रात करीब ढ़ाई बजे एक 25 वर्षीय युवक ने तोड़फोड़ की है। युवक अपने हाथों मे लोहे की रॉड लेकर पहुंचा और अचानक काउंटर में तोड़फोड़ करने लगा।

# 3 दिन से लापता युवक की हत्या का शक, जंगल में मिली जली हुई हड्डियां और मोबाइल, परिजनों ने लगाया ये आरोप



**दमोह।** परिजनों का आरोप है कि उनके ही चाचा ने मुर्गा पार्टी के बहाने जंगल में ले जाकर हत्या कर दी और शव को जला दिया, जिस जगह यह अवशेष मिले हैं। वह स्थान करीब 150 फीट गहराई में है। दमोह जिले के मगरोन थाना क्षेत्र से 6 फरवरी को लापता हुए युवक की हत्या का मामला सामने आया है। जंगल में कुछ जले हुए अवशेष मिले हैं जिसे परिजन लापता युवक का बता रहे हैं। परिजनों का आरोप है कि उनके ही चाचा ने मुर्गा पार्टी के बहाने जंगल में ले जाकर हत्या कर दी और शव को जला दिया, जिस जगह यह अवशेष मिले हैं वह स्थान करीब 150 फीट गहराई में है। कनोरा रामनगर निवासी जागेश्वर अठया 6 फरवरी की शाम चार बजे घर से निकला था। रात करीब आठ बजे उसने अपने घर फोन करके बताया था कि वह अपने चाचा भगत बसयान के साथ सादपुर के जंगल में मुर्गा पार्टी के लिए जा रहा है। उसने कहा था कि देर हो जाने पर अगले दिन सुबह लौटेगा, लेकिन वह घर नहीं पहुंचा। परिवार ने 9 फरवरी को मगरोन थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

मंगलवार को परिजनों को सूचना मिली कि जंगल में एक जगह आग लगाई गई है। मौके पर जाकर देखा तो राख में कुछ हड्डियां और एक जला हुआ मोबाइल मिला। सूचना पर हटा एसडीओपी प्रशांत सुमन, रजपुरा थाना प्रभारी शत्रुघ्न दुबे, नायब तहसीलदार योगेंद्र चौधरी और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची।

## कांग्रेस का दावा- सेवा भारती को सौंपी रेडक्रॉस बिल्डिंग

# संस्था सचिव बोले- यहां एम्स, हमीदिया के मरीजों के परिजन रुकेंगे



**भोपाल।** कांग्रेस ने दावा किया है कि भोपाल के इतवारा रोड स्थित रेडक्रॉस भवन को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठन सेवा भारती को दे दिया गया है। मध्यप्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष और पूर्व मंत्री मुकेश नायक ने कहा है कि संघ संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा कर रहा है। रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव रामेंद्र सिंह ने इस आरोप को गलत बताया है। उन्होंने कहा- हमीदिया, एम्स जैसे अस्पतालों में जो मरीज भर्ती होते हैं, उनके परिजन के रुकने की व्यवस्था रेडक्रॉस भवन में होगी। इसमें सेवा भारती के वॉलेंटियर मदद करेंगे। भवन सेवा भारती को नहीं दिया है। जिस बिल्डिंग को लेकर विवाद हो रहा है, उसमें दिल्ली स्थित रेडक्रॉस हेडक्वार्टर से भेजे जाने वाले बर्तन, दवाइयां, कपड़े, कंबल और अनाज जैसी राहत सामग्री स्टॉक की जाती थी। देश के किसी भी हिस्से में बाढ़ या कोई प्राकृतिक आपदा आने पर यहीं से राहत सामग्री भेजी जाती थी। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा- कांग्रेस सरकारों में शुरू की गई संवैधानिक संस्थाओं और देश के संस्थागत ढांचे को भाजपा हमेशा से ही हड़पने का काम करती रही है। इसका ताजा उदाहरण भोपाल के रेडक्रॉस भवन को नियम विरुद्ध सेवा भारती को सौंपना है। यह भवन कांग्रेस सरकार के दौरान रेडक्रॉस सोसाइटी को दिया था, जो मूल रूप से सरकार की संपत्ति है। किसी राजनैतिक संगठन को इसे दिया जाना नियमों के विरुद्ध है। खाली पड़े इस भवन का उपयोग करने के लिए किसी गैर राजनीतिक संगठन को क्यों नहीं चुना गया? क्या यह निर्णय सरकारी दबाव में लिया गया है। फैसले पर पुनर्विचार किया जाए और भवन का उपयोग वास्तव में निष्पक्ष जनहितैषी संगठनों के लिए किया जाए। यह भवन सभी समुदायों के लिए समान रूप से उपयोगी होना चाहिए, न कि किसी विशेष विचारधारा का प्रचार करने का माध्यम बनना चाहिए। कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने कहा- मैंने भोपाल में रेडक्रॉस अस्पताल का शुभारंभ एक डॉक्टर के साथ कराया था। मैंने जब रेडक्रॉस संस्था को छोड़ा, तब उसमें 70 डॉक्टर सेवाएं देते थे। राजधानी के ज्यादातर मरीज इस संस्था में अपना इलाज सस्ती दरों पर कराने के लिए आते थे। मानवीय सेवा और आपदा नियंत्रण के लिए बनी रेडक्रॉस पर संघ ने कब्जा जमा लिया है। इस संस्था का उपयोग अपने निजी स्वार्थों और सुविधाओं के लिए किया जा रहा है। यह अमर्यादित और नियमों के खिलाफ है। नायक ने कहा- रेडक्रॉस में सस्ती दरों पर होने वाली सोनोग्राफी, डायलिसिस, एंडोस्कोपी, ईको कार्डियोग्राम जैसी सुविधाएं बंद कर दी गई हैं। टीएनटी टेस्ट भी बंद कर दिए हैं। दवाइयों की दुकान संस्था के सचिव खुद चला रहे हैं। रेडक्रॉस संस्था ने सेंट्रल इंडिया का सबसे अच्छा ब्लड बैंक बनाया था। अब इस ब्लड बैंक को बाजार का हिस्सा बना दिया है, जो मरीजों के साथ खिलवाड़ है। सेवा भारती को भवन देने की बात गलत है।

# तहसील कार्यालय में वकीलों का हंगामा, भ्रष्टाचार और कार्य में देरी का आरोप, अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**दतिया।** दतिया कलेक्ट्रेट परिसर स्थित तहसील कार्यालय में आज बार एसोसिएशन के सदस्यों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। वकीलों का आरोप है कि राजस्व न्यायालय में कार्य व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। न्यायालय में सुनवाई समय पर नहीं हो रही है और अधिकारी नियत समय पर कार्यालय नहीं पहुंच रहे हैं। वकीलों के अनुसार, राजस्व निरीक्षक और पटवारियों की रिपोर्ट समय पर नहीं लग रही है, जिससे मामलों में अनावश्यक देरी हो रही है। उन्होंने तहसील कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार का भी गंभीर आरोप लगाया है। वकीलों का कहना है कि रिश्वत दिए बिना कोई भी काम आगे नहीं बढ़ रहा है और विभिन्न विभागों में मामले लंबित पड़े हुए हैं। विरोध प्रदर्शन के दौरान वकीलों ने कलेक्टर पर भी आरोप लगाया कि वे भी समय पर आवश्यक आदेश जारी नहीं कर रहे हैं। इस मामले में बार एसोसिएशन के सदस्यों ने अपर कलेक्टर नीरज शर्मा से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा और कार्यालय की कार्यप्रणाली में सुधार की मांग की है।

# डब्लूपीएल : तीसरा सत्र आज से, अंतरराष्ट्रीय के साथ घरेलू क्रिकेटर लगाएंगे रनों की झड़ी

एजेंसी ▸▸। वडोदरा

महिला प्रीमियर लीग का तीसरा सत्र शुक्रवार से यहां गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस के मैच के साथ शुरू होगा जिसमें नजरें भारत के उदीयमान क्रिकेटरों पर लगी होंगी।

अंतरराष्ट्रीय सितारों के साथ लीग की असल सफलता घरेलू खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर भी निर्भर करती है। पहले दो सत्र में श्रेयांका पाटिल और साइका इशाक जैसे खिलाड़ियों ने दबाव में शानदार प्रदर्शन किया और भारतीय टीम में भी जगह बनाई। डब्लूपीएल के हर सत्र में उदीयमान भारतीय खिलाड़ियों की सूची बढ़ती जा रही है। एलिसा हीली, सोफी मोलिनू और केट क्रॉस चोट के कारण इस सत्र में नहीं खेलेंगी।




### मुंबई और आरसीबी ने पारुनिका और नुजहत को चुना

मुंबई इंडियन्स ने चोटिल ऑलराउंडर पूजा वस्त्राकर के विकल्प के तौर पर महिला प्रीमियर लीग के लिए पारुनिका सिसोदिया को अपनी टीम में शामिल किया है। फ्रेंचाइजी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने चोटिल स्पिनर आशा शोभना की जगह विकेटकीपर बल्लेबाज नुजहत परवीन को अपनी टीम का हिस्सा बनाया है। भारत के लिए पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाली रेलवे की नुजहत 30 लाख रुपये के अपने आधार मूल्य पर आरसीबी से जुड़ेगी। बाएं हाथ की स्पिनर पारुनिका 10 लाख रुपए में मुंबई इंडियन्स की टीम का हिस्सा बनेंगी।




### खिताब जीतने उतरेगी दिल्ली

दो बार की उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स टूर्नामेंट में निरंतर अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम रही है और फाइनल हारने का गम दूर करने के इरादे से उतरेगी। उसके पास शेफाली वर्मा, मेग लानिंग, जेमिमा रौड्रिग्स, अनाबेल सदरलैंड और मरियाने काप जैसे खिलाड़ी हैं जबकि गेंदबाजी में शिखा पांडे, अरुंधति रेड्डी, टिटास साधू और जेस जोनासेन जैसे दिग्गज हैं।

### टूर्नामेंट के लिए तैयार

हरमनप्रीत कौर ने कहा, 'भारतीय कप्तान होने के नाते मैं इस सत्र को लेकर काफी उत्साहित हूं क्योंकि कई घरेलू क्रिकेटरों ने इस टूर्नामेंट के लिए खुद को तैयार किया है। नीलामी से पहले हमने बात की थी कि कई घरेलू क्रिकेटरों ने अच्छा प्रदर्शन किया है और सभी के दिमाग में कुछ नाम थे। हम उम्मीद करते हैं कि वे अच्छा खेलें और भारतीय टीम मजबूत बने।'

### खुद को साबित करने का मौका

खराब फॉर्म से जूझ रही शेफाली वर्मा दिल्ली कैपिटल्स के लिए अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय टीम में वापसी करना चाहेंगी। भारतीय टीम जुलाई में इंग्लैंड का दौरा करेगी और वनडे विश्व कप भी भारत में होना है। तेज गेंदबाज हरफनमौला केशवी गौतम के पास भी खुद को साबित करने का मौका होगा।

### खिताब बरकरार रखना आसान नहीं

टूर्नामेंट में दो नए स्थान वडोदरा और लखनऊ जोड़े गए हैं और यह अपने और विरोधी के मैदान वाले प्रारूप में खेला जाएगा। गत चैंपियन आरसीबी के लिए खिताब बरकरार रखना आसान नहीं होगा क्योंकि सोफी डेवाइन, मोलिनू और केट क्रॉस जैसे खिलाड़ी इस बार नहीं खेल रहे हैं। स्टार हरफनमौला एलिसे पैरी, श्रेयांका पाटिल और आशा शोभना चोट से उबर रहे हैं। इन झटकों से उबरने की उनकी क्षमता ही साबित करेगी कि वे खिताब जीत पाएंगे या नहीं। आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा, 'पिछली बार एकादश का हिस्सा रहे कई खिलाड़ी इस बार चोट के कारण बाहर हैं। सोफी डेवाइन विश्व की सर्वश्रेष्ठ हरफनमौलाओं में से है लिहाजा उसकी कमी खलेगी।'

## खबर संक्षेप



### अफरीदी और दो अन्य पर लगा भारी जुर्माना

**कराची।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के मैच के दौरान उग्र व्यवहार के लिए पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी, सऊद शकील और कामरान गुलाम पर जुर्माना लगाने के अलावा उन्हें एक-एक डिमेरिट अंक दिया है। आचार संहिता के नियम 2.12 का उल्लंघन करने के लिए अफरीदी पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। शकील और स्थानापन्न क्षेत्ररक्षक गुलाम पर 29वें ओवर में तेम्बा बावुमा के रन आउट होने के बाद उनके बहुत करीब पहुंचकर जश्न मनाने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। आईसीसी ने फैसला सुनाया कि अफरीदी ने जानबूझकर ब्रीट्जके का रास्ता रोका था और सऊद तथा गुलाम ने बावुमा के आउट होने पर उनके बेहद करीब पहुंचकर जश्न मनाया।

### एवर्टन ने लिवरपूल को बराबरी पर रोका

**लंदन।** कप्तान जेम्स तार्कोवस्की के इंजरी टाइम में दागे गोल की बदौलत एवर्टन ने इंग्लिश प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां लिवरपूल को 2-2 से बराबरी पर रोक दिया। तार्कोवस्की ने इंजरी टाइम के आठवें मिनट में बराबरी का गोल दागा। बेटो ने 11वें मिनट में एवर्टन को बढ़त दिलाई लेकिन एलेक्सिस मैक एलिस्टर ने 16वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। मोहम्मद सालाह ने 73वें मिनट में लिवरपूल को बढ़त दिलाई और टीम ने अंतिम लम्हों तक इसे बरकरार रखा। हालांकि जब लग रहा था कि लिवरपूल इस मुकाबले से पूरे तीन अंक हासिल करेगा तब तार्कोवस्की ने गोल दागकर उसे अंक बांटने को मजबूर कर दिया।




### बहुतुले बने राजस्थान के स्पिन गेंदबाजी कोच

**जयपुर।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर साईराज बहुतुले को आगामी आईपीएल सत्र के लिए राजस्थान रॉयल्स का स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया। पूर्व लेग स्पिनर और बाएं हाथ के बल्लेबाज बहुतुले ने दो टेस्ट और आठ वनडे मैच में कुल पांच विकेट लिए। वह हालांकि प्रथम श्रेणी क्रिकेट में दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में शामिल हैं। प्रथम श्रेणी मैचों में 52 वर्षीय बहुतुले ने छह हजार से अधिक रन बनाए और 630 विकेट लिए। उन्होंने इसके अलावा लिस्ट ए मुकाबलों में 197 विकेट चटकाए।



### आईएमएल में मैच रैफरी होंगे विश्वनाथ

**मुंबई।** भारत के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर गुंडप्पा विश्वनाथ आईसीसी एलीट पैनल के सेवानिवृत्त अंपायर साइमन टॉफेल और बिली बोडेन के साथ 22 फरवरी से शुरू होने वाली अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स टी20 लीग के पहले सत्र में अधिकारी की भूमिका निभाएंगे। टॉफेल की अगुआई वाले अंपायरों के पैनल में उमेश दुबे और लिंडन एडवर्ड हैनिबल जैसे अनुभवी अधिकारी भी होंगे जबकि विश्वनाथ मैच रैफरी की भूमिका निभाएंगे।



सैयद मुश्ताक अली और विजय हजारे ट्रॉफी में किया शानदार प्रदर्शन

# रजत को आरसीबी ने बनाया कप्तान कोहली ने कहा– 'आप इसके हकदार'

एजेंसी ▸▸। बेंगलुरु

इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 21 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल के आगामी सत्र के लिए गुरुवार को रजत पाटीदार को अपना कप्तान नियुक्त किया। पाटीदार दक्षिण अफ्रीका के फाफ डु प्लेसी की जगह लेंगे जिन्हें पिछले साल टीम ने अपने साथ बरकरार नहीं रखा था। पाटीदार पिछले साल नवंबर 2024 में आईपीएल की बड़ी नीलामी से पहले आरसीबी द्वारा रिटेन किए गए खिलाड़ियों में शामिल थे और उन्हें सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी तथा विजय हजारे ट्रॉफी में मध्य प्रदेश की अगुआई करने का अनुभव है।

इस 31 वर्षीय बल्लेबाज ने 2022 में फ्रेंचाइजी के साथ करार किया था। पाटीदार की अगुआई में मध्य प्रदेश ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में जगह बनाई थी जहां वे पिछले साल मुंबई से पांच विकेट से हार गए थे। आरसीबी के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने पाटीदार को कप्तान बनाने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहा, 'रजत में सादगी है, वह अपने आस-पास के लोगों की परवाह करता है, हमने करीब से देखा है कि उसने मध्य प्रदेश का नेतृत्व कैसे किया है, हमें यह बहुत पसंद आया।'




### कोहली ने दी बधाई

कोहली ने पाटीदार को कप्तान बनाए जाने पर बधाई दी। कोहली ने फ्रेंचाइजी द्वारा साझा किए गए एक वीडियो बयान में कहा, 'मैं और टीम के अन्य सदस्य आपके साथ हैं, रजत। जिस तरह से आपने इस फ्रेंचाइजी में प्रगति की है और जिस तरह से आपने प्रदर्शन किया है, आपने सभी आरसीबी प्रशंसकों के दिलों में जगह बनाई है। आप इसके हकदार हैं।'



### 68 मैच जीते, 70 हारे

कोहली की अगुआई में टीम ने 68 मैच जीते, 70 हारे और चार मैच बेनतीजा रहे। टीम 2016 में कोहली की अगुआई में आईपीएल फाइनल में पहुंची थी। कप्तान ने उस सत्र में 973 रन बनाए थे जो आईपीएल के एक सत्र में सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड है। आईपीएल 2024 में कोहली 154 के स्ट्राइक रेट से 741 रन बनाकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। फ्रेंचाइजी ने स्वीकार किया कि कप्तान की भूमिका के लिए कोहली के नाम पर भी चर्चा हुई थी।

### पाटीदार ने बनाए 428 रन

दाएं हाथ के बल्लेबाज पाटीदार सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट में अजिंक्य रहाणे के बाद दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। उन्होंने 10 मैच में 61 की औसत और 186.08 के स्ट्राइक रेट से 428 रन बनाए थे। पाटीदार डु प्लेसी की जगह लेंगे जिन्हें 2022 से 2024 तक टीम की कप्तानी करने के बाद रिलीज कर दिया गया था। दक्षिण अफ्रीका के 40 वर्षीय डु प्लेसी आगामी सत्र में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलेंगे।

### विराट ने 143 मैचों में की कप्तानी

गुरुवार की घोषणा से पहले विराट कोहली के फ्रेंचाइजी के कप्तान के रूप में लौटने को लेकर भी अटकलें लगाई जा रही थी। कोहली 2013 से 2021 तक आरसीबी के कप्तान थे और उनका रिकॉर्ड शानदार रहा लेकिन उनकी अगुआई में टीम खिताब नहीं जीत सकी। कोहली ने 143 मुकाबलों में आरसीबी का नेतृत्व किया जो चेन्नई सुपर किंग्स के लिए दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी के बाद कप्तान के रूप में दूसरा सबसे लंबा कार्यकाल है।

शतरंज

## हारे गुकेश, केमर ने कॉर्लसन को हराकर किया उलटफेर



एजेंसी ▸▸। हैम्बर्ग

विश्व चैंपियन डी गुकेश का जीत का इंतजार जारी रहा और उन्हें फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंडस्लैम के पांचवें से आठवें स्थान के मुकाबले में हिकारू नाकामूरा के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा।

गुकेश को सफेद मोहरों से खेलते हुए अच्छी स्थिति में पहुंचने के बावजूद टाईब्रेकर की दूसरी बाजी में हार का सामना करना पड़ा। गुकेश ने एक रणनीतिक गलती की और नाकामूरा ने इसका फायदा उठाते हुए पांचवें स्थान के प्ले ऑफ में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से होगी। गुकेश अब सातवें स्थान के प्ले ऑफ में फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के खिलाफ खेलेंगे।

### अमित पंघाल बने पेशेवर मुक्केबाज



**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले भारत के एकमात्र पुरुष मुक्केबाज अमित पंघाल पेशेवर बनने वाले देश के नवीनतम मुक्केबाज बन गए हैं। भारत के सबसे सफल पुरुष मुक्केबाजों में शामिल 29 वर्षीय पंघाल ने अमेरिका स्थित प्रतिभा प्रबंधन कंपनी क्रिटिकल स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट के साथ करार किया है। एजेंसी ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'क्रिटिकल स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट को विश्व प्रसिद्ध ओलंपियन मुक्केबाज अमित पंघाल के साथ करार की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है।'

38वां राष्ट्रीय खेल

## हरियाणा और कर्नाटक ने जीते हॉकी के स्वर्ण पदक



एजेंसी ▸▸। हरिद्वार

हरियाणा ने पिछले सत्र की अपनी हार का बदला चुकता करते हुए गुरुवार को यहां गत चैंपियन मध्य प्रदेश को 4-1 से हराकर राष्ट्रीय खेलों की महिला हॉकी स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता।

मध्य प्रदेश को ऐश्वर्या चव्हाण ने पांचवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर बढ़त दिलाई लेकिन मध्यांतर के बाद हरियाणा ने जोरदार वापसी करते हुए महिमा चौधरी (37वें मिनट), इशिका (45वें और 50वें मिनट) और मोनिका (55वें मिनट) के गोल की बदौलत जीत दर्ज की। कांस्य पदक के मुकाबले में झारखंड ने महाराष्ट्र को 2-1 से हराया। गोवा में 2023 में हुए राष्ट्रीय खेलों में मध्य प्रदेश ने शूट आउट में हरियाण को 3-0 से हराकर खिताब जीता था। पुरुष वर्ग में कर्नाटक ने बेहद कड़े मुकाबले में उत्तर प्रदेश को 3-2 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। फराज खान ने पहले ही मिनट में पेनल्टी कार्नर पर गोल करके उत्तर प्रदेश को बढ़त दिलाई लेकिन कर्नाटक के सामंत सी ने आठवें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। भरत महालिंगप्पा कुर्ताकोटि (18वें मिनट) और अभारन सुदेश (39वें मिनट) ने इसके बाद पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर कर्नाटक को 3-1 की बढ़त दिलाई। शारदा नंद तिवारी ने 45वें मिनट में उत्तर प्रदेश की ओर से पेनल्टी कॉर्नर पर दूसरा गोल दागा लेकिन अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाए। महाराष्ट्र ने पंजाब को 1-0 से हराकर कांस्य पदक जीता।

### इस बार हमारी ट्रेनिंग बहुत अच्छीः सलीमा



**भुवनेश्वर।** भारत की महिला हॉकी कप्तान सलीमा टेटे को भरोसा है कि उनकी टीम शनिवार से शुरू हो रहे एफआईएच प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण में बेहतर प्रदर्शन करेगी और पिछले सत्र के खराब प्रदर्शन का असर नहीं दिखेगा। भारत अपने अभियान की शुरुआत कलिंगा हॉकी स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ करेगा। टीम पिछले सत्र की यादें मिटाने की कोशिश करेगी जब वह सिर्फ अमेरिका से आगे आठवें स्थान पर रही थी। जर्मनी, स्पेन और दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड भी यहां खेलेगी।

### ट्रेनिंग नहीं करने पर इंग्लैंड को लताड़ा

**अहमदाबाद।** पूर्व स्टार बल्लेबाज केविन पीटरसन ने भारत दौरे पर अभ्यास की कमी के लिए इंग्लैंड टीम पर निशाना साधते हुए कहा कि खिलाड़ियों को नेट गेंदबाजों का सामना करना चाहिए था और स्पिन खेलने की अपनी क्षमता पर काम करना चाहिए था। इंग्लैंड के लिए भारत का सीमित ओवरों का दौरा बेहद निराशाजनक रहा जिसमें टीम को टी20 श्रृंखला 1-4 से गंवाने के बाद एकदिवसीय श्रृंखला में 0-3 से क्लीनस्वीप का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड ने पुणे और मुंबई में क्रमशः चौथे और पांचवें टी20 मैच से पहले ट्रेनिंग नहीं की। टीम ने कटक और अहमदाबाद में दूसरे और तीसरे एकदिवसीय मैच से पहले भी ट्रेनिंग सत्र आयोजित नहीं किए।



## भारत एशियन बैडमिंटन टीम चैंपियनशिप में कोरिया से हारा

एजेंसी ▸▸। किंगदाओ

भारत को बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप के ग्रुप डी मुकाबले में गुरुवार को यहां दक्षिण कोरिया के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा लेकिन टीम ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रहा। ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की मिश्रित युगल जोड़ी ने पहला गेम 21-11 से जीतकर अच्छी शुरुआती की लेकिन अगले दो गेम 12-21, 15-21 से गंवाते हुए 56 मिनट में मैच हार गए।

भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला खिलाड़ी मालविका बंसोड़ को दुनिया की 19वें नंबर की खिलाड़ी सिम यू जिन के खिलाफ केवल 27 मिनट में 9-21, 10-21 से हार का सामना करना पड़ा। चेन्नई के सतीश करुणाकरण ने एक घंटे 12 मिनट में चो गिओनयिओप को 17-21, 21-18, 21-19 से हराकर भारत को वापसी दिलाई जिसके बाद त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की दुनिया की नौवें नंबर की जोड़ी ने महिला युगल में किम मिन जी और किम यू जुंग पर 19-21, 21-16, 21-11 की जीत के साथ स्कोर 2-2 कर दिया। निर्णायक पांचवें मैच में अर्जुन और सात्विक की पुरुष युगल जोड़ी ने कड़ी टक्कर दी लेकिन 53 मिनट में सुंग सेयुंग और जिन योंग के खिलाफ 14-21, 15-23 से हार गई।



### मानस धामने, शाह और करण को वाइल्ड कार्ड

**पुणे।** उभरते हुए खिलाड़ियों मानस धामने, आर्यन शाह और करण सिंह को बृहस्पतिवार को महा ओपन एटीपी चैलेंजर 100 पुरुष टेनिस चैंपियनशिप के लिए वाइल्डकार्ड दिया गया। इस प्रतियोगिता में 28 देशों के शीर्ष खिलाड़ी 16 से 23 फरवरी तक यहां खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे। महाराष्ट्र राज्य लॉन टेनिस संघ इस टूर्नामेंट का आयोजन महाराष्ट्र सरकार के खेल एवं युवा सेवा विभाग के सहयोग से म्हालुंगे बालेवाड़ी में शिव छत्रपति खेल परिसर में करेगा। यह प्रतियोगिता भारत में आयोजित होने वाले चार एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट की श्रृंखला का तीसरा टूर्नामेंट है।



बीसीसीआई की नई यात्रा नीति पहली बार होगी लागू

# चैंपियंस ट्रॉफी : टीम इंडिया के साथ नहीं जाएंगे परिजन

एजेंसी ▸▸। नई दिल्ली

चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय क्रिकेट खिलाड़ियों के परिजन साथ नहीं जाएंगे चूंकि बीसीसीआई की नई यात्रा नीति पहली बार इस टूर्नामेंट के जरिए लागू हो रही है। भारतीय टीम को पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ दुबई में खेलना है जिसके बाद 23 फरवरी को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से सामना है। न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबला दो मार्च को होना है।

रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम सारे मैच दुबई में खेलेगी जबकि बाकी टूर्नामेंट 19 फरवरी से पाकिस्तान के तीन शहरों में होगा। चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल नौ मार्च को है लिहाजा यह दौरा तीन सप्ताह से कम समय का ही है जिसमें बीसीसीआई खिलाड़ियों के परिवार को साथ जाने की अनुमति नहीं देगा। नई नीति के तहत 45 दिन या उससे लंबे दौरे पर ही परिवार खिलाड़ियों के साथ अधिकतम दो सप्ताह के लिए जा सकता है। बोर्ड के एक सूत्र ने कहा, 'अगर कुछ बदलता है तो बात अलग है लेकिन अभी तो खिलाड़ियों के साथ उनका परिवार नहीं जा रहा। एक सीनियर खिलाड़ी ने इसके बारे में पूछा था लेकिन उसे बताया गया कि नई नीति का पालन किया जाएगा।'



### कराची नेशनल स्टेडियम पर एक व्यक्ति गिरफ्तार

कराची। न्यूजीलैंड के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के पाकिस्तान के मैच से पहले कराची नेशनल स्टेडियम के भीतर नकली पहचान पत्र के साथ घुसने की कोशिश कर रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि व्यक्ति की पहचान मुजम्मिल कुरैशी के रूप में की गई है जिसे बुधवार को प्रवेश द्वार पर सुरक्षा जांच के दौरान रोका गया। अधिकारी ने कहा, 'वह खुद को पत्रकार बता रहा था और उसके पास आईसीसी तथा पीसीबी के नकली पहचान पत्र थे।' अधिकारी ने बताया कि जब सुरक्षाकर्मियों को संदेह हुआ तो उसने एक और फर्जी पहचान पत्र दिखाया जिसमें उसकी पहचान कैमरामैन के रूप में थी। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है और पूछताछ जारी है।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादकः अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

# शुद्धता के साथ भरा जाये वांछित डाटा



**सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विकास कार्यों का अनुश्रवण एवं सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से संबंधित समस्त विभागों के अधिकारी अपने विभाग की समस्त योजनाओं का नियमित रूप से अनुश्रवण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्धारित पोर्टल पर समय से वांछित डाटा पूरी शुद्धता के साथ भरा जाये। लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। खराब रैकिंग वाले विभागों की रैकिंग में सुधार हेतु जिलाधिकारी ने निर्देश दिए।लक्ष्य के अनुरूप सामूहिक विवाह कराये जाने के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि सामूहिक विवाह सम्बंधित समस्त भुगतान समय से कराए जाय। निर्माण कार्यों से सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराने एवं लंबित बिलों का समय से भुगतान सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि राशन की रिक्त दुकानों का आवंटन समय से कराया जाय। विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाय। पशुओं का टीकाकरण एवं इयर टैगिंग निर्धारित मानकों के अनुसार कराए जाने के निर्देश भी दिए। निर्माणाधीन कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने तथा पूर्ण कार्यों का निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए शीघ्र हैण्डओवर कराए जाने के निर्देश भी दिए।जिलाधिकारी ने फैमिली आई0डी0 बनाए जाने की प्रगति में सुधार करने के निर्देश दिये। पी0एम0 सूर्यघर योजना में अधिक से अधिक पात्रों के आवेदन कराये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन परिषदीय विद्यालयों के विद्युत संयोजन हेतु धनराशि जमा है, उनमें तत्काल विद्युत कनेक्शन कराया जाये। ऑपरेशन त्रिनेत्र के अन्तर्गत गांवों में स्थापित सी0सी0टी0वी0 संचालित कराये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। लक्ष्य के अनुरूप हाईटेक लाइब्रेरी की स्थापना कराये जाने के निर्देश भी दिये। जिला युवा कल्याण अधिकारी के बैठक में अनुपस्थित होने पर एक दिन का वेतन काटने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये।बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, जिला विकास अधिकारी हरिश्चंद्र प्रजापति, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 अनिल कुमार चैधरी सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिसको समझा आदमखोर भूख से तड़पकर हुई उसकी मौत

**सीतापुर।** जिस जिस बाघ को आदमखोर समझ कर उसके शव के पास जाने से भी डर रहे थे पोस्टमार्टम के बाद रिपोर्ट में बाघ की मौत भूख और बीमारी से हुई है। अर्थात बांघ कई दिनों से भूखा था और बीमार चल रहा था। पोस्ट मार्टम रिपोर्ट के अनुसार बाघ के लिवर-किड़नी में संक्रमण था और सात दिन से भूखा था। उसका पेट व आंत खाली मिली। हालांकि, साढ़े तीन घंटे चले पोस्टमार्टम के बाद भी बाघ की मौत का स्पष्ट कारण नहीं पता चल सका। ऐसे में विसरा सैंपल आईवीआरआई बरेली भेजा गया है। मृत बाघ के शव का पोस्टमार्टम पांच सदस्यीय पैनल ने किया। इसमें पीलीभीत टाइगर रिजर्व के पशु चिकित्साधिकारी डॉ. दक्ष गंगवार, परसदा के पशु चिकित्साधिकारी डॉ. संत प्रकाश त्यागी, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया व एनटीसीए के एक-एक प्रतिनिधि और डीएफओ नवीन खंडेलवाल शामिल रहे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक, मृतक बाघ नर था और उसकी उम्र नौ से दस साल के बीच थी। बाघ के शरीर पर किसी प्रकार की चोट के निशान नहीं मिले हैं। उसके दांत व नाखून सुरक्षित पाए गए हैं। बाघ के आंतरिक अंगों के परीक्षण में पता चला कि वह गंभीर बीमारी से पीड़ित था, जिससे उसकी किडनी व लिवर सहित कई आंतरिक अंग संक्रमित हो चुके थे। बाघ का पेट व आंत खाली मिली। डॉक्टरों के मुताबिक, संभवतरू बाघ पिछले तीन-चार दिन से ठीक तरह से भोजन नहीं कर पा रहा था। बीमार बाघ की भूख से मौत हुई है। बाघ किस बीमारी से पीड़ित था, इसका पता नहीं चल सका है। विसरा जांच के बाद बीमारी का पता चल सकेगा। उसके शरीर के अंदर मौजूद संक्रमण की सही जानकारी पता चलेगी। इसलिए विसरा सैंपल जांच के लिए आईवीआरआई बरेली भेजा गया है। पोस्टमार्टम की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई है। डीएफओ नवीन खंडेलवाल के मुताबिक बाघ के पोस्टमार्टम में कई तरह की सावधानियां बरतनी होती हैं। इस वजह से पोस्टमार्टम में समय लगता है। एक निर्धारित एसओपी का पालन किया जाता है।बाघ के विसरा सैंपल की जांच में तीन से चार दिन का समय लग सकता है। आईवीआरआई बरेली में विसरा की जांच होनी है। विसरा जांच के बाद रिपोर्ट आने पर यह स्पष्ट होगा कि बाघ किस बीमारी से ग्रस्त था। उसके शरीर के अंदर मौजूद संक्रमण की सटीक जानकारी मिलेगी।नवीन खंडेलवाल, डीएफओ ने बताया कि बाघ के पोस्टमार्टम से जो तथ्य सामने आए हैं, उसके अनुसार वह बीमार था। बाघ की किडनी व लिवर संक्रमित थे। बीमारी का पता लगाने के लिए विसरा सैंपल आईवीआरआई बरेली भेजा गया है।

## घायल की ट्रामा सेण्टर में मौत

**हरगांव-सीतापुर।** पटटे में फंसकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे सरकार असपताल में भर्ती कराया गया जहां हालत की गम्भीर को देखते हुए उसे ट्रामा सेण्टर रेफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान उकसी मौत हो गई। घटना के सम्बन्धमें मिली जानकारी के अनुसार उक्तथाना क्षेत्र निवासी एक मजदूर स्पेलर में काम करते समय देर शाम पुली के पट्टे में फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती करवाया गया। वहां से देर रात ओयल स्थित ट्रॉमा सेंटर भेजा गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इलाके के मोहल्ला शंकरगढ़ी निवासी मोबीन खान के स्पेलर पर हलीम (45) दैनिक मजदूरी का कार्य करते थे। मंगलवार देर शाम करीब आठ बजे वह स्पेलर पर कार्य कर रहे थे। अचानक पुली के पट्टे में फंस कर गंभीर रूप से घायल हो गए और उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

# पीट-पीटकर युवक को किया अधमरा फिर थाने पहुंचे केस दर्ज कराने, हुई मौत



**सीतापुर।** पिता घर छोड़कर चला गया मां की मौत का गम अभी शाने आलम भुला भी नही पाया था कि कुछ लोगो को पहले उसकी जबरदस्त पिटाई जब वह अधमरा हुआ तो घायल युवक को साथ लेकर थाने केस दर्ज कराने पहुंचे। चूंकि पुलिस ने युवक की स्थित काफी नाजुक देखी तो उसको जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई और मामला गर्माया गया है। गौरतलब हो कि शहर कोतवाली के मोहल्ला शेखसरांय इस्लामबाग में बुधवार को पिटाई से एक युवक की मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि मोहल्ले में ही युवक को कई लोगों ने पीटा। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है। मोहल्ला शेखसरांय पटिया निवासी शरीफ ने बताया कि उनके घर से कुछ दूरी पर शेखसरांय इस्लामबाग में उनका नाती शाने आलम (25) घर में अकेले रहता था। बुधवार को उन्हें कुछ लोगों ने बताया कि मोहल्ला शेखसरांय इस्लामबाग निवासी शकील व अन्य लोग शाने आलम को पीटते हुए थाने ले गए है। सूचना के बाद जब वह थाने पहुंचते तो पता चला कि शाने आलम को जिला अस्पताल भेज दिया गया है। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान शाने आलम की मौत हो गई। शरीफ ने बताया कि शाने के पिता बदलू बचपन में ही परिवार छोड़कर कहीं चले गए थे। वहीं, मां की दस माह पहले मौत हो गई थी। शाने घर में अकेले रहता था। सीओ सिटी अमन सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर शकील व अन्य अज्ञात लोगों पर गैर इरादतन हत्या की धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। शाने इधर-उधर मजदूरी कर अपनी आजीविका चलाता था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद चर्चा रही कि भीड़ ने युवक को चोरी की आशंका में पीट-पीट कर अधमरा कर दिया। जब भीड़ को लगा कि शाने आलम की मौत हो जाएगी तो किसी ने पुलिस को जानकारी दे दी, ताकि उनपर कोई आरोप न लगे। स्थानीय चैकी इंचार्ज को जब युवक की हालत काफी नाजुक लगी तो उन्होंने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहां इलाज के कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। हालांकि, एफआईआर में चोरी की आशंका पर पीटने का जिक्र नहीं किया गया है, जबकि मोहल्लेवासियों का कहना है कि पिटाई की असल वजह चोरी ही थी। जिला अस्पताल में चिकित्सीय परीक्षण के मुताबिक युवक के शरीर पर कुल सात चोटें मिलीं। रिपोर्ट के मुताबिक युवक की रीढ़ की हड्डी, सीधे हाथ के बाजू, सीधे पैर की जांघ, कमर पर दो स्थानों और आंख के पास चोटें थीं। इसके अलावा शरीर पर भी काफी चोट के निशान मिले हैं। इससे यह साबित होता है कि कई लोगों ने मिलकर युवक की पिटाई की है। मृतक और आरोपी के घर में ज्यादा फासला नहीं है। घटना के बाद से आरोपी और मृतक दोनों के घरों में ताला पड़ा हुआ है। वहीं, चिकित्सक डॉ. गौरव मिश्रा ने बताया कि जब शाने आलम को पुलिस लेकर आई तो वह मुंह खोलकर सांस ले रहा था। उसकी हालत बेहद गंभीर थी। उसे बचाने का पूरा प्रयास किया गया, लेकिन कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई।

# तहरी भोज के माध्यम से पत्रकार व अधिवक्ताओं को जोड़ने का किया प्रयास

## पत्रकारिता से ही किया संघर्षमय जीवन की शुरूआत- आशीष मिश्रा



**सीतापुर।** शहर के एक गेस्ट हाउस, सीतापुर में पत्रकार एवं अधिवक्ता तहरी भोज का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व 'राहुल अरोरा और उनकी टीम' ने किया। यह आयोजन हर दृष्टि से बेहद सराहनीय रहा, क्योंकि इसने पत्रकारिता जगत में आपसी सम्मान और एकता को मजबूत करने का कार्य किया।इस कार्यक्रम में जिले भर के पत्रकारों और अधिवक्ताओं ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पत्रकार, अधिवक्ता एवं पूर्व नगर पालिका परिषद चेयरमैन आशीष मिश्रा, पत्रकार एवं पूर्व जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, अनुराग मिश्रा उर्फ पवन पंतौजा, अरूज कदीर, दिनेश मौर्य, अमरेन्द्र ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ऐलिया एनसीपी प्रदेश महासचिव प्रवीण कुमार सिंह, कई पत्रकारों ने अपने विचार रखे । कार्यक्रम के दौरान यह भी चर्चा हुई कि पत्रकारों की आवाज को दबाने के जो प्रयास किए जा रहे हैं, वह,'बेहद निंदनीय' हैं। पत्रकारिता की स्वतंत्रता और उसकी गरिमा को बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य है। ऐसे कार्यक्रमों से पत्रकारों को एक-दूसरे से मिलने और विचार-विमर्श करने का अवसर मिलता है, जिससे 'पत्रकारिता क्षेत्र में एकता और मजबूती' आती है।

# बैठक में जिला जज ने निर्धारित किया लक्ष्य



**सीतापुर ।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्रेषित पत्र के अनुपालन में, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर "कुलदीप सक्सेना" के निर्देशानुसार, अपर जिला जज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी द्वारा प्रस्तावित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक-08.03.2025 के सन्दर्भ में राजस्व विभाग, पुलिस विभाग तथा मुख्य विकास विभाग द्वारा नामित नोडल अधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गयी। उक्त बैठक अपर जिला जज सचिव, द्वारा आहूत की गयी। अपर जिला जज सचिव, द्वारा उपस्थित नोडल अधिकारियों राजस्व से विचार-विमर्श किया गया तथा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हांकित कर निस्तारित किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया व पुलिस विभाग द्वारा नामित नोडल अधिकारी से सत-प्रतिशत तामीला हेतु वार्ता की गयी तथा शत-प्रतिशत तामीला कराये जाने हेतु समस्त थानों के साथ एक बैठक का आयोजन भी किया जायेगा।

## अम्बेडकर जयन्ती अपर अवकाश घोषित

**सीतापुर ।** जनपद न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना ने बताया कि जनपद न्यायालय सीतापुर में दिनांक-14.01.2025 को पूर्व घोषित मकर संक्रान्ति का स्थानीय अवकाश परिवर्तित करते हुये दिनांक-14.04.2025 को डा0 भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। जिल कारण जनपद न्यायालय, सीतापुर की समस्त न्यायालय एवं कार्यालय, जनपद की वाह्य न्यायालय सिविल जज (जू0डि0), महमूदाबाद, सीतापुर, न्यायालय सिविल जल (जू0डि0), बिसवां, सीतापुर, ग्राम न्यायालय सिधौली, सीतापुर एवं ग्राम न्यायालय लहरपुर, सीतापुर दिनांक-14.04.2025 को बंद रहेंगे।

# सनातन सेवा संगठन की बैठक सम्पन्न



**सीतापुर।** मछरेहटा के ग्राम कन्दुवापुर पोस्ट सकरारा में प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गौतम प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद सिंह के नेतृत्व में सकरारा गांव में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें सनातन सेवा संगठन के जिला अध्यक्ष सूर्यांश शर्मा मौजूद रहे जिसमें सनातन से जुड़े विभिन्न उद्देश्यों को लेकर चर्चा हुई प् मीटिंग का पहला उद्देश्य सभी सनातनी व्यक्तियों को धर्म मजबूत बनाना है इसके साथ ही संगठन के कार्यकर्ताओं ने लोगों को गौ सेवा के प्रति जागरूक करने की बात कही । इस दौरान सनातन सेवा संगठन जिला अध्यक्ष सूर्यांश शर्मा ने कहा बहन बेटियों की रक्षा करना सभी सनातनी भाइयों को अपने धर्म ग्रंथो की तरफ वापस लौटना चाहिए । इसके साथ ही सूर्यांश शर्मा ने यह भी कहा कि हम लगातार अपने क्षेत्र में लोगों को जागरुक कर रहे हैं गो माता की सेवा कर रहे हैं । अपनी बहन बेटियों को लव जिहाद से बचा रहे हैं और सभी सनातनी भाइयों को सनातन सेवा संगठन से जोड रहे हैं ।


# अवैध तमन्चों सहित ऑटो लिफ्टर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार




**सीतापुर।** महोली कोतवाली पुलिस ने अवैध तमन्चों सहित दो मोटरसाइकिलों के साथ ऑटोलिफ्टर गिरोह के दो सदस्यों को बंदी बनाकर जेल भेजने की कार्यवाही की है। पुलिस प्रवक्ता से मिली जानकारी के अनुसार थाना महोली पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान .अंकुल मिश्रा पुत्र कमलेश मिश्रा निवासी ग्राम भिरिया थाना महोली . प्रदीप कुमार पुत्र नन्दलाल निवासी भिरियाफार्म थाना महोली जनपद सीतापुर को बड़ागांव ओबर ब्रिज अन्डर पास से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 02 चोरी की मोटरसाईकिल, 02 अदद तमंचें व 02 अदद जिंदा कारतूस बरामद हुए। 'पूछताछ में अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि बरामद दोनों मोटरसाईकिल चोरी की हुई हैं, जिनकी नम्बर प्लेट बदलकर इंजिन नंबर व चेसिस नंबर को खुरच कर मिटा दिया है। उल्लेखनीय है कि उपरोक्त दोनों अभियुक्तगण थाना महोली में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 54/2025 धारा 352६351(3)/308(5) बीएनएस में वांछित चल रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त अंकुल मिश्रा उपरोक्त शातिर एवं अभ्यस्त किस्म का अपराधी है जिसके विरूद्ध पूर्व में भी थाना महोली पर हत्या, बलवा, मारपीट, गैंगेस्टर आदि जैसे आपराधिक कृत्यों में करीब 02 दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं'। बरामद मोटरसाईकिल व अवैध शस्त्र के संबंध में थाना महोली पर मु.अ.सं. 56/25 धारा 319(2),338, 336(3),340(2),317(2) व 25(1) आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्तगण का चालान न्यायालय किया जा रहा है।

## बरेली में आयकर का छापा

# पान मसाला कारोबारी का घर सील, नोटिस चस्पा कर लौटी टीम





**बरेली।** बरेली में कर चोरी की सूचना पर आयकर टीमों ने पान मसाला कारोबारी भाइयों के आवास और गोदाम पर छापा मारा था। टीम ने खरीद-बिक्री और ट्रेडिंग आदि से जुड़े दस्तावेज खंगाले। कारोबारी रामसेवक से संपर्क नहीं होने पर टीम ने उनके घर पर सील लगाकर नोटिस चस्पा कर दिया। बरेली में पान मसाला कारोबारी भाइयों के आवास और गोदाम पर छापामारी के 24 घंटे बाद आयकर टीम बृहस्पतिवार को वापस चली गई। टीम सुबह करीब 10 बजे टीम बीडीए कॉलोनी निवासी रामसेवक के आवास पहुंची। सुबह भी परिवार का कोई सदस्य घर पर मौजूद नहीं मिला। सर्च के लिए कोई गवाह न मिलने पर टीम ने घर का एक गेट पर सील और दूसरे गेट पर नोटिस चस्पा कर दिया। नोटिस के अनुसार सील तभी खुलेगी, जब आयकर टीम मौके पर मौजूद होगी। उल्लंघन पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। बताते हैं कि क्षेत्रीय थाना प्रभारी को भी सील न टूटे, इसकी निगरानी करने के लिए कहा गया है। उन्हें भी संबंधित नोटिस की कॉपी दी है।

दूसरी ओर, पान मसाला डीलर अमित भारद्वाज के घर पर देर रात तक आयकर की टीम डटी रही। छानबीन के दौरान कारोबार संबंधी दस्तावेज जांच के लिए जब्त किए जाने की सूचना है। वहीं अमित अभी अस्पताल में ही भर्ती हैं। टीम के लौटने की सूचना पर व्यापारिक संगठन अमित का हाल जानने अस्पताल पहुंचने लगे तो कुछ बीडीए कॉलोनी की तरफ पहुंचे। जहां सील लगी देख लौट गए। राजेंद्रनगर निवासी अमित भारद्वाज और बीडीए कॉलोनी निवासी उनके बड़े भाई रामसेवक पान मसाला के डीलर हैं। बुधवार को सुबह सात बजे आयकर टीमें अमित के आवास और गोदाम पर पहुंचीं। परिजनों और कर्मचारियों के फोन जब्त कर टीम ने छानबीन शुरू की। सुबह आठ बजे एक टीम रामसेवक के आवास और गोदाम पर पहुंची। वहां ताला लगा था। पता चला कि तड़के ही परिवार महाकुंभ में स्नान करने गया है। कर चोरी की सूचना पर आयकर टीमों ने पान मसाला कारोबारी भाइयों के आवास और गोदाम पर छापा मारा था। टीम ने खरीद-बिक्री और ट्रेडिंग आदि से जुड़े दस्तावेज खंगाले। रात में दोनों भाइयों के घरों पर पुलिस का पहरा भी रहा।

# हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड 2025 की परीक्षाएं 24 फरवरी से शुरू

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकर नगर।** हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड2025 की परीक्षाएं 24 फरवरी से शुरू होगी। परीक्षाओं को शांतिपूर्ण माहौल में नकल विहीन और सुचित्रा पूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए जिला प्रशासन के साथ ही साथ शिक्षा विभाग द्वारा अपनी समस्त तैयारी पूर्ण कर ली गई हैं। यूपी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज, सद्दरपुर, अंबेडकर नगर के आडिटोरियम हॉल में जिलाधिकारी अविनाश सिंह व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार की अध्यक्षता में प्रशिक्षण शिविर एवं बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बोर्ड परीक्षाओं को लेकर समस्त जोनल, सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, सहायक केंद्र व्यवस्थापक, बाह्य केंद्र व्यवस्थापक एवं सचल दल और विभिन्न व्यवस्थाओं के प्रभारियों को उनके दायित्वों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि इस वर्ष जनपद में कुल 113 परीक्षा केंद्रों पर हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा संपन्न होगी। जिसमें हाई स्कूल के कुल 35254 तथा इंटरमीडिएट के कुल 36117 परीक्षार्थी कुल 71371 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। हाई स्कूल की परीक्षा प्रथम पाली में पूर्वाह्न 8:30 से 11:45 बजे तक तथा इंटरमीडिएट की परीक्षाएं द्वितीय पाली में अपराह्न 2:00 से 5:15 बजे तक होंगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा को सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने की दृष्टिगत समस्त परीक्षा केंद्रों को कल 5 जोन व 27 सेक्टर में विभाजित किया गया है। प्रत्येक जोन में एक-एक जोनल मजिस्ट्रेट, प्रत्येक सेक्टर में एक-एक सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ-साथ प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक-एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं एक-एक केंद्र व्यवस्थापक एवं वाह्य केंद्र व्यवस्थापक लगाए गए हैं। इसी के साथ ही 6 सचल दल बनाए गए हैं।



उन्होंने बताया कि समस्त परीक्षा केंद्रों एवं परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरे एवं वॉइस रिकॉर्डर की भी व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है।परीक्षा पर सतत निगरानी हेतु कंट्रोल रूम की स्थापना कर दी गई है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने प्रत्येक दशा में बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन एवं सूचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु ड्यूटी पर लगे समस्त मजिस्ट्रेट एवं कार्मिकों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापक सहित समस्त कर्मचारी अपनी ड्यूटी के प्रति सतर्क रहें, अपने दायित्वो का सम्यक निर्वहन करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरतें। उन्होंने समस्त मजिस्ट्रेटों एवं केंद्र व्यवस्थापकों को आपस में समन्वय स्थापित कर अपने दूरभाष नंबरों का आदान-प्रदान कर लेने तथा अपने-अपने केंद्रों का पुन: भौतिक निरीक्षण कर परीक्षा से संबंधित समस्त मूलभूत सुविधाओं यथा प्रकाश, पेयजल, साफ सफाई, डेस्क, शौचालय आदि की उपलब्धता समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी एवं वॉइस रिकॉर्डर की क्रियाशीलता को तकनीकी विशेषज्ञों के साथ आवश्यक जांच लें। उन्होंने कहा कि संवेदनशील एवं अति संवेदनशील केंद्रों पर विशेष निगरानी रखी जाए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सुचिता पूर्ण परीक्षा कराने हेतु प्रशासन पूरी तरह से कटिबद्ध है। परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही करने वाले पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा की परीक्षा से संबंधित किसी भी संदेह की जानकारी तत्काल सक्षम अधिकारी को अवश्य उपलब्ध कराएं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एवं जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा परीक्षा को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु माननीय आयोग के विभिन्न दिशा निर्देशों की मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापकों को जानकारी प्रदान की।

इसके पूर्व जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पणकर एवं दीप प्रज्वलित कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, पीडी डीआरडीए, उपनिदेशक कृषि सहित समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं ड्यूटी पर लगाए गए समस्त कार्मिक एवं केंद्र व्यवस्थापक उपस्थित रहे।

# वि वि द्वारा 50 वें स्थापना दिवस के अवसर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में दिनांक 13 फरवरी 2025 को विश्वविद्यालय के 50वें स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर साहित्य गतिविधि समिति द्वारा वर्तमान परिप्रेक्ष्य में संत कबीर की प्रासंगिकता विषय पर एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समिति के संयोजक प्रो अनूप कुमार ने बताया की इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को संत कबीर के विचारों एवं शिक्षाओं को आधुनिक संदर्भ में समझने, उनके महत्व पर विचार करने और वर्तमान समाज में उनकी प्रासंगिकता पर विमर्श करने के लिए प्रेरित करना था।उन्होंने साहित्य गतिविधि समिति के सदस्यों व सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि संत कबीर सामाजिक सौहार्द के प्रतीक माने जा सकते हैं इसलिए आज के सन्दर्भ में वे बड़े प्रासंगिक हैं। डी एस डबल्यू प्रो नीलम पाठक ने कहा कि संत कबीर ने अपने दोहों के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों, पाखंड और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई थी। उनके विचार केवल धार्मिक या दार्शनिक नहीं, बल्कि व्यावहारिक जीवन के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। बायोकेमेस्ट्री के विभागाध्यक्ष प्रो फारूख जमाल ने कहा कि वर्तमान समय में जब समाज में एकता, सहिष्णुता और नैतिक मूल्यों की आवश्यकता अधिक महसूस की जा रही है, तब कबीर के विचार हमें एक समरस समाज की ओर अग्रसर करने में सहायक हो सकते हैं। समिति के सह संयोजक डॉ सुरेंद्र मिश्रा ने विद्यार्थियों को संत कबीर के विचारों की व्यापकता को समझने और उन्हें अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। प्रतियोगिता के संचालन में डा महेन्द्र सिंह,डॉ प्रतिभा त्रिपाठी, डा प्रतिभा, रत्नेश यादव ,विनय शर्मा , दीक्षा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी । निर्णायक मंडल की सदस्या डॉ. शशि सिंह, डॉ. नीलम सिंह, डॉ. सुमन लाल द्वारा प्रतिभागियों के निबन्धों का मूल्यांकन करके प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान अर्जित करने वाले छात्र छात्राओं के नाम समिति के संयोजक को सौंपे दिये ।

# बांदा राजमार्ग में जगह जगह बन चुके जानलेवा गड्ढे की वजह से लगातार बढ़ रहे दुर्घटना

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकर नगर।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 232 टांडा - बांदा राजमार्ग में जगह जगह बन चुके जानलेवा गड्ढे की वजह से लगातार बढ़ रहे दुर्घटना और हो रही वाहनों की क्षति को गंभीरता से लेते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने गुरुवार को भारत सरकार के केंद्रीय सड़क एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को रजिस्टर्ड पत्र भेज कर टांडा बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग के पुनर्निर्माण की मांग किया है। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 232 टांडा बांदा राजमार्ग की दुर्दशा पर केंद्रीय सड़क एवं राजमार्ग मंत्री को लिखे पत्र में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने कहा है कि उक्त राजमार्ग एक दशक पुराना हो चुका है। जिसमें स्थान स्थान पर जानलेवा गड्ढे बन चुके हैं जिसके कारण आए दिन कहीं न कहीं दुर्घटनाएं होती रहती हैं। बड़ी संख्या में मार्ग दुर्घटनाओं से जन और धन की हानि हो रही है। कहा कि उक्त सड़क की स्थिति वर्तमान समय में काफी दयनीय हो चुकी है। वर्तमान समय में नेपाल राष्ट्र से उक्त सड़क मार्ग के जुड़ जाने की वजह से गाड़ियों का आवागमन भी काफी बढ़ गया है।जिसका पुनर्निर्माण कराया जाना नितांत आवश्यक हो गया है।उन्होंने केंद्रीय सड़क एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से लगातार हो रही दुर्घटनाओं से जनता को निजात दिलाने के लिए शीघ्र टांडा बांदा राजमार्ग के पुनर्निर्माण के लिए निवेदन किया है।



## अम्बेडकर नगर महोत्सव की भव्यता के गुणगान

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकर नगर।** महोत्सव की भव्यता के गुणगान महोत्सव शुरू होने से पहले ही किए जाने लगे। कौन कौन राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय कलाकार आयेंगे कौन नाचेगा कौन गाएगा इसका तो बहुत वर्णन हो रहा है। लेकिन इसके आयोजन का खर्च कौन उठा रहा है कहां से पैसा आएगा यह किसी अखबार या सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर नहीं बताया जा रहा है। अंबेडकरनगर महोत्सव के नाम पर ग्राम पंचायतों से एक मोटी रकम निर्धारित कर चंदा वसूलने का आदेश किस अधिकारी ने दिया यह कहीं नहीं छप रहा है। जबकि मुख्य खबर तो यही होनी चाहिए थी।आखिर ग्राम प्रधान और सचिव चंदे की रकम देते कहां से है।

**अयोध्या जा रहे श्रद्धालुओं से दुर्व्यवहार**

# कूरेभार एसओ के खिलाफ कार्रवाई की मांग, कांग्रेस ने दी धरने की चेतावनी

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** अयोध्या जा रहे श्रद्धालुओं से दुर्व्यवहार के मामले में कांग्रेस ने कड़ा रुख अपनाया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने गुरुवार को सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा, जिसमें कूरेभार थाने के एसओ शारदेंदु दुबे के निलंबन और जांच की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया कि 12 सालों के बाद आयोजित हो रहे इस महाकुंभ में सरकार द्वारा करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं और बड़े स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। हालांकि, जमीनी स्तर पर व्यवस्थाएं सरकार के दावों के विपरीत हैं। श्रद्धालु जाम में फंसकर परेशान हो रहे हैं और भोजन-पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है। विशेष रूप से तीन दिन पूर्व की घटना का जिक्र करते हुए कांग्रेस ने आरोप लगाया कि एसओ शारदेंदु दुबे ने ट्रैफिक नियंत्रण के नाम पर श्रद्धालुओं पर लाठीचार्ज किया, जो अंग्रेजी शासन की याद दिलाता है। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर एसओ के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई, तो पार्टी धरना प्रदर्शन करेगी। पार्टी का कहना है कि मौनी अमावस्या जैसे महत्वपूर्ण पर्व पर भगदड़ जैसी स्थिति से बचने के लिए बेहतर व्यवस्था की जरूरत है, लेकिन पुलिस का रवैया श्रद्धालुओं के प्रति संवेदनहीन है।



# उच्च न्यायालय के द्वारा दिए स्थगन आदेशों की धज्जियां उड़ाई अधिशासी अधिकारी

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकर नगर।** जनपद के नगर पंचायत असरापुर किछौछा अधिशासी अधिकारी द्वारा गठित टीम के स्थलीय परीक्षण करने के दौरान लोगों में कौतूहल का विषय बना रहा।बताते चले की नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के दरगाह में स्थित एक मस्जिद के बाउंड्री वाल को लेकर हाई कोर्ट लखनऊ बेंच तथा जिला सत्र न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश होने के बावजूद भी नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा की टीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर माप कर करने पहुंची गठित टीम ने कोर्ट के आदेशों की अवहेलना की।कोर्ट के आदेश न मानने पर लोगों में कौतूहल का विषय बना रहा। गठित टीम के साथ नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा में तैनात लिपिक, पी डब्ल्यू डी के जे ई के साथ अन्य कर्मचारी के पहुंचने पर मस्जिद ऑनर द्वारा स्थगन आदेश को दिखाया गया फिर भी माप करने पहुंची टीम ने कोर्ट के आदेशों की अवहेलना करते हुए जांच की।वही इस संदर्भ में अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा संजय जैसवार कोई स्पष्ट जवाब देने से कतराते रहे।

# रिफिलिंग के दौरान सिलिंडर फटा, तीन घायल

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकर नगर।** जनपद के जलालपुर अन्तर्गत नगपुर बाजार में गैस सिलिंडर रिफिलिंग करते समय फट गया। हादसे में तीन लोग घायल हो गए। गनीमत रही कि वहां रखे अन्य सिलिंडर में आग नहीं लगी, वरना बड़ा हादसा हो जाता। घायलों का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।नगपुर गांव के एक व्यक्ति की नगपुर बाजार में ही गैस रिफलिंग की दुकान है। मंगलवार की शाम छह बजे अहियापुर गांव के कैलाश और रामपुर कला गांव निवासी राधेश्याम गैस रिफिलिंग कराने पहुंचे थे। दुकानदार गैस रिफिलिंग करने में जुटा था। तभी तेज आवाज के साथ सिलेंडर फट गया। हादसे में कैलाश और राधेश्याम समेत वहां बैठा एक अन्य ग्रामीण घायल हो गए।आननफानन सभी को क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस की मदद से गैस रिफिलिंग करने वाले दुकानदार ने घायलों पर सुलह का दबाव बनाया, लेकिन घायल इसके लिए राजी नहीं हुए। बुधवार की देर शाम तक मान मनौव्वल का दौर जारी रहा। कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा।

**अवैध रिफिलिंग का हो रहा कारोबार :-**

जिले में अवैध रिफिलिंग का कारोबार जोरों पर है। प्रशासन, पुलिस और खाद्य आपूर्ति विभाग की नाक के नीचे घरेलू गैस सिलिंडरों से हैंडी गैस सिलिंडरों में गैस भरी जा रही है। अवैध रिफिलिंग का धंधा गैस चूल्हे व स्पेयर पार्ट बेचने वाली लगभग हर दुकान पर होता है। कई हादसे भी हो चुके हैं। इसके बाद भी पूर्ति विभाग इस पर अंकुश नहीं लगा पा रहा है। एडीएम सदानंद गुप्त ने बताया कि जिम्मेदार अधिकारियों से मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्रदास को जल समाधि दी गई

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अयोध्या।** राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्रदास को जल समाधि दी गई। उनके पार्थिव शरीर को 25-25 किलो बालू से भरी 4 बोरियों से बांधा गया। फिर सरयू की बीच धारा में शरीर को प्रवाहित कर दिया गया। आचार्य सत्येंद्रदास का बुधवार को 80 साल की उम्र में निधन हो गया था। इससे पहले, पार्थिव शरीर पालकी से लता मंगेशकर चौक होते हुए सरयू घाट लाया गया। इस दौरान उनके शिष्य प्रदीप और विजय साथ थे। पहले पार्थिव शरीर को सरयू में स्नान कराया गया। इसके बाद संत तुलसीदास घाट पर जल समाधि दी गई। दोपहर करीब 12 बजे सत्येंद्र दास का पार्थिव शरीर रथ पर रखा गया। फिर बैंड-बाजे के साथ अंतिम यात्रा शुरू हुई। इस दौरान लोगों ने फूल बरसा कर उन्हें अंतिम विदाई दी। श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते आचार्य सत्येंद्रदास की अंतिम यात्रा राम मंदिर के सामने से नहीं निकाली गई। आचार्य के अंतिम दर्शन के लिए सरयू घाट के किनारे हजारों लोग कई घंटे तक खड़े रहे। केंद्रीय मंत्री सतीश शर्मा और अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद ने भी आचार्य सत्येंद्र दास को श्रद्धांजलि दी। आचार्य सत्येंद्र दास ने बुधवार को लखनऊ क्क्तद्ध में आखिरी सांस ली। 3 फरवरी को ब्रेन हेमरेज के बाद उनको अयोध्या से लखनऊ रेफर किया गया था।अंतिम यात्रा में जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामदिनेशाचार्य, निर्वाणी अनिअखाड़ा के पूर्व श्री महंत धर्मदास, विधायक वेद गुप्ता, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, वशिष्ठ भवन के महंत राघवेश दास शामिल हुए।

## चीफ साहब को भनक भी नहीं टेंडर प्रक्रिया में लाखों के भ्रष्टाचार की बू

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकर नगर।** पीडब्ल्यूडी में सिंगल रिसीविंग टेंडर का जबरदस्त खेल सामने आया है लोक निर्माण विभाग में बड़ी गड़बड़ी सामने आने से लोक निर्माण विभाग में भूकंप आ गया है, भ्रष्टाचार की खबर सामने आने से पूरे विभाग में हलचल तेज हो गई है क्योंकि इस खेल में बड़े अफसरों की मिली भगत से कई लाखों का घोटाला करने का मामला सामने आ रहा है। खेल तो जोखिम भरा है मगर अधिकारी मालामाल होने के चक्कर में ईमान और ज़मीर दोनों बेचने पर लगे हुए हैं। क्योंकि पूरे 4 करोड़ का वर्क है, अधिकारियों से इस संबंध में सवाल पूछने से मुंह छुपाते भाग रहे हैं और इस संबंध में गोलमाल जवाब दे रहे हैं। 2019 का जिक्र कर रहे हैं अधिशासी अभियंता अश्वनी कुमार और अधीक्षण ओमप्रकाश वर्मा की ईमानदारी की पोल खुलती नजर आ रही है। जब किसी भरे मंच से योगी आदित्यनाथ की सरकार भ्रष्टाचार मुक्त होने का दावा करती है तो ऐसे अफसरों की वजह से सरकार के मुंह पर कालिख लग जाती है, और सरकार के नुमाइंदों के मुंह पर जोरदार तमाचा लगता है।

## मछुवारों को सरकार दे रही वित्तीय सहायता

**सीतापुर ।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी सहायक निदेशक मत्स्य अनूप कुमार ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में मत्स्य विभाग के अंतर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत की 23 मात्स्यिकी परियोजनाओं के लाभ से जनसामान्य को आच्छादित करने के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त करने हेतु विभागीय पोर्टल पर दिनांक 15.02.2025 तक खोला गया है।संदर्भित योजना के अंतर्गत एक नयी परियोजना भी इस वित्तीय वर्ष से संचालित की जा रही है, जिसमें मछली पकड़ने के प्रतिबंध दुर्बल अवधि के दौरान मत्स्य पालन संसाधनों के संरक्षण के लिए पिछड़े हुए सक्रिय पारंपरिक मछुआरों के परिवारों के लिए आजीविका और पोषण सम्बन्धी वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। सभी इच्छुक मछुआरों से अनुरोध है कि कृपया अधिक से अधिक आवेदन कर योजना का लाभ लेने का कष्ट करें।उक्त परियोजना में आवेदन करने हेतु लाभार्थी पूर्णकालिक सक्रिय मछुआरा होना चाहिए। साथ ही वह एक कार्यात्मक मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि0 का सदस्य हो और गरीबी रेखा से नीचे (बी0पी0एल0) हो जिसकी आयु 18 से 60 वर्ष के बीच हो।परियोजना के सम्बन्ध में अधिक जानकारी हेतु कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य, के कमरा न0 316 में किसी भी कार्य दिवस में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# यूनिवर्सिटी में किरायेदारों ने ही किराये पर चढ़ा रखी हैं कोठियां

**40 कोठी -45 दुकानों को दिया था रेंट पर**

**अलीगढ़।** सवा सौ साल पहले सर सैय्यद अहमद खां के संगठन ने एएमयू से जमीन किराये पर लेकर वहां आवास और दुकान बनाए थे। इन कोठियों को उस समय पचास से सौ रुपये के किराये पर दे दिया था। लेकिन अब उन्हीं किरायेदारों ने इन आवासों को पांच से दस हजार रुपये प्रतिमाह के किराये पर उठा रखा है। इनमें चालीस बड़ी कोठियां हैं जबकि 45 दुकानें हैं। अब इंतजामिया ने किरायेदारों को नोटिस जारी करने शुरू कर दिए हैं। इनसे कहा जा रहा है कि या तो आवास खाली करो यो फिर किराया बढ़ाओ।

एएमयू के संस्थापक सर सैयद अहमद खां ने आधुनिक शिक्षा को बढ़ाने के लिए 1886 में दि मोहम्मडन एजुकेशनल कांग्रेस की स्थापना की थी। 1890 में इस संगठन का नाम दि मोहम्मडन एजुकेशनल कांफ्रेंस किया गया। इस संगठन को सड़क किनारे की जमीन 75 रुपये के वार्षिक किराये पर दी गई। इस जमीन पर संगठन द्वारा अपना कार्यालय, 40 आवासीय भवन और 45 दुकानें बनाई गईं। भवन और दुकानों के किराये से संगठन की गतिविधियों को संचालित किया जाना था। जमीन का मालिकाना हक एएमयू और भवनों का किराया लेने की जिम्मेदारी संगठन की थी। इसी दौरान सर सैयद अहमद खां द्वारा स्थापित मोहम्मडन एंग्लो ओरियंटल कॉलेज भी चल रहा था, जो बाद में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय बना। अब इस संगठन का नाम दि ऑल इंडिया मुस्लिम एजुकेशनल कांफ्रेंस है।




एएमयू ने लगातार विस्तार किया, लेकिन देखरेख के अभाव में संगठन का कार्यालय बदहाल होकर कूड़ाघर बन गया। करोड़ों की कीमत की कोठियों और दुकानों पर लोग मामूली किराये पर काबिज हो गए। शमशाद मार्केट के रूप में यह दुकानें स्थापित हैं। आज भी इन भवनों का किराया 100 रुपये से 500 रुपये मासिक है। शमशाद मार्केट की दुकानों की आय हजारों रुपये प्रतिदिन है और बताया जाता है कि आवासों में भी एएमयू के छात्रों को किराये पर रखकर मोटी कमाई की जा रही है। प्रति माह पांच से दस हजार किराया लिया जा रहा है। सर सैयद अहमद खां द्वारा स्थापित यह संगठन ऐतिहासिक धरोहर है। भवन सौ साल पुराना है, जिसका सुंदरीकरण किया जा रहा है। इस जमीन पर बने आवासों और दुकानों का किराया बढ़ाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे संगठन के कार्यों को गति दी जा सके। एएमयू की जमीन पर बनी शमशाद मार्केट की दुकानें और आवासों का किराया संगठन रसीद काटकर वसूल करता है। नगर निगम का टैक्स संगठन जमा करता है। इस तरह मामूली किराये पर लोग एएमयू की जमीन पर बने आवास और दुकानों पर काबिज हैं। मौजूदा सर्किल रेट के अनुसार किराया बढ़ाने के लिए संगठन प्रयास कर रहा है। इसके लिए पिछले कुछ समय में कई किरायेदारों को नोटिस जारी किए गए हैं, लेकिन कई किरायेदार इस मामले को लेकर न्यायालय चले गए हैं। इस तरह किराया बढ़ाने का मामला लंबित पड़ा है।

# डॉ मक्खन मुरादाबादी की जयंती पर काव्य गोष्ठी

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जयदेव यादव ब्यूरो चीफ मुरादाबाद**

प्रख्यात साहित्यकार स्मृति शेष डॉ मक्खन मुरादाबादी की जयंती पर मुरादाबाद मंडल के साहित्य के प्रसार एवं संरक्षण को पूर्ण रूप से समर्पित संस्था साहित्यिक मुरादाबाद और राष्ट्रीय शिक्षा समिति उत्तर प्रदेश की ओर से आयोजित समारोह में कुरकावली (जनपद संभल) के वरिष्ठ साहित्यकार त्यागी अशोका कृष्णम् को डॉ मक्खन मुरादाबादी स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरूप उन्हें मान पत्र, श्रीफल,अंग वस्त्र और सम्मान राशि प्रदान की गई। सिद्धार्थ त्यागी के संयोजन में आयोजित समारोह की अध्यक्षता डॉ अजय अनुपम ने की तथा संचालन डॉ मनोज रस्तोगी ने किया। पं शंभू नाथ दुबे सरस्वती शिशु मंदिर सिविल लाइंस में वीरेंद्र सिंह बृजवासी द्वारा प्रस्तुत मां सरस्वती वंदना से आरंभ समारोह के प्रथम चरण में साहित्यकारों ने स्मृतिशेष डॉ मक्खन मुरादाबादी तथा सम्मानित साहित्यकार त्यागी अशोका कृष्णम् के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। साहित्यिक मुरादाबाद के संस्थापक डॉ मनोज रस्तोगी ने कहा सम्भल के ग्राम ततारपुर रोड में 12 फरवरी 1951 को जन्में कारेन्द्र देव त्यागी डॉ मक्खन मुरादाबादी ने जहां देशभर में हास्य व्यंग्य कवि के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की वहीं उन्होंने हिन्दी काव्य साहित्य में एक नवीन विधा अभिनव गीत को भी जन्म दिया। उनकी दो काव्य कृतियां कड़वाहट मीठी सी और गीतों के भी घर होते हैं प्रकाशित हो चुकी हैं। राजीव प्रखर ने कहा कि कुरकावली (जनपद संभल) में जन्में संभल के कुरकावली में 1 जनवरी 1962 को जन्में त्यागी अशोका कृष्णम् अपनी रचनाओं के माध्यम से सामाजिक विषमताओं पर प्रहार तो करते ही है साथ ही समस्याओं के सकारात्मक हल की ओर बढ़ने को प्रेरित भी करते हैं। उनका दोहा संग्रह %चल मनवा उस पार% प्रकाशित हो चुका है। सम्मान पत्र का वाचन मनोहर लाल शर्मा ने किया। सह संयोजक महेश चंद्र त्यागी ने मक्खन मुरादाबादी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दूसरे चरण में आयोजित काव्य गोष्ठी में अध्यक्ष डॉ अजय अनुपम ने कहा ..ज संबंधों का अर्थ किसी को क्या समझाना। बिखरा-बिखरा है सामाजिक ताना-बाना । सम्मानित साहित्यकार त्यागी अशोका कृष्णम् का कहना था... बोल बड़े अनमोल हैं, सोच-समझ कर बोल। भटके तो कृष्णम् जहर, दें रिश्तों में घोल। हमने रिश्तों में कभी, किया नहीं व्यापार। रहे उसूलों पर अडिग, जीत मिली या हार। वीरेंद्र सिंह बृजवासी ने कहा .... सबके प्यारे थे मक्खन जी। राज दुलारे थे मक्खन जी। ओंकार सिंह ओंकार ने कहा .... आज अच्छे आचरण से, लोग कतराने लगे।जो भलाई कर रहा है, काँपता थर-थर मिला। अमरोहा की कवयित्री शशि त्यागी ने कहा ...अब कहीं खेल तमाशे नज़र नहीं आते, अब ज़मीं पर सितारे नज़र नहीं आते। योगेन्द्र वर्मा व्योम ने कहा ... तकते जिसकी राह सब, मनुज-देव-गंधर्व। तन-मन पावन कर रहा, महाकुम्भ का पर्व। डॉ पूनम बंसल का गीत था .... मुस्कानों के तिलक लगा कर आंसू का सत्कार करें। दुख सुख जो भी मिलें राह में उनसे ही श्रृंगार करें। राजीव प्रखर ने कहा ...

मेरी मीठे बेर से, इतनी ही फरियाद। दे दे मुझको ढूंढ कर, शबरी-युग सा स्वाद। राहुल शर्मा ने कहा ....मियाँ सादाबयानी झूठ सी है दौरे-हाज़िर में।भले सच बोलिए लेकिन अदाकारी ज़रूरी है। ज़िया ज़मीर ने कहा ....ये जो शिद्दत से गले मुझको लगाया हुआ है । उसने माहौल बिछड़ने का बनाया हुआ है। मयंक शर्मा ने कहा ..जन्म सार्थक हो धरा पर स्वप्न हर साकार हो, हम चलें कर्तव्य पथ पर और जय जयकार हो। दुष्यन्त बाबा ने कहा ..जो रटता है राम को, उसको रटते राम। मिलता सुख बैकुंठ का, घर में चारों धाम।।

समीर तिवारी ने कहा ....चलते-चलते धूप में जलने लगते पाँव । मिलनी दुर्लभ हो गयी अब बरगद को छाँव ।।

गोष्ठी में डॉ प्रेमवती उपाध्याय, प्रत्यक्ष देव त्यागी, पल्लवी शर्मा, अक्षिमा त्यागी, सत्येंद्र धारीवाल, उमाकांत गुप्ता, डॉ कृष्ण कुमार नाज, विवेक निर्मल, नकुल त्यागी,आकर्ष त्यागी ने भी रचना पाठ किया।

इस अवसर पर जीसी जायसवाल, रामावतार त्यागी, राजीव त्यागी, प्रेम राज त्यागी, संजीव, अनुज, आशा, अंजना सिंह, अवनीश, संजीव यादव, अतीक अहमद आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। आभार संयोजक सिद्धार्थ त्यागी ने व्यक्त किया ।

# कलमकारों की आवाज दबाने में शासन प्रशासन की मिली भगत

**केसरिया हिंदुस्तान**



**रायबरेली।** प्रदेश में वर्तमान समय में पत्रकारों पर वीडियो शूट के दौरान तथा समाचारों को लेकर निरंतर हमले व दुर्व्यवहार की घटनाएं घटित हो रही हैं प्रदेश के मुख्यमंत्री के स्पष्ट आदेशों के विपरीत अप्रत्याशित रूप से इन घटनाओं में वृद्धि होने होने से शासन प्रशासन की मंशा पर अनेक सवाल उठ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आए दिन अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया जाता है कि वह पत्रकारों से सम्मानजनक व्यवहार करें किंतु इन निर्देशों के विपरीत प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा निरंतर समाज में व्याप्त अव्यवस्थाओं को उजागर करने वाले पत्रकारों की अपेक्षा करना आम हो गया है विगत कुछ दिनों में प्रशासन द्वारा समाचारों के प्रकासन को लेकर उसे विभागीय पत्रकारों की सूची से हटाना चिकित्सकों द्वारा बंधक बनाकर पीटने एवं पुलिस द्वारा साक्षी मिटाने पत्रकारों के साथ अभद्रता जैसे अनेक मामले प्रकाश में आए जिनको लेकर आक्रोशित पत्रकारों ने स्थानीय प्रशासन समेत रायबरेली प्रभारी मंत्री राकेश सचान को ज्ञापन देकर अनुशासनात्मक कार्यवाही की मांग की इतना ही नहीं सोशल मीडिया के माध्यम से शासन एवं प्रशासन के उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराया गया इसके उपरांत भी दोषी कर्मचारियों एवं अधिकारियों पर कोई कार्यवाही न होने से शासन की मंशा पर संदेह होना स्वाभाविक है हालांकि हमारे संविधान में पत्रकारों द्वारा समाचारों के संकलन में बड़ा साक्ष में मिटाने के संबंध में कड़ी कार्रवाई का प्रावधान भी दिया गया है और उच्च न्यायालय द्वारा भी उक्त विषय परआदेश जारी किए गए हैं किंतु शासन प्रशासन द्वारा ऐसे मामलों में कोई ठोस कार्यवाही न करना उच्च न्यायालय समेत संविधान का खुला उल्लंघन भी है कदाचित इसलिए अधिकारियों द्वारा आए दिन ऐसी घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है जिससे शासन प्रशासन द्वारा जारी निर्देश मात्र दिखावे तक ही सिमट कर रह जाता है ऐसी स्थिति में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है की क्या सरकार मीडिया को अपने गुड वर्क दिखाने का साधन भर समझ लिया है क्या शासन प्रशासन के इशारे पर पत्रकारों की कलम चलेगी इस संबंध में जब जिला अधिकारी रायबरेली से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनके द्वारा फोन काट दिया गया जिससे वार्ता नहीं हो सकी। रायबरेली से केसरिया हिंदुस्तान से धर्मवीर यादव की खास रिपोर्ट।

# शिव शक्ति ईंट भट्टे के मजदूर ने खाया विषाक्त ,इलाज के दौरान हुई मौत

**केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव**



**एटा।** जनपद के मिरहची थाना क्षेत्र स्थित शिव शक्ति ईंट भट्टे के मजदूर ने विषाक्त पदार्थ खा लिया जब मजूदर की हालत बिगड़ी तो सहयोगी मजदूर उसे मिरहची स्थित अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने मजदूर का उपचार कर जान बचाने का भरसक प्रयास किया लेकिन मजदूर ने दम तोड़ दिया।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।जानकारी के अनुसार मृतक जयदेव पुत्र सुकुर मांझी उम्र 58 वर्ष जनपद नवादा के गांव धनवा बिहार का रहने वाला है और मिरहची स्थित ईंट भट्टे पर मजदूरी करता है।आज प्रातः मजदूर ने चूहा मार दवा का सेवन कर लिया स्थानीय लोग मजदूर को मिरहची अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान मजदूर को मृत घोषित किया है।वही मजदूर की मौत बाद साथी मजदूरों में शोक की लहर दौड़ गई है।मामले पर थाना प्रभारी मिरहची नीता माहेश्वरी ने जानकारी देते हुए बताया घटना की सूचना अस्पताल से आए मीमो के आधार पर मिली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची शव का पंचनामा की प्रक्रिया पूर्ण कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है मामले की जांच की जा रही है।

# अवैध रूप से भूमि विक्रय किए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट करायी गयी दर्ज

## वर्ष 2007 के मृतक श्री वेद प्रकाश निवासी कुदरकोट के नाम से 13 जनवरी 2025 को फर्जी तरीके से की गयी रजिस्ट्री

**विपिन मित्तल दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

**औरैया।** जिलाधिकारी डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी ने फर्जी तरीके से मृतक व्यक्ति (श्री वेद प्रकाश निवासी कुदरकोट) को जीवित दर्शाते हुए उनके गाटा संख्या 225 रकबा 1.769 हेक्टेयर का 1/2 भाग फर्जी बैनामा किया गया जिसकी जानकारी श्री सुदेश तिवारी पुत्र स्व0 वेद प्रकाश तिवारी निवासी ग्राम कुदरकोट परगना बिधूना जनपद औरैया द्वारा आवेदन देते हुए कराए जाने पर रजिस्ट्री में अंकित गवाह आदि के रूप में दिए गए नाम श्री ज्ञान प्रकाश गुप्ता पुत्र श्री गिरीश चन्द्र निवासी नेविलगंज भरथना इटावा, अश्वनी पोरवाल पुत्र श्री सत्य प्रकाश निवासी 176 मोतीगंज भरथना इटावा, कमलेश पुत्र मिजाजीलाल निवासी नगला दुली ताखा इटावा, रवीन्द्र कुमार पुत्र सरनाम सिंह निवासी नगला राजा भरथना जनपद इटावा तथा एक अज्ञात नाम पता के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए।

सहायक महानिरीक्षक निबन्धन औरैया श्री अमिताभ कुमार ने उपरोक्त जानकारी देते हुए अवगत कराया कि उक्त प्रकरण जिलाधिकारी के संज्ञान में आने के उपरांत जांच हेतु दिए गए निर्देशों के अनुसार मामले की जांच में पाया गया कि उक्त नामित व्यक्तियों द्वारा कूट रचित (फर्जी तरीके से) प्रक्रिया अपनाते हुए मृतक श्री वेद प्रकाश जिनकी मृत्यु वर्ष 2007 में हो चुकी थी उनको जिन्दा दर्शाते हुए उनके द्वारा राजस्व ग्राम गपकापुर के गाटा संख्या 225 रकबा 1.769 का 1/2 भाग का विक्रय पत्र अधोहस्ताक्षरी के 13 जनवरी 2025 को अवकाश पर होने के दौरान प्रभारी अभय कुमार वर्मा उप निबन्धक बिधूना के सम्मुख सायं 4 से 5 बजे के मध्य रजिस्ट्री प्रपत्र प्रस्तुत किए गए। जिस पर श्री वर्मा द्वारा कार्यवाही की गयी। विक्रय रजिस्ट्री गलत/ फर्जी पाए जाने के कारण जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में दिनांक 11 फरवरी 2025 को थाना कुदरकोट में रजिस्ट्री में अंकित नामों के विरुद्ध श्री वर्मा द्वारा धारा 173 बी एन एस एस के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी जिससे अनाधिकृत रूप से रजिस्ट्री करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

# मुस्लिम एजुकेशन सोसाइटी स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से मुस्तफा अली**



**सुसनेर।** बुधवार रात मुस्लिम एजुकेशन सोसाइटी स्कूल में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में श्री दर्शन सागर स्कूल, श्री अक्षपाद स्कूल और संतोष कैथोलिक स्कूल के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। नृत्य, नाटक, गीत और अन्य कलात्मक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रंग-बिरंगी पोशाकों में सजे बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से समा बांध दिया। विद्यालय प्रबंधन ने इस अवसर पर छात्रों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन न केवल उनकी रचनात्मकता को निखारते हैं, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ाते हैं। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता फकीर मोहम्मद खान वाफू बोर्ड जिला अध्यक्ष आमिर खान राहिल विधायक प्रतिनिधि राणा चितरंजन सिंह क्षेत्रीय विधायक के निजी सहायक यशपाल सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य अर्जुन सिंह गोपालपुर पूर्व जनपद प्रतिनिधि बाबूलाल बंसिया पार्षद नईम मेव डॉक्टर एहसान मंसूरी भायू भाई पूर्व सरपंच दौरान खान नक्कू लाला सहित अन्य गणमान्य नागरिक विभिन्न स्कूलों के शिक्षक एवं भारी संख्या में महिला एवं पुरुष की उपस्थिति रही कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों द्वारा उत्साह वर्धन करने के लिए बच्चों को राशि भी दी गई कार्यक्रम संचालन मुस्लिम एजुकेशनल सोसाइटी स्कूल के अध्यक्ष रहमान खान ने किया वा आभार फकीर मोहम्मद खान ने किया।

## दहेज में बुलेट न मिलने पर पत्नी की हत्या

# गला घोंटकर मारा, फिर फांसी पर लटकाया; पति गिरफ्तार, सास-ससुर फरार

**गणेश वर्मा - ब्यूरोचीफ कौशाम्बी केसरिया हिंदुस्तान**

**कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र के डणहर गांव में दहेज की मांग को लेकर एक विवाहिता की दहेज के लिए हत्या कर दी गई।आरोपियों ने मामले को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की।लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की।मृतका की पहचान शालिनी के रूप में हुई है।जिसकी शादी एक साल पहले पिंटू पटेल से हुई थी। मृतका के पिता सुखलाल ने बताया कि उन्होंने अपनी हैसियत के अनुसार बेटी को दहेज देकर विदा किया था।शादी के कुछ समय बाद ससुरालवालों ने अतिरिक्त दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल की मांग करने लगे।जब यह मांग पूरी नहीं हुई तो शालिनी को प्रताड़ित किया जाने लगा। इस दौरान शालिनी ने एक बेटी को जन्म दिया। जिसके बाद प्रताड़ना और बढ़ गई।8 फरवरी 2025 को ससुरालवालों ने शालिनी की गला घोंटकर हत्या कर दी।मामले को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फांसी के फंदे पर लटका दिया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने मृतका के पिता की शिकायत पर दहेज हत्या का मामला दर्ज किया। एसपी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी पति पिंटू पटेल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जबकि फरार सास-ससुर की तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है।

# होलिका की जगह को लेकर के हुआ खूनी संघर्ष एक युवक के लगी गोली दो महिलाएं घायल

**केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव**



**एटा।** जनपद के मिरहची थाना क्षेत्र में होली रखने के स्थान को लेकर के हुआ खूनी संघर्ष विवाद में गंभीर रूप ले लिया है नगला घसिया में देर रात हुई घटना में एक युवक के गोली लग गई जबकि दो महिलाएं मारपीट में घायल हो गई हैं घटना की जानकारी के अनुसार किशोरी लाल का भतीजा अनिल कुमार अपनी मां के साथ देर रात खेत से घर पर लौट रहा था वह रमेश के घर के सामने होली के लिए लकड़ी रखने गया जिस पर रमेश पुत्र पातिराम ने विरोध किया विवाद इतना बढ़ गया कि रमेश ने फायरिंग कर दी जिसमें अनिल के हाथ में गोली लग गई इसी दौरान आरोपी की पत्नी ने अनिल की मां रामा देवी के सर में डंडा मार दिया इस मारपीट में आरोपी की पत्नी भी घायल हो गई है सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मिरहची नीता माहेश्वरी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची सभी घायलों को वीरांगना अवंती बाई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां पर उनका इलाज चल रहा है पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी और उसकी पत्नी के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी आरोपी अभी मौके से फरार है।

# देशी शराब के साथ दो गिरफ्तार - केस दर्ज

**कौशाम्बी - केसरिया हिंदुस्तान**



**कौशाम्बी।** करारी बुधवार की देर शाम करारी पुलिस ने 15 लीटर अवैध देशी शराब और 24 पाउच देशी शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने शराब बरामद करते हुए दोनों पर केस दर्ज करके निजी मुचलके पर जमानत दे दिया है। करारी थाना प्रभारी विनीत सिंह के द्वारा गठित टीम के उप निरीक्षक नीरज सिंह, आरक्षी योगेश,रितेश ने बुधवार की देर शाम सालेपुर मोड के समीप कंधई पुत्र बासदेव सरोज निवासी गुवारा तैयबपुर को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके कब्जे से 15 लीटर अवैध देशी शराब बरामद किया है।पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज कर निजी मुचलके पर जमानत दे दिया है।इसी तरह अर्का फतेहपुर चौकी इंचार्ज चंदन सिंह, आरक्षी राजन राम ने बुधवार की देर शाम सचवारा गांव की रहने वाली सुमित्रा पत्नी स्वर्गीय केशन सरोज को दो सौ एमएल की 24 पाउच देशी विंडीज लाइम शराब के साथ गिरफ्तार किया है।पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज कर निजी मुचलके पर जमानत दे दिया है।

# घरेलू विवाद में युवक को पीटा - केस दर्ज

**केसरिया हिंदुस्तान - कौशाम्बी**

**करारी।** क्षेत्र के पट्टीपर गांव के रहने वाले हरिश्चंद्र सोनी ने करारी थाना में शिकायती पत्र देकर अपने पिता,भाई बहन,बहनोई पर केस दर्ज कराया है।उसने बताया कि बुधवार की देर शाम घरेलू शिकायत को लेकर वह अपने मा से बात कर रहा था।इस दौरान यह शिकायत उसके पिता,भाई,बहन और बहनोई को बुरी लग गई।उक्त सभी ने एक राय होकर उसे लाठी डंडों से जमकर पीट दिया।साथ ही कहीं भी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दिया है।मारपीट से हरिश्चंद को गंभीर चोटें आई हैं।मामले की शिकायती पत्र गुरुवार को पीड़ित ने करारी थाना में देकर करवाई की मांग किया है।

# अध्यात्म शक्ति की मदद, व जीवन में सत्संग से नशा छोड़ना सहज हो जाता है

**श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में सामाजिक न्याय विभाग के तत्वाधान में ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सहयोग से विजयपुर क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से नशा मुक्त भारत अभियान जारी है तथा प्रत्येक दिन विजयपुर क्षेत्र के अलग-अलग सार्वजनिक स्थलों से नशा मुक्त भारत अभियान की शुरूआत करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में नशा मुक्ति यात्रा प्रस्थान करती है। इसी क्रम में आज गुरुवार को पुलिस थाना परिसर विजयपुर से अभियान की शुरुआत की गई। अभियान प्रभारी बीके शशि बहन द्वारा सभी को संगठन योग कराया गया। ब्रह्माकुमारी दीदी ने कहा की आध्यात्मिक ज्ञान की शक्ति से तथा जीवन में सत्संग के होने से व्यक्ति किसी भी प्रकार का नशा छोड़ सकता है, तथा कहा कि किसी भी प्रकार का स्थुल नशा या सूक्ष्म नशा हम, हमारी कर्म इंद्रियों के माध्यम से करते हैं तथा धीरे-धीरे हमारी कर्म इंद्रियों को नशे की आदत या लत लग जाती है तथा नशा नहीं मिलने पर व्यक्ति बेचैन हो जाता है, तथा कष्ट भोगता है, वह नशे को प्राप्त करने के लिए कुछ भी करने को तैयार हो जाता है, जो उसके परिवार और उसके स्वास्थ्य के लिए तो खतरनाक होता ही है साथ ही समाज और देश के लिए भी बहुत नुकसान कारक बन जाता है इसलिए ज्ञान और योग के माध्यम से हम हमारी कर्म इन्द्रियों को अपने नियंत्रण में कर सकते है। परमात्मा की याद की शक्ति, विल पावर बढ़ा कर आत्मा को शक्तिशाली बना सकते हैं,ज्ञान योग से,सत्संग से हमारा मन भी मजबूत होता है जिससे हम किसी भी प्रकार के नशे को ना कहने का साहस आ जाता है, और धीरे-धीरे हम किसी भी प्रकार के नशे को हमेशा के लिए छोड़ सकते हैं।

बरेली में आयकर का छापा

# पान मसाला कारोबारी का घर सील, नोटिस चस्पा कर लौटी टीम

**बरेली।** बरेली में कर चोरी की सूचना पर आयकर टीमों ने पान मसाला कारोबारी भाइयों के आवास और गोदाम पर छापा मारा था। टीम ने खरीद-बिक्री और ट्रेडिंग आदि से जुड़े दस्तावेज खंगाले। कारोबारी रामसेवक से संपर्क नहीं होने पर टीम ने उनके घर पर सील लगाकर नोटिस चस्पा कर दिया। बरेली में पान मसाला कारोबारी भाइयों के आवास और गोदाम पर छापामारी के 24 घंटे बाद आयकर टीम बृहस्पतिवार को वापस चली गई। टीम सुबह करीब 10 बजे टीम बीडीए कॉलोनी निवासी रामसेवक के आवास पहुंची। सुबह भी परिवार का कोई सदस्य घर पर मौजूद नहीं मिला।



सर्च के लिए कोई गवाह न मिलने पर टीम ने घर का एक गेट पर सील और दूसरे गेट पर नोटिस चस्पा कर दिया। नोटिस के अनुसार सील तभी खुलेगी, जब आयकर टीम मौके पर मौजूद होगी। उल्लंघन पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। बताते हैं कि क्षेत्रीय थाना प्रभारी को भी सील न टूटे, इसकी निगरानी करने के लिए कहा गया है। उन्हें भी संबंधित नोटिस की कॉपी दी है।

दूसरी ओर, पान मसाला डीलर अमित भारद्वाज के घर पर देर रात तक आयकर की टीम डटी रही। छानबीन के दौरान कारोबार संबंधी दस्तावेज जांच के लिए जब्त किए जाने की सूचना है। वहीं अमित अभी अस्पताल में ही भर्ती हैं। टीम के लौटने की सूचना पर व्यापारिक संगठन अमित का हाल जानने अस्पताल पहुंचने लगे तो कुछ बीडीए कॉलोनी की तरफ पहुंचे। जहां सील लगी देख लौट गए। राजेंद्रनगर निवासी अमित भारद्वाज और बीडीए कॉलोनी निवासी उनके बड़े भाई रामसेवक पान मसाला के डीलर हैं। बुधवार को सुबह सात बजे आयकर टीमें अमित के आवास और गोदाम पर पहुंचीं। परिजनों और कर्मचारियों के फोन जब्त कर टीम ने छानबीन शुरू की। सुबह आठ बजे एक टीम रामसेवक के आवास और गोदाम पर पहुंची। वहां ताला लगा था। पता चला कि तड़के ही परिवार महाकुंभ में स्नान करने गया है। कर चोरी की सूचना पर आयकर टीमों ने पान मसाला कारोबारी भाइयों के आवास और गोदाम पर छापा मारा था। टीम ने खरीद-बिक्री और ट्रेडिंग आदि से जुड़े दस्तावेज खंगाले। रात में दोनों भाइयों के घरों पर पुलिस का पहरा भी रहा। बृहस्पतिवार सुबह तक रामसेवक से टीम का संपर्क नहीं हुआ। इस पर टीम ने घर सील कर नोटिस चस्पा कर दिया।

# भाई की गंदी नजर...तीन छात्राओं संग करता रहा घिनौना काम, मामला सुनकर पुलिस भी रह गई सन्न



**एटा।** एटा के रिजोर थाना क्षेत्र में एक शर्मनाक मामला सामने आया है। तीन किशोरियों को अकेले में ले जाकर उनका भाई ही अश्लील हरकतें करता था। स्कूल में मिशन शक्ति के तहत पहुंची महिला आरक्षी को किशोरियों ने आपबीती बताई। इसके बाद दूसरे भाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई और आरोपी को जेल भेजा गया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी तीन बहनें एक स्कूल में पढ़ती हैं। यहां पिछले दिनों मिशन शक्ति के तहत शिविर लगाया गया। महिला आरक्षियों ने छात्राओं को विभिन्न जानकारियां देकर जागरूक किया। साथ ही सभी को संदेश दिया कि अपने प्रति हो रहे अपराधों पर चुप न रहें, खुलकर इसका विरोध और शिकायत करें। इससे किशोरियों में कुछ हिम्मत आई और उन्होंने महिला आरक्षी को अपने साथ हो रही ज्यादती सुनाई। किशोरियों ने बताया कि अक्सर हमारा भाई हम लोगों को अकेले कमरे में ले जाता है और गलत हरकतें करता है। यह सुनकर आरक्षी भी सन्न रह गई और अपने आला अफसरों को मामले की जानकारी दी।

इस आधार पर किशोरियों के बयान लिए गए और जांच-पड़ताल की गई। प्रथम दृष्ट्या सच्चाई पाए जाने पर परिवार वालों ने भी इस मामले की गंभीरता समझी। दूसरे भाई ने आरोपी भाई के खिलाफ बहनों से मारपीट-छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना प्रभारी जेपी अशोक ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद बुधवार को जेल भेज दिया गया है। मामला छेड़छाड़ से भी आगे बढ़कर हो सकता है। इसकी आशंका को मद्देनजर रखते हुए पुलिस ने तीनों पीड़ित किशोरियों का चिकित्सकीय परीक्षण कराने की तैयारी की, लेकिन सबसे बड़ी बहन ने इसके लिए मना कर दिया। छोटी बहनों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया जा रहा है। सीओ सकीट कृष्ण मुरारी दोहरे ने बताया कि मामला संज्ञान में आने के बाद गंभीरता से जांच व कार्रवाई की गई।

## आजम खान से मिलने पहुंचे पत्नी-बेटा

**सीतापुर।** सीतापुर जेल में बंद वरिष्ठ सपा नेता आजम खान से बुधवार को उनकी पत्नी तंजीन फातिमा और बेटे अदीब आजम ने मुलाकात की। पत्नी और बेटे ने उनसे 1 घंटे 23 मिनट तक बातचीत की। यह मुलाकात दो महीने के लंबे अंतराल के बाद हुई है। आखिरी बार दिसंबर महीने में परिवार ने आजम से मुलाकात की थी। जेल प्रशासन की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार, दोपहर 12 बजे ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के बाद दोनों को जेल में एंट्री की इजाजत मिली। जेल में मुलाकात की नई व्यवस्था में पहले ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी है। इसी व्यवस्था का पालन करते हुए तंजीन फातिमा और अदीब आजम ने आजम से मुलाकात की। मुलाकात कर जेल से बाहर आने के बाद आबिद ने कहा- मेरे पिता का स्वास्थ्य ठीक है। जेल में उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत नहीं है। लेकिन, जेल तो जेल होती है। उसमें आराम क्या और दिक्कत क्या? सत्य परेशान तो हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं हो सकता।

# कल से चार दिनों में बनेंगे चार विश्व रिकॉर्ड, 10 किमी की सफाई से हाथ के छापे तक बनेंगे ये कीर्तिमान

**प्रयागराज।** कल से चार दिनों में चार विश्व रिकॉर्ड बनेंगे। सफाई अभियान से ई-रिक्शा संचालन तक ये कीर्तिमान बनेंगे। मेला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम प्रयागराज पहुंच गई है। माघी पूर्णिमा स्नान के साथ अब विश्व रिकॉर्ड बनाए जाने की तैयारी शुरू हो गई है। इसके लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम भी यहां पहुंच चुकी है। मेला प्रशासन भी इसके लिए कमर कसकर तैयार है।



विश्व की अमूर्त धरोहर महाकुंभ में अभी तक 48 करोड़ से अधिक लोग स्नान कर चुके हैं। यह दुनिया का सबसे बड़ा समागम पहले ही बन चुका है। मेला प्रशासन ने अब पहले से घोषित चार विश्व रिकॉर्ड बनाने की योजना पर अमल शुरू कर दिया है। शुक्रवार से इसकी शुरुआत होगी। पहले दिन 14 फरवरी को संगम क्षेत्र में 15 हजार सफाई कर्मचारी एक साथ गंगा तट पर 10 किमी लंबाई में सफाई करेंगे। कुंभ-2019 में 10 हजार सफाई कर्मचारियों ने एक साथ झाड़ू लगाकर रिकॉर्ड बनाया था। अपने ही इस रिकॉर्ड को तोड़कर मील का नया पत्थर गढ़ा जाना है। इसके अगले दिन 15 फरवरी को 300 कर्मचारी नदी में उतरकर सफाई अभियान को रफ्तार देंगे। रिकॉर्ड की शृंखला में ही 16 फरवरी को त्रिवेणी मार्ग पर 1000 ई-रिक्शा चलाने का रिकॉर्ड भी बनेगा।

17 फरवरी को 10 हजार लोगों के हाथ के छापे (हैंड प्रिंट) लेने का रिकॉर्ड भी बनाया जाएगा। मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने बताया कि चारों रिकॉर्ड बनाने की सभी तैयारियां कर ली गई हैं। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम भी पहुंच चुकी है। उन्हीं की देखरेख में प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

प्रयाग में 2019 के कुंभ में भी तीन रिकॉर्ड बने थे, जिन्हें गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में रखा गया है। इनमें 500 से अधिक शटल बसें चलाकर सबसे बड़ी यातायात व्यवस्था का संचालन संबंधी रिकॉर्ड बना था। दूसरा रिकॉर्ड 10,000 सफाई कर्मियों को लगाकर सबसे बड़ी स्वच्छता और अपशिष्ट निपटान व्यवस्था से जुड़ा है। तीसरा, 7,500 लोगों के हैंड प्रिंट लेने का था। हैंडप्रिंट और सफाई व्यवस्था से जुड़े अपने ही दो रिकॉर्ड तोड़कर इस बार नया पड़ाव हासिल किया जाना है।

# बाराबंकी में 19वें दिन डायवर्जन जारी, यात्रियों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं



**लखनऊ।** बाराबंकी जिले में 19वें दिन भी डायवर्जन होने से यात्रियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर वाहनों का डायवर्जन होने से यात्री परेशान हैं। बाराबंकी शहर के चौपुला चौराहे पर लगातार 19वें दिन भी यातायात डायवर्जन जारी रहने से यात्रियों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। बुधवार को माघ पूर्णिमा के चलते अयोध्या में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सख्ती की जा रही है। लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर पुलिस द्वारा वाहनों को रामनगर-बहराइच हाईवे और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की ओर मोड़ दिया गया जिससे यात्रियों को लंबी दूरी तय करनी पड़ी। शहर के नए बस स्टेशन के पास रामनगर तिराहे के निकट भी शहर से चौपुला की ओर जाने वाले वाहनों को पूरी तरीके से बंद कर दिया गया। जिसके चलते बाराबंकी में यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है। लखनऊ से अयोध्या जाने वाले यात्रियों को रामनगर होते हुए बहराइच हाईवे या पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के जरिए सफर तय करना पड़ रहा है। इससे उनका सफर सामान्य से काफी लंबा हो गया है। यात्रियों का कहना है कि अयोध्या और गोरखपुर के लिए बस या फिर अन्य कोई साधन नहीं मिल पा रहा है जिससे गंतव्य को जाने में यात्रियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

# अयोध्या को जल्द मिलेगी ड्रग वेयर हाउस की सौगात, सीएचसी और पीएचसी में दवाओं की होगी सीधी आपूर्ति

**अयोध्या।** अयोध्या को जल्द ही ड्रग वेयर हाउस की सौगात मिलेगी। आसपास की सीएचसी और पीएचसी में दवाओं की सीधी आपूर्ति होगी। रामनगरी अयोध्या को जल्द ही ड्रग वेयर हाउस की सौगात मिलने वाली है। 9.18 करोड़ रुपये की लागत से बीकापुर में इसका निर्माण हो रहा है। मार्च के बाद इसका संचालन शुरू कर दिया जाएगा। इसके निर्माण से क्षेत्र में दवाइयों की उपलब्धता बढ़ जाएगी। आसपास के सीएचसी और पीएचसी में दवाओं की सीधी आपूर्ति हो सकेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के हर जिले में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए ड्रग वेयर हाउस बनाया जा रहा है। इस व्यवस्था से जनपद स्तर तक दवाओं की किल्लत समाप्त होगी।



अयोध्या में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना के अंतर्गत आवास विकास परिषद की ओर से बीकापुर में ड्रग वेयर हाउस निर्माण कराया जा रहा है। यह दो तल का है। इसमें गोदाम व कार्यालय के साथ कोल्ड चेन कक्ष भी शामिल है।

ड्रग वेयर हाउस का निर्माण मार्च 2023 में शुरू किया गया था। दिसंबर 2024 तक इसे पूरा करने का लक्ष्य था। हालांकि अब डेडलाइन मार्च 2025 कर दी गई है। स्वास्थ्य विभाग के जेई एसबी सिंह ने बताया कि मार्च के अंत तक कार्य के पूरा होने की संभावना है। ड्रग वेयर हाउस का निर्माण कार्य लगभग 95 फीसदी पूरा हो गया है। इसका संचालन सीधे मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से होगा।

# यूनिवर्सिटी में किरायेदारों ने ही किराये पर चढ़ा रखी हैं कोठियां

40 कोठी -45 दुकानों को दिया था रेंट पर

**अलीगढ़।** सवा सौ साल पहले सर सैय्यद अहमद खां के संगठन ने एएमयू से जमीन किराये पर लेकर वहां आवास और दुकान बनाए थे। इन कोठियों को उस समय पचास से सौ रुपये के किराये पर दे दिया था। लेकिन अब उन्हीं किरायेदारों ने इन आवासों को पांच से दस हजार रुपये प्रतिमाह के किराये पर उठा रखा है। इनमें चालीस बड़ी कोठियां हैं जबकि 45 दुकानें हैं। अब इंतजामिया ने किरायेदारों को नोटिस जारी करने शुरू कर दिए हैं। इनसे कहा जा रहा है कि या तो आवास खाली करो यो फिर किराया बढ़ाओ।

एएमयू के संस्थापक सर सैयद अहमद खां ने आधुनिक शिक्षा को बढ़ाने के लिए 1886 में दि मोहम्मडन एजुकेशनल कांग्रेस की स्थापना की थी। 1890 में इस




संगठन का नाम दि मोहम्मडन एजुकेशनल कांफ्रेंस किया गया। इस संगठन को सड़क किनारे की जमीन 75 रुपये के वार्षिक किराये पर दी गई। इस जमीन पर संगठन द्वारा अपना कार्यालय, 40 आवासीय भवन और 45 दुकानें बनाई गईं। भवन और दुकानों के किराये से संगठन की गतिविधियों को संचालित किया जाना था। जमीन का मालिकाना हक एएमयू और भवनों का किराया लेने की जिम्मेदारी संगठन की थी। इसी दौरान सर सैयद अहमद खां द्वारा स्थापित मोहम्मडन एंग्लो ओरियंटल कॉलेज भी चल रहा था, जो बाद में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय बना। अब इस संगठन का नाम दि ऑल इंडिया मुस्लिम एजुकेशनल कांफ्रेंस है। एएमयू ने लगातार विस्तार किया, लेकिन देखरेख के अभाव में संगठन का कार्यालय बदहाल होकर कूड़ाघर बन गया। करोड़ों की कीमत की कोठियों और दुकानों पर लोग मामूली किराये पर काबिज हो गए। शमशाद मार्केट के रूप में यह दुकानें स्थापित हैं। आज भी इन भवनों का किराया 100 रुपये से 500 रुपये मासिक है। शमशाद मार्केट की दुकानों की आय हजारों रुपये प्रतिदिन है और बताया जाता है कि आवासों में भी एएमयू के छात्रों को किराये पर रखकर मोटी कमाई की जा रही है। प्रति माह पांच से दस हजार किराया लिया जा रहा है। सर सैयद अहमद खां द्वारा स्थापित यह संगठन ऐतिहासिक धरोहर है। भवन सौ साल पुराना है, जिसका सुंदरीकरण किया जा रहा है। इस जमीन पर बने आवासों और दुकानों का किराया बढ़ाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे संगठन के कार्यों को गति दी जा सके। एएमयू की जमीन पर बनी शमशाद मार्केट की दुकानें और आवासों का किराया संगठन रसीद काटकर वसूल करता है। नगर निगम का टैक्स संगठन जमा करता है। इस तरह मामूली किराये पर लोग एएमयू की जमीन पर बने आवास और दुकानों पर काबिज हैं।

मौजूदा सर्किल रेट के अनुसार किराया बढ़ाने के लिए संगठन प्रयास कर रहा है। इसके लिए पिछले कुछ समय में कई किरायेदारों को नोटिस जारी किए गए हैं, लेकिन कई किरायेदार इस मामले को लेकर न्यायालय चले गए हैं। इस तरह किराया बढ़ाने का मामला लंबित पड़ा है।

## नोएडा की एक कंपनी में किया सुसाइड

**नोएडा।** थाना फेस- वन क्षेत्र के सेक्टर 9 में स्थित एक कंपनी में काम करने वाले युवक ने गुरुवार सुबह को कंपनी के अंदर बाथरूम में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया है। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस कंपनी के लोगों पूछताछ कर रही है। थाना फेस -वन के प्रभारी निरीक्षक अमित भड़ाना ने बताया कि दीप उम्र 32 साल सेक्टर 9 स्थित एक कंपनी में काम करता था। आज सुबह को पुलिस को सूचना मिली कि उसने कंपनी के अंदर पंखे से फंदा लगा लिया है। कंपनी का नाम ऑफशूट है। बताया गया कि दीप इस कंपनी में टीम लीडर था। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब जांच की तो पता चला कि युवक की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस कंपनी के एक अधिकारी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि युवक ने आत्महत्या क्यों की। वहीं आसपास के क्षेत्र में यह चर्चा है कि युवक की हत्या की गई है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

# कुशीनगर में ट्रक में घुसा ऑटो, 4 की मौत टक्कर इतनी तेज कि अंदर बैठे लोग 5 फीट दूर गिरे

**कुशीनगर।** कुशीनगर में तेज रफ्तार ऑटो पीछे से ट्रक में घुस गया। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। 4 गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ऑटो सवार बिहार के वाल्मीकि नगर के मदनपुर मंदिर में दर्शन करने गए थे। गुरुवार सुबह वहां से लौट रहे थे, तभी कप्तानगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मथौली में हादसा हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो बुरी तरह पिचक गया। लोग छिटककर 5 फीट दूर सड़क पर गिर पड़े। किसी का हाथ टूट गया तो किसी का सिर फट गया। कई लोग ऑटो में ही फंस गए थे। स्थानीय लोगों ने किसी तरह उन्हें बाहर निकाला। पुलिस के मुताबिक, ऑटो सवार सभी लोग कुशीनगर के हाटा के रहने वाले हैं। बुधवार को वे ट्रेन से बिहार के वाल्मीकि नगर के मदनपुर मंदिर



गए थे, जहां उन्होंने पूजा-अर्चना की। इसके बाद गुरुवार सुबह 4 बजे वे ट्रेन से कप्तानगंज रेलवे स्टेशन पहुंचे। वहां से ऑटो बुक कर घर लौट रहे थे। रास्ते में मथौली में किसान इंटर कॉलेज के पास ऑटो चालक को झपकी आ गई, जिससे वह ऑटो को संभाल नहीं पाया। ऑटो सीधे ट्रक में जा घुसा। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग दौड़कर घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस एंबुलेंस के साथ मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भेजा।

# मुरादाबाद के सिनटेक्स गोदाम में भीषण आग 5 किमी से धुआं दिख रहा

सड़क पर जाम; डीएम-एसएसपी ने 150 घरों को खाली कराया

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में सिनटेक्स कंपनी के गोदाम में भीषण आग लग गई है। पानी के टैंक और क्क्क्ष्ट पाइपों में शार्ट सर्किट की वजह से आग भड़कना बताया जा रहा है। गुरुवार दोपहर 3 बजे अग्निकांड की जानकारी हुई। इसका धुआं 5 चद्व दूर से भी दिख रहा है। 6 अग्निशमन गाड़ियां आग बुझाने में लगी हैं। छरू-स्स्क्क खुद मौके पर हैं, 150 घरों को खाली कराया जा रहा है। दरअसल, कटघर के हनुमान मूर्ति चौराहा के पास सिनटेक्स कंपनी का गोदाम है। यहां प्लास्टिक के आइटम की बड़ी स्टोरेज थी। आग भड़कने के बाद पीतल बस्ती को जाने वाले रास्ते को बंद कर दिया गया है, ताकि रोड पर चलने वाले आग की चपेट में न आ जाएं। आसपास के दो-तीन घरों तक आग फैल गई है। पुलिस आसपास के इलाके को खाली करने के लिए अनाउंसमेंट किया है। एम्बुलेंस भी मौके पर बुलाई गई है। ऐसा बताया जा रहा है कि कुछ लोग आग की चपेट में आकर झुलसे हैं। इस गोदाम के



मालिक सनी दुबे बताए जा रहे हैं। आग से कितना नुकसान हुआ है, ये अभी क्लियर नहीं हुआ है। चूंकि यह गोदाम रिहायशी इलाके में बना हुआ था। इसलिए अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने आस-पास के घरों की छत पर चढ़कर पानी की बौछार डालना शुरू किया। ड्रोन से लगातार मानिटरिंग की जा रही है।

अंदर प्लास्टिक का सामान भरा हुआ है, बार-बार आग भड़क रही है। अधिकारियों का दावा है कि काफी हद तक आग पर काबू पा लिया गया है। एक महिला वंदना शर्मा ने फायर फाइटर्स को बताया कि उनका भाई अखिल श्रोत्रिय इस गोदाम में फंसा हुआ है। वह इस गोदाम में अकाउंटेंट है। वंदना की बातों को सुनकर फायर फाइटर नए सिरे से सर्च ऑपरेशन चला रहा है, ताकि अखिल को बचाया जा सके। गोदाम के अंदर प्लास्टिक के आइटम की स्टोरेज थी। जलने की वजह से 1 किमी के एरिया में सांस लेना मुश्किल हो रहा है। हर तरफ धुआं ही धुआं फैल गया है।